नई दिल्ली

नई दिल्ली, सोमवार 4 नवंबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 23, अंक : 228
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 29.2
न्यून. 17.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



11 डे-नाइट टेस्ट के लिए राजी हो गए कोहली




## हल्की बारिश से थी राहत की उम्मीद, उल्टा बढ़ा राजधानी का प्रदूषण

### पीएम 2.5 का स्तर 600 पार, 32 विमानों को किया डायवर्ट

# धुएं से दम तोड़ रही दिल्ली में आज से ऑड-ईवन योजना की कवायद

प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। जहां दिल्ली के बाद अब गुड़गांव, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद ने भी 5 नवंबर तक स्कूलों की छुट्टी कर दी है। वहीं केंद्र सरकार भी इस पूरे मामले पर सक्रिय हो गई है। हवाईअड्डे पर विमान परिचालन में बाधा आई और यहां आने वाली 32 उड़ानों को धुंध के चलते अन्यत्र भेज दिया गया।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण के बाद अब बढ़ती धुंध ने एयर ट्रैफिक को गिरफ्त में ले लिया है। इसके साथ ही हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 का लेवल लगातार बढ़ रहा है। रविवार को एयर क्वॉलिटी इंडेक्स में पीएम 2.5 का स्तर 600 पार पहुंच गया। शहर के अनेक हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों में शून्य दशमलव तीन मिलीमीटर हल्की बारिश हुई जिससे हवा में मौजूद खतरनाक वायु प्रदूषकों का स्तर कुछ कम हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत दर्ज की गई।

वहीं प्रदूषण के कारण हवाईअड्डे पर विमान परिचालन में बाधा आई और यहां आने वाली 32 उड़ानों को धुंध के चलते अन्यत्र भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन उड़ानों को अमृतसर, जयपुर, मुम्बई और लखनऊ भेज दिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि दिल्ली हवाईअड्डे पर धुंध के चलते उसने सुबह नौ बजे से अपनी 12 उड़ानें अन्यत्र भेजी हैं। दिल्ली-एनसीआर में मौसम को देखते हुए डॉक्टरों ने भी हृदय, सांस, दमा जैसी बीमारियों के मरीज के लिए हिदायत दी है। प्रदूषण के खतरनाक स्तर के चलते बड़ी संख्या में लोगों ने सुबह की सैर और बच्चों ने शाम को खेलकूद बंद कर रखा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले हफ्ते दिल्ली-एनसीआर पर मौसम मेहरबान रहेगा। इस दौरान प्रदूषण से काफी राहत मिलेगी। इस पूरे हफ्ते तेज हवाएं चलती रहेंगी और बीच-बीच में हल्की बारिश भी होती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार इसकी वजह से अब आने वाले समय में कोहरा बढ़ेगा।




### दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में स्कूल बंद

जहां प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार पहले ही 5 नवंबर तक स्कूलों को बंद करने का ऐलान कर चुकी हैं। वहीं नोएडा-गाजियाबाद और फरीदाबाद-गुड़गांव प्रशासन ने भी 5 नवंबर तक स्कूल बंद करने की घोषणा कर दी है। एनसीआर के सभी शहरों में यह आदेश 12वीं तक के स्कूलों पर लागू होता है।

### सड़क पर वाहन चलाने से पहले जांच लें नंबर

आप दिल्ली या दिल्ली से बाहर के हैं और आज राजधानी की सड़क पर अपना वाहन चलाने वाले हैं तो पहले अपने वाहन के नंबर की जांच जरूर करें। कहीं, ऐसा न हो कि आपको चार हजार रुपये जुर्माना देना पड़े। बता दें कि प्रदूषण को लेकर आज 4 नवम्बर से दिल्ली में ऑड-ईवन योजना शुरू हो रही है जो कि आगामी 15 नवम्बर तक चलेगी। इसके दायरे में दूसरे राज्यों से आने वाले वाहन भी होंगे। इस योजना के तहत महीने के ऑड (विषम) अंक यानि 1, 3, 5, 7, 9 और 11 वाले वाहन ऑड दिन की तारीख पर दिल्ली की सड़कों पर चलेगें। वहीं, आपके वाहन के नंबर का आखिरी अंक ईवन (सम) 0, 2, 4, 6, 8 है तो आज आप 4, 6, 8, 10, 12, 14 नवम्बर को अपना वाहन दिल्ली की सड़कों पर चला सकते हैं। वहीं अगर आपके वाहन के नंबर का अंतिम अंक 1, 3, 5, 7, 9 है तो आप 5, 7, 9, 11, 13 और 15 नंबर को दिल्ली में वाहन चला सकते हैं। यह नियम सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लागू रहेगा। महिलाओं और दोपहिया वाहनों को छूट रहेगी।

### पीएमओ और कैबिनेट सचिव ने बुलाई बैठक



प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव और कैबिनेट सचिव ने रविवार देर शाम उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में दिल्ली के अधिकरियों के अलावा पंजाब और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये हिस्सा लेंगे। पीएम के प्रमुख सचिव पी के मिश्रा और कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अगुवाई में होने वाली बैठक में दिल्ली के वायु प्रदूषण के संकट से निपटने के लिये किये जा रहे उपायों की समीक्षा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली और आसपास के शहरों में रविवार को वायु प्रदूषण के स्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी होनो के बाद केन्द्र सरकार को इस मामले में उच्च स्तर पर दखल देना पड़ा है।

### 'प्रदूषण के मुद्दे का राजनीतिकरण न करें'



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रदूषण के मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील करते हुए, पड़ोसी राज्यों और केंद्र से साथ बैठकर पराली जलाने को रोकने के उपायों पर विमर्श करने को कहा। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार आरोप-प्रत्यारोप में नहीं पड़ी है, बल्कि पराली जलाने से हो रहे प्रदूषण के समाधान को तलाश रही है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि इस मामले का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। दिल्ली के लोग शहर में प्रदूषण को कम करने के लिए जो कर सकते थे, वो सबकुछ किया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती

# तीस हजारी बवाल की होगी न्यायिक जांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




तीस हजारी कोर्ट में पुलिस और वकीलों के बीच हिंसक झड़प को लेकर रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस डीएन पटेल और जस्टिस सीएच शंकर ने सुनवाई के दौरान घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस एसपी गर्ग 6 हफ्ते में रिपोर्ट सौंपने कोर्ट को सौंपेंगे।

वहीं दिल्ली पुलिस ने कहा कि तीस हजारी अदालत परिसर में पुलिस और वकीलों के बीच झड़प के संबंध में चार मामले दर्ज किये गये हैं। अदालत ने दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर संजय सिंह और एडिशनल डीसीपी हरेंद्र सिंह को जांच जारी रहने तक ट्रांसफर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि पुलिस वकीलों के खिलाफ कोई बलपूर्वक कार्रवाई न करे।

### पुलिस आयुक्त को दिए निर्देश

हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस के आयुक्त अमूल्य पटनायक को घायल वकीलों के बयान और एफआईआर दर्ज कर इसकी कॉपी अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। रजिस्ट्रार दिनेश कुमार शर्मा के मुताबिक, चीफ जस्टिस ने वरिष्ठ जजों, पुलिस अधिकारियों और दिल्ली सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ क्लोज-डोर मीटिंग की जिसके बाद दोपहर 1 बजे कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें केंद्र, दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### सीजेआई गोगोई से की अपील



बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने दिल्ली हाई कोर्ट को चिट्ठी लिखकर मांग की है कि यह उपराज्यपाल और अन्य अथॉरिटी को निर्देश दे कि वह हत्या की कोशिश और अन्य संबंधित धाराओं के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करे। उधर, सुप्रीम कोर्ट के ऐडवोक्टेस-ऑन-रिकॉर्ड असोसिएशन ने सीजेआई जस्टिस रंजन गोगोई को चिट्ठी लिखकर उनसे मामले में स्वतः संज्ञान लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### चीन सीमा के पास एडवांस लैंडिंग ग्राउंड बनाएंगेः सेना प्रमुख



टिहरी। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कहा कि उत्तराखंड में चीन सीमा के करीब एयरफील्ड बनाने का काम तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में एडवांस लैंडिंग ग्राउंड बनाएंगे। हमारे लिए सेनाओं के संपर्क माध्यमों को विकसित करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सीमा से लगते राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अत्याधुनिक हवाईपट्टी बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि हम लगातार राज्य सरकार के साथ संपर्क में हैं और चीन से लगते राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित अत्याधुनिक हवाईपट्टी निर्माण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

### जासूसी मामलाः व्हॉट्सएप ने कहा

# पहले ही किया था अलर्ट, सरकार ने कहा, सूचना अधूरी दी गई थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

व्हॉट्सएप ने सितंबर में भारत सरकार को बताया था कि 121 भारतीय प्रयोगकर्ताओं को इजरायली स्पाइवेयर पेगासस ने निशाना बनाया है। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि उसे व्हॉट्सएप से जो सूचना मिली थी वह अपर्याप्त और अधूरी थी। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि व्हॉट्सएप ने सरकार द्वारा उससे पिछले सप्ताह पेगासस स्पाइवेयर घटना पर मांगे गए स्पष्टीकरण पर अपनी प्रतिक्रिया दे दी है।

### कांग्रेस का दावा, प्रियंका का भी फोन हुआ था हैक



व्हॉट्सएप जासूसी कांड में कांग्रेस ने बड़ा दावा किया है। कांग्रेस की ओर केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी का भी फोन हैक किया गया। कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रियंका गांधी को भी फोन हैक करने वाला मैसेज आया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार इस जासूसी मामले की जांच करवाए। बता दें कि इससे पहले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी फोन हैकिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर मेरा फोन टैप किया गया था।

### भारत व थाईलैंड ने रक्षा सहयोग बढ़ाने का किया निर्णय



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा रक्षा उद्योग क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की संभावनाएं तलाशने पर रविवार को सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मोदी और ओचा के बीच आसियान शिखर सम्मेलन से इतर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। इसमें भौतिक और डिजिटल क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया कि दोनों नेताओं ने भारत और थाईलैंड के बीच मित्रवत संबंध बढ़ाने पर गहन चर्चा की। मोदी आसियान-भारत, ईस्ट एशिया और आरसीईपी शिखर सम्मेलनों में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को बैंकॉक पहुंचे।

### छठ पर्व संपन्न...



नई दिल्ली में रविवार को छठ पूजा के आखिरी दिन प्रदूषित यमुना नदी की सतह पर विषाक्त फोम में उगते सूरज को अर्घ्य देते श्रद्धालु। फोटो : एजेंसी

## नजरिया




### सीएम पद पर भाजपा-शिवसेना पीछे हटने को तैयार नहीं

# फड़णवीस का दावा, सरकार का गठन जल्द होगा

एजेंसी ▶▶| अकोला

भाजपा और शिवसेना के बीच सरकार बनाने को लेकर जारी गतिरोध के बीच महाराष्ट्र के निवर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को दावा किया कि प्रदेश में जल्द ही सरकार का गठन होगा। फडणवीस का बयान ऐसे समय आया है जब उनकी पार्टी और शिवसेना के बीच सरकार बनाने को लेकर औपचारिक बातचीत शुरू भी नहीं हो सकी है तथा मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल नौ नवंबर को समाप्त हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पद को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के बीच विवाद पैदा हो गया है।



### शाह से आज फडणवीस करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** महाराष्ट्र की सियासी बाजीगरी सोमवार को दिल्ली की राजनीतिक बिसात पर खेली जाएगी। क्या चुनाव पूर्व बनने वाला भाजपा-शिवसेना गठबंधन बिखरेगा? क्या शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस- सूबे का नया गठबंधन आकार लेगा? क्या राज्य सरकार में ढाई-ढाई साल सीएम पद की दावेदारी करते हुए शिवसेना भाजपा को बाय-बाय कर देगी? सभी सवालों का जवाब सोमवार को दिल्ली में तलाशा जाएगा।

### राउत ने फोन पर भेजा संदेश पवार ने कहा- कॉल करूंगा

महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर जारी गतिरोध के बीच सियासी हलचल और तेज हो गई है। रविवार को नयी दिल्ली में राकांपा नेता शरद पवार की कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात से पहले शिवसेना राकांपा से संपर्क साधती प्रतीत हुई। शिवसेना द्वारा गठबंधन सहयोगी भाजपा के अलावा अन्य विकल्प तलाशने की अटकलों को रविवार को उस समय बल मिला जब राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने पत्रकारों को शिवसेना सांसद संजय राउत का फोन पर आया संदेश दिखाया, जिसमें राउत की ओर से औपचारिक परिचय और अभिवादन दिया गया। भाजपा और शिवसेना के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है, जिसके चलते सरकार गठन में देरी हो रही है।

### जल्द ही शिवसेना राज्य में सत्ता में होगीः उद्धव

महाराष्ट्र में सरकार के गठन को लेकर गठबंधन सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के साथ जारी खींचतान के बीच शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि लोगों को जल्दी ही इस बात की जानकारी हो जाएगी कि उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में होगी। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र में असमय हुई बारिश के कारण किसानों की फसल के नुकसान के लिए राज्य सरकार की ओर से दस हजार करोड़ के पैकेज की घोषणा अपर्याप्त है।

### करतारपुर कॉरिडोरः इमरान ने कहा

# श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



■ खान ने ट्विटर पर तस्वीरें साझा करके पवित्र स्थान की एक झलक दी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को करतारपुर परिसर और गुरुद्वारा दरबार साहिब की कुछ शानदार तस्वीरें साझा कीं और कहा कि आस्था का यह केन्द्र गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर सिख श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार है। करतारपुर गलियारे का उद्घाटन नौ नवंबर को होना है ऐसे में खान ने ट्विटर पर तस्वीरें साझा करके पवित्र स्थान की एक झलक दी है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने निर्माणकार्य वक्त पर पूरा करने के लिए अपनी सरकार को बधाई दी। खान ने ट्वीट किया कि गुरु नानक जी के 550वीं जयंती पर्व के लिए करतारपुर को रिकॉर्ड समय में तैयार करने के लिए मैं अपनी सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

# दिल्ली में उगते सूरज के साथ धूम-धाम से मनाया गया छठ पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आस्था का महापर्व छठ रविवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही खत्म हो गया। दिल्ली में बने सैकड़ों घाटों पर श्रद्धालुओं ने रविवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

यमुना में छठ के चौथे दिन रविवार सुबह तय समय 6:35 बजे पर उगते सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया और छठी मैया की पूजा कर अपना व्रत खत्म किया। व्रतियों ने गन्ने के बीच में मिट्टी के हाथी जो भगवान गणेश के रूप में होते हैं व कलशी रखा, गन्ने के पास मिट्टी के बर्तन में प्रसाद रखकर दीप जलाया। बता दें कि इससे पहले चार दिवसीय पर्व के तीसरे दिन शनिवार को अस्ताचलगामी सूर्य (डूबते सूर्य) को अर्घ्य देकर महिलाओं ने पूजन किया। कुछ स्थानों पर महिलाओं के साथ ही पुरुषों ने भी अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए छठ का व्रत किया। जगह-जगह बने छठ घाटों पर शाम को भारी भीड़ मौजूद रही। कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जहां कलाकारों ने भोजपुरी गीतों से सभी का मनमोह लिया।





नई दिल्ली। राजधानी में रविवार को छठ पर्व के अंतिम दिन लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लाखों लोग यहां यमुना किनारे बने घाटों पर पहुंचे और उगते सूरज को अर्घ्य दिया। इसी दौरान सूरज की प्रार्थना के बाद युवतियां सेल्फी लेते हुए।

## तीस हजारी कोर्ट झड़प

# दोनों पक्षों की शिकायत पर चार मामले दर्ज, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मामले की जांच करेगा क्राइम ब्रांच का एसआईटी विभाग
- घायलों व चश्मदीदों की लिस्ट बनाकर पूछताछ करेगी पुलिस



तीस हजारी कोर्ट में शनिवार को पुलिस व वकीलों के बीच हुई हिंसक झड़प में रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर चार मामले दर्ज किए हैं। बता दे कि झड़प में नॉर्थ जिले के एडिशनल डीसीपी समेत 20 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। वहीं, झड़प में दो वकीलों के गोली लगने के अलावा करीब एक दर्जन वकील घायल हुए थे। एडिशनल पीआरओ व एसीपी अनिल मित्तल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट जज, महिला वकील, पुरूष वकील और एक घायल पुलिसकर्मी की शिकायत पर मामले दर्ज किये गए हैं। इस मामले में कितने पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया गया है, यह अभी साफ नहीं है। एडिशनल डीसीपी हरेंद्र सिंह के ट्रांसफर के बारे में कोई इनपुट नहीं आया है। वहीं, सूत्रों की माने तो इस मामले में दो एएसआइ को सस्पेंड किया गया है। फिलहाल सब्जी मंडी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच के एसआईटी विभाग को सौंप दी है।

शनिवार को झड़प के बाद रविवार को भी कोर्ट में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। बता दे कि शनिवार को कार पार्किंग विवाद को लेकर वकील और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। झड़प में एडिशनल डीसीपी हरेंद्र सिंह समेत 20 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस दौरान वकील विजय वर्मा (40) और रंजीत सिंह मलिक (37) को गोली लगी थी। बताया जा रहा है कि झड़प में एक दर्जन वकील घायल हुए थे। फायरिंग के बाद वकीलों ने कोर्ट में खड़ी 13 बाइक व एक पुलिस जिप्सी को आग लगा दी थी। वहीं, आठ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। झड़प के बाद पूरे कोर्ट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। लोकल पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल की एक कंपनी कोर्ट परिसर में तैनात रही। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और एफएसएल रिपोर्ट की अहम भूमिका होगी।

चूंकि मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए एसआईटी फूंक-फूंककर कदम रख रही है। पुलिस ने घायल पुलिस कर्मियों व वकीलों की लिस्ट बनवाई है। पुलिस जल्द ही घायलों के बयान लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस घटना के चश्मदीदों की भी तलाश कर उनकी लिस्ट तैयार कर रही है।

### घायलों में एक की हालत गंभीर

झड़प के दौरान दो वकील गोली लगने से घायल हो गए थे। घायलों में वकील, विजय वर्मा (40) की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल आइसीयू में रखा हुआ है। घायल विजय, लक्ष्मी नगर इलाके में सपरिवार रहते है। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। उनकी पत्नी गृहणी हैं। वह अपने परिवार में एकलौते कमाने वाले हैं। वहीं, घायल रंजीत सिंह मलिक (37) की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उनके हाथ में गोली लगी थी। हाथ की दो अंगूलियां सर्जरी हुई थी। दोनों का सेंट स्टीफन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सीसीटीवी फुटेज आई सामने



नई दिल्ली। एक फुटेज में दिख रहा है कि करीब 20 पुलिसकर्मी एक वकील को लॉकअप मे खिंचकर लाते है। बाद में उसकी जमकर पिटाई करते है। फुटेज में वह पुलिसकर्मी भी नजर आ रहा है, जिसने गोली चलाई थी। बाद में सैंकड़ों की संख्या मे वकील लॉकअप का ताला तोड़कर अंदर घुस जाते है और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों की जमकर पिटाई करते है। इसमें वकील लॉकअप का ताला तोड़ते हुए नजर आ रहे है।





नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट में शनिवार की घटना में घायल वकील रंजीत सिंह से सेंट स्टीफन अस्पताल में सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना।

### तीस हजारी कोर्ट में घायल वकीलों के लिये मुआवजे का ऐलान

नई दिल्ली। दिल्ली बार काउंसिल ने तीस हजारी अदालत में पुलिस के साथ झड़प के बाद आईसीयू में भर्ती दो वकीलों को रविवार को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही घायल अधिवक्ताओं को 50-50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाएगा। दिल्ली बार काउंसिल के अध्यक्ष के सी मित्तल ने कहा कि इस घटना की न्यायिक जांच का तत्काल आदेश दिया जाना चाहिये। काउंसिल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हमने न्यायाधीशों के साथ अस्पताल में वकीलों से मुलाकात की। बीडीसी ने आईसीयू में भर्ती दो वकीलों को चिकित्सा खर्च के अलावा दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने का फैसला किया है। साथ ही लाठीचार्ज में घायल वकीलों को 50-50 हजार रुपये दिये जाएंगे। हमें हैरानी है कि अभी तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। यह उचित समय है, न सिर्फ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिये बल्कि उन सभी को गिरफ्तार, निलंबित, स्थानांतरित और बर्खास्त कर देना चाहिये। तत्काल न्यायिक जांच के आदेश दिये जाने चाहिये।

### नहीं लगी विशेष लोक अदालत

नई दिल्ली। तीस हजारी और कड़कड़डूमा कोर्ट में रविवार को यातायात चालानों का निपटारा करने के लिए विशेष लोक अदालतें लगनी थी। वकील प्रवीन त्यागी ने बताया कि हिंसक झड़प के बाद कड़कड़डूमा कोर्ट व तीस हजारी कोर्ट में वकीलों ने काम का बहिष्कार किया। इसके चलते दोनों कोर्ट में लोक अदालत नहीं लगी। वकील जोनी कुमार शर्मा ने बताया कि अन्य जिला अदालतों में विशेष अदालतें लगीं, लेकिन वहां भी कुछ अड़चन सामने आई।

### चैंबर में घुसकर तोड़फोड़ करने का लगाया आरोप

वकीलों ने रविवार को कुछ पुलिस कर्मियों पर उनके चैंबर में घुसकर तोडफोड़ करने का आरोप लगाया है। वकीलों ने एसआईटी विभाग को उसका मुआयना भी करवाया। इस दौरान क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी सतीश गोलचा भी टीम के साथ मौजूद रहे। उधर, कोर्ट लॉकअप के गेट को जो नुकसान पहुंचाया गया था, रविवार को उसकी मरम्मत भी करा दी गई।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

पुलिस अधिकारी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट जज की शिकायत पर बवाल करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी वकीलों ने पुलिस के खिलाफ जानलेवा हमला करने, चेन झपटने, जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। वही, एक महिला वकील की शिकायत पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। चौथी शिकायत पुलिस की ओर से दी गई है। झड़प के दौरान किसी ने एक पुलिसकर्मी की पिस्टल लूट ली। पुलिस की ओर से दी शिकायत में सरकारी काम में बाधा, डयूटी के दौरान हमला, लूटपाट, बवाल करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना समेत अन्य धाराएं जोड़ी गई हैं।

### जांच के लिए कोर्ट पहुंचे स्पेशल सीपी

जांच के लिए क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम कोर्ट पहुंची। इस दौरान क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी सतीश गोलचा भी कोर्ट पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल से सक्ष्य जुटाने के अलावा कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी अपने कब्जे में ली। पुलिस के अलावा एफएसएल की टीम ने भी कोर्ट पहुंचकर सक्ष्य जुटाए।

# एएटीएस स्टाफ ने दो बदमाशों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दो चाकू, छह फोन व स्कूटी बरामद

वेस्ट जिले के एएटीएस स्टाफ ने दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मनीष (30) और केशव (22) है। पुलिस की माने तो आरोपी मनीष 13 और केशव एक आपराधिक मामले में शामिल रह चुके हैं। पुलिस ने इनके पास से दो चाकू, छह चोरी के फोन व एक स्कूटी बरामद की है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस आठ मामले सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेस्ट जिले का एएटीएस स्टाफ इलाके में एक्टिव रॉबर्स और स्नैंचरों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था। इसी बीच शनिवार शाम करीब 7:10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि दो स्नैंचर मनीष और केशव एफ-ब्लॉक, जेजे कॉलनी, मादीपुर की ओर से घोडा वाला मंदिर की ओर आने वाले है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया। दोनों आरोपियों के मौके पर आते ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से दो चाकू और छह मोबाइल फोन मिले। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने स्कूटी पंजाबी बाग थाना इलाके से चोरी की थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# कार सवार डॉक्टर ने दो युवकों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एक की हालत गंभीर
- पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक को दबोचा

मॉडल टॉउन थाना इलाके में शुक्रवार देर रात कार सवार एक डॉक्टर ने खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक पर बैठे दो युवक बाइक समेत डिवाइडर से जाकर टकरा गए। इतना ही नहीं कार चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बाद में बाइक चालक व उसके साथी की बेरहमी से पिटाई भी कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का नाम शेखर कुमार और सादिन हैदर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक व डॉक्टर अंशुमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 10:30 पुलिस को कृपाल आश्रम मॉडल टॉउन के पास एक्सिडेंट होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों घायलों को लेकर अस्पताल गई, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घायल शेखर कुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया। सादिन हैदर के बयान पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर अंशुमान शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वह सेंट स्टीफन अस्पताल में डॉक्टर है। जांच में पुलिस को पता चला कि घटना के दौरान दोनों घायल बाइक पर बैठकर स्प्रिंग रोल खा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

# कार टच होने पर युवक की चाकू घोंपकर हत्या, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आरोपियों ने घायलों पर ईंट-पत्थर से किया हमला
- घायलों का अस्पताल में चल रहा है उपचार



प्रेम नगर इलाके में कार टच होने पर कुछ युवकों ने पांच दोस्तों पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। इसी बीच आरोपियों में से किसी ने एक युवक को चाकू मार दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस पांचों को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने अक्षय (22) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल रवि, अमित, पंकज और अनिल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला रोडरेज का लग रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान कर ली है। जल्द उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, अक्षय, नांगल खुर्द, सोनीपत हरियाणा में सपरिवार रहता था। परिवार में मां-पिता के अलावा अन्य सदस्य है। पुलिस को रात करीब 11 बजे कराला वाटर टैंक, प्रेम नगर के पास झगड़े की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर एक कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस ने देखा कि पांच युवक घायल अवस्था में वहां पड़े हुए थे। पुलिस पांचों को लेकर सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल में गई, डॉक्टरों ने अक्षय को मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि अक्षय अपने चार अन्य दोस्तों के साथ कार से सोनीपत से रोहिणी स्थित एम-टू के मॉल आया था। यहां से वापस लौटते हुए जैसे ही वह कराला वाटर टेंक के पास पहुंचा। यहां उसने अपनी कार एक अंडे की रेहड़ी के नजदीक रोकी। कार का गेट खोलते हुए उसका गेट वहां से गुजर रही एक कार से गेट टच हो गया। इस दौरान उनके बीच बहसबाजी होने लगी। देखते-देखते बात हाथापाई तक आ गई। इसी बीच किसी ने अक्षय को चाकू मार दिया, जबकि उसके साथियों पर पास पड़ी ईंट-पत्थरों से हमला किया। वारदात के बाद आरोपी सभी को धमकी देकर कार से फरार हो गए थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# सामान बदलने को लेकर की फायरिंग, दो घयाल

नई दिल्ली। सीलमपुर थाना इलाके में बर्तन बदलने आए एक ग्राहक की दुकानदार से कहासुनी हो गई। इस पर दुकानदार ने उसका विरोध किया तो ग्राहक ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। इस दौरान गोली नदीम (30) और समीम (27) को लगी। सूचना मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल गई, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद शादाब, एफ-139, सीलमपुर में रहते है। उनके मकान में ही उनकी बर्तन की दुकान है। रविवार को उनकी दुकान पर एक ग्राहक आया और कहने लगा कि यह सामान वह 650 रुपए का ले गया था। इस पर शादाब ने कहा कि यह 650 रुपए का सामान नहीं है, केवल 400 रुपए का है। इसी बात को लेकर ग्राहक उनके साथ गाली गलौच करने लगा। इस पर नदीम और समीम ग्राहक को गाली देने से रोकने लगे। इसी बीच ग्राहक ने अपनी पिस्टल निकालकर कई राउंड फायरिंग। इस दौरान एक गोली नदीम के पेट में लगी, जबकि दूसरी गोली समीम के हाथ में लगी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# डीटीसी के बर्खास्त कर्मचारियों की राजनीतिक पार्टी ने खोला कार्यालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम(डीटीसी) के बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा बनाए गए नए राजनीतिक दल मजदूर एकता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में ताल ठोकने की शुरूआत कर दी है। पार्टी ने अपना प्रधान कार्यालय यमुनापार के मीत नगर 25 फुटा रोड पर रविवार को खोल दिया है। इस बारे में पार्टी के अध्यक्ष ललित कुमार और महासचिव अमित भाटी ने बताया कि हम अगामी चुनाव में सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगें। हमारा पहला लक्ष्य है कि दिल्ली के सभी विभागों में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों को केजरीवाल सरकार तुरंत नियमित करे।

## हरिनगर थाना इलाके की घटना

# बेटी ने मां को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- झगड़े के दौरान दिया वारदात को अंजाम
- जांच के लिए घर पहुंची पुलिस को मृत मिली थी महिला



हरिनगर थाना इलाके में झगड़े के दौरान एक बेटी ने अपनी मां के सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। मृतक का नाम संतोष है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बेटी नीरू बग्गा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मायापुरी थाना पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि डब्लूजड-101/139, नांगल राया सब्जी मंडी के सामने एक महिला घायल अवस्था में बेसुध पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घायल को अस्पताल लेकर गई, जहां उसे उपचार दिया गया। बाद में घायल की पहचान नीरू के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान नीरू ने पुलिस को बाताया कि वह अपनी मां संतोष के साथ हरिनगर एफ पॉकेट स्थित एमआईजी फ्लैट नंबर 36 ए में रहती है। उसका उसकी मां से झगड़ा हुआ था। झगड़े में उसकी मां ने उसके सिर पर हमला कर दिया और बाद में उसे घर से बाहर भी निकाल दिया। महिला के बयान के बाद पुलिस जांच के लिए महिला के घर गई तो उन्हें फ्लैट का दरवाजा खुला मिला। पुलिस ने बाहर से खड़े होकर आवाज लगाई, लेकिन अदंर से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद पुलिस टीम फ्लैट में दाखिल हुई। पुलिस को वहां संतोष बग्गा खून से लथपथ स्थिति में जमीन पर पड़ी मिली। पुलिस उन्हें लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतका के शरीर पर कई गहरे जख्म व सिर पर किसी भारी चीज से हमला किया गया था। इसके बाद पुलिस ने नीरू से पूछताछ की तो उसने मां की हत्या करने की बात कबूली। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## ऑड-ईवन आज से

### मैं, मेरे मंत्री और अधिकारी करेंगे नियमों का पालन, आप भी कीजिए: केजरीवाल

# दो हजार निजी बसें उतरेंगी सड़कों पर, मेट्रो बढ़ाएगी फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आपातकालीन स्थिति में पहुंचे प्रदूषण के बीच आज सोमवार से ऑड-ईवन योजना शुरू हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि उक्त योजना सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक रहेगी और इसका पालन मैं, मेरे मंत्री और मेरे अधिकारी करेंगे, आप भी इन नियमों का पालन कीजिए, ताकि प्रदूषण से जल्द निजात मिल सके। सीएम केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने मंत्री के साथ दफ्तर जाऊंगा। आप भी अपने दोस्तों के साथ जाइए। दूसरा, मैं स्कूल के बच्चों के जरिए मास्क भेज रहा हूं। जिस दिन जरूरत हो पहन लें। मैं आप लोगों की सेहत को लेकर बेहद चिंतित हूं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं आपकी आपके परिवार की सेहत अच्छी रहे। कुछ दिनों की बात है, आइए हम सब मिलकर इसका सामना करें। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), क्लस्टर व दिल्ली मेट्रो ने ऑड-ईवन के लिए अपनी तरफ से सभी तैयारियां की है। इस मामले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तीनों निकायों सहित अन्य विभागों के आला अधिकारियों के साथ जरूरी बैठक की और निर्देश दिए कि सोमवार को पहला दिन कार्यदिवस का है इसलिए आम आदमी को कोई परेशानी नहीं चाहिए। सरकार के एक अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार करीब 2 हजार अतिरिक्त बसें चलाएगी, जिसके लिए निजी बसों को शामिल किया गया है। जबकि पिछली बार निजी बसों की संख्या महज 500 थी। डीटीसी की 3 हजार बसों को शत प्रतिशत सड़क पर उतारने के निर्देश दिए गए है।



■ मदद के लिए तैनात रहेंगे 5 हजार सिविल डिफेंस कर्मी

### बसों की निगरानी करेंगे करीब 500 पर्यवेक्षक

डीटीसी और क्लस्टर दोनों की कुल बसों का आंकड़ा करीब 550 डीटीसी की दोनों पालियों में निकली बसों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों को उतारेगी। वहीं मेट्रो सेवा के लिए भी निर्देश दिए है। ऑड ईवन के दौरान डीएमआरसी 29 अतिरिक्त ट्रेनों के माध्यम से 61 अतिरिक्त फेरे लगाते हुए लगभग 5100 फेरे लगाएगी। यात्रियों की जागरूकता के लिए डीएमआरसी अपने मेट्रो स्टेशनों पर ऑड-ईवन योजना को लेकर संदेश प्रचारित-प्रसारित करेगी। पूरे मेट्रो नेटवर्क पर नजर रखते हुए ट्रेनों के समय के अनुरूप सुचारू संचालन करेगी। इसके लिए प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर डीएमआरसी 35 टीमों को तैनात करेगी। यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या के पूर्वानुमान के अनुसार टिकट वितरण प्रणाली को चुस्त रखने और यात्रियों की सुविधा के लिए अलग से कर्मचारियों को तैनात करेगी। क्लस्टर बसों के प्रबंधकों ने भी अपनी तरफ से पूरी तैयारी का दावा किया है। अधिकारी का कहना है कि रेडियो बेस टैक्सियों व तिपहिया चालकों द्वारा मनमाने किराए वसूलने पर रोक लगाने के लिए भी व्यवस्था की गई है। शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री ने किया प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण

पर्यावरण, राजस्व और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को अपने अधिकारियों के साथ द्वारका सेक्टर 22 डीटीसी डिपो में सिविल डिफेंस कर्मियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 5 हजार सिविल डिफेंस कर्मियों को ऑड-ईवन योजना को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 5 हजार सिविल डिफेंस कर्मी विभिन्न चौराहों पर यातायात के मार्गदर्शन के लिए तैनात रहेंगें।

### कर्मियों को जैकेट और प्लेकार्ड दिए गए

मंत्री गहलोत ने कहा कि कर्मियों को जैकेट, प्लेकार्ड और अन्य संबंधित सामान दिया गया है। जिन्हें अपने कर्तव्यों के दौरान की आवश्यकता होती है। मंत्री ने कहा कि पिछली बार की तरह ही इस बार भी सिविल कर्मियों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है।




### सीआईएसएफ ने बांटे जवानों को मास्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डा व मेट्रो सहित अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसने अपने हजारों जवानों को मास्क बांटे हैं। सीआईएसएफ के मुताबिक नार्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, विभिन्न मंत्रालयों, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे, लाल किला और अन्य स्थानों की सुरक्षा में तैनात जवानों को एन-95 श्रेणी के मास्क मुहैया कराए जा रहे हैं। सीआईएसएफ के प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह ने बताया कि बल के प्रमुख राजेश रंजन ने दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तैनात सभी यूनिटों के कमांडर को निर्देश दिया है कि वे ड्यूटी के लिए खुले में तैनात जवानों को मास्क मुहैया कराना सुनिश्चित करें। प्रवक्ता ने कहा कि जवान हवा की गुणवत्ता सुधरने तक इन मास्क को पहनेंगे। बल दिल्ली-एनसीआर में तैनात उन जवानों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराएगा जिन्हें सांस लेने परेशानी हो रही है। बता दें है कि दिल्ली-एनसीआर में सीआईएसएफ के 25,000 जवान तैनात है। इनमें से करीब 13,000 जवान दिल्ली मेट्रो रेल नेटवर्क की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं।

### राजनीति चमकाने के लिए लागू किया है ऑड-ईवनः तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा लागू की जा रही ऑड-ईवन योजना को दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। तिवारी ने कहा कि सीएम केजरीवाल दिल्ली की जनता के करोड़ों रुपये खर्च कर जनता के धन का दुरूपयोग कर स्वार्थ प्रेरित राजनीति को चमका रहे हैं। यदि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण की रोकथाम पहले से ही की होती तो ऑड-ईवन योजना व मास्क बांटने की जरूरत नहीं पड़ती।

### सीएम केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना ईस्ट-वेस्ट पेरिफेरल एक्सप्रेस के लिए प्रशंसा भी की

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब और हरियाणा में 27 लाख किसान हैं और पिछले डेढ़-दो साल में 65 हजार ही मशीन उन किसानों तक पहुंची। जिससे पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम जानना चाहते हैं कब तक इन सारे 27 लाख लोगों तक मशीनें पहुंचेगी। जिससे पराली जलाने पर रोक लग सके। हम यह नहीं कहते कि दिल्ली का अपना प्रदूषण नहीं है। उसे कम करने का प्रयास भी कर रहे हैं। लेकिन पराली को लेकर भी बात होनी चाहिए। आइए हम दिल्ली के अंदर के प्रदूषण को कम करने की मिलकर कोशिश करें। वहीं, ईस्ट वेस्ट पेरिफेरल एक्सप्रेस के लिए सीएम केजरीवाल ने केंद्र सरकार की प्रशंसा भी की। पहले हरियाणा से उत्तर प्रदेश जाने के लिए ट्रक और भारी वाहन दिल्ली के अंदर आते थे। अब ऐसा नहीं होता। इससे प्रदूषण कम हुआ।



### गोयल ने बताया चुनावी स्टंट, गाड़ी सड़कों पर उतारकर करेंगे विरोध

**नई दिल्ली।** प्रदूषण को लेकर सोमवार से शुरू हो रहे ऑड ईवन सिस्टम को है भाजपा सांसद विजय गोयल ने चुनावी नाटक बताते हुए घोषणा की है कि वह इसका विरोध करेंगे।



उन्होंने कहा कि अपनी गाड़ी दिल्ली की सड़क पर उतार कर इसका विरोध करेंगे। यह सिस्टम केवल एक चुनावी स्टंट के अलावा कुछ नहीं है। इसे गत साल भी लागू किया गया था लेकिन इसकी रिपोर्ट बताती है कि वह कामयाब नहीं था।

## नहीं मिली राहत, हल्की बारिश के बाद और जहरीली हुई हवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण इस कदर बढ़ चुका है कि कई जगहों पर पिछले सालों के रिकॉर्ड टूट चुके है। शनिवार शाम और रविवार सुबह बारिश के बावजूद प्रदूषण घटने की बजाए बढ़ गया है। रविवार को दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण के आंकड़े 900 के स्तर को भी पार कर गए। दम घोटू प्रदूषण से सोमवार से कुछ राहत मिलने की उम्मीद बताई जा रही है। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली प्रदूषण में 30 अक्टूबर से वृद्धि शुरू हुई और 3 नवंबर को प्रदूषण अपने चरम पर पहुंच गया। कई इलाके ऐसे थे जहां प्रदूषण ने पिछले वर्षों के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रदूषण के आंकड़े 900 के स्तर को भी पार कर गए। दिल्ली-एनसीआर में सुबह 9 बजे के बाद प्रदूषण में वृद्धि शुरू हुई और 10 बजते-बजते यह अपने चरम पर पहुंच गया था। कंपनी का दावा है कि दिल्ली-एनसीआर में आज का एक्यूआई का ग्राफ बताता है कि हालात किस कदर खराब है। जिन इलाकों में सबसे अधिक प्रदूषण था उनमें यमुना विहार (एक्यूआई 900), वसुंधरा (एक्यूआई 860) पश्चिम विहार (एक्यूआई 850), विष्णु गार्डेन (एक्यूआई 870), पंडारा पार्क (एक्यूआई 807), कृष्णा नगर (एक्यूआई 798), महरौली (एक्यूआई 786) आदि शामिल है। जबकि अन्य क्षेत्रों व एनओीसार में भी यही हाल रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पास बना पश्चिमी विक्षोभ कल आगे निकल जाएगा जिससे उत्तर-पश्चिमी दिशा से शुष्क हवाएं दिल्ली-एनसीआर पर आएंगी। हवाओं की रफ्तार भी ठीक होगी जिससे यह प्रदूषण को साफ करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी। कंपनी का कहना है कि उम्मीद यह भी है कि अरब सागर पर बना चक्रवाती तूफान 7 नवंबर को गुजरात पर लैंडफॉल करेगा साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ इसी समय जम्मू कश्मीर पर दस्तक देगा। इन दोनों सिस्टमों के कारण दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिम भारत में 7 और 8 नवंबर को बारिश होने की संभावना है। अगर बारिश होती है तो दिल्ली पर छाई यह काली चादर धुल जाएगी और लोगों को बहुप्रतीक्षित राहत मिलेगी।



### केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण के लिए आप सरकार को दोषी बताते हुए दिल्ली कांग्रेस ने रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष कीर्ति आजाद, पूर्व अध्यक्षों में जेपी अग्रवाल, अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली सहित सैकड़ों नेता मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने केजरीवाल के आवास से पहले ही अवरोधक लगाकर रोक दिया। जिससे नाराज प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच तीखी नौंक झोंक हुई। सिविल लाइन पुलिस ने चोपड़ा सहित अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया, लेकिन बाद में छोड़ दिया। इस मौके पर चोपड़ा ने केजरीवाल सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि डीटीसी के पास 2012-13 में 5445 बसों का बेड़ा था,लेकिन अब घटकर 3600 का रह गया है। साल 2013 में डीटीसी में रोजाना 46.77 लाख यात्रियों का आना जाना होता था। केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण घटाने के नाम केवल विज्ञापनों पर करोड़ों बहाए जबकि वास्तविकता में काम नहीं हुआ। आज राजधानी गैस का चैंबर बन गई, लेकिन इसके बाद भी केजरीवाल केवल ऑड ईवन का की खानापूर्ति कर रहे है।




प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव करते हुए दक्षिणी नगर निगम का कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सिग्नेचर ब्रिज आज रात्रि से 10 दिन के लिए बंद

**नई दिल्ली।** राजधानी में वजीराबाद को पूर्वी दिल्ली से जोड़ने वाले सिग्नेचर ब्रिज को सोमवार से 10 दिन के लिए बंद कर दिया जाएगा। यह पुल अस्थायी प्लेटफॉर्म और टॉवर क्रेन को हटाने के लिए बंद किया जा रहा है। यातायात पुलिस ने रविवार को परामर्श जारी करके लोगों से इस मार्ग से बचने को कहा। परामर्श के मुताबिक, सिग्नेचर ब्रिज चार नवंबर की आधी रात से 14 नवंबर की मध्य रात्रि तक पूरी तरह से बंद रहेगा। उसमें बताया गया है कि पुराना वजीराबाद का पुल, खजुरी चौक, और मजनू का टीला में भारी यातायात होगा। युमना पार जाने वाले लोगों को सलाह दी जाती है कि वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें। वे युमना पुल, लौहे का पुल, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर, विकास मार्ग, एनएच-24 का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## दिल्ली सरकार ने जारी की हेल्थ एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण की आपातकालीन स्थिति को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने स्वास्थ्य सलाह जारी करते हुए कहा कि आम जनता खासकर सुबह और देर शाम के समय बाहरी शारीरिक गतिविधियों से बचे। वहीं, खुले में लंबे समय तक कार्य करने वालें नागरिक जैसे ट्रैफिक पुलिसकर्मी, ट्रैफिक वालंटियर, रिक्शा चालक, ऑटो रिक्शा चालक, सड़क किनारे विक्रेताओं आदि को अतिरिक्त सावधानी बरते। इसके अलावा प्रदूषण से बचने के लिए घर के अंदर या बाहर की गतिविधियों को व्यवस्थित करें। सांस फूलना, जी मिचलाना, खांसी, सीने में तकलीफ या दर्द, आँखों में जलन (लाल या पानी) के मामले में नजदीकी डॉक्टर से परामर्श करें। दमा रोगियों को अपनी संबंधित विशेष दवा आसपास रखनी चाहिए।



■ श्वास संबंधी समस्या होने पर डॉक्टर से ले सलाह

प्रमाणित एन 95 मास्क का उपयोग करें। साधारण कागज और कपड़े के मास्क के चक्कर में न पड़ें। खाना पकाने और हीटिंग के उद्देश्य के लिए स्वच्छ धुआं रहित गैस या बिजली का उपयोग करें। सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। जबकि पत्ते, लकड़ी, कृषि उत्पाद, कचरा न जलाएं साथ ही भारी यातायात लगने वाले स्थानों और प्रदूषण फैलाने वाले स्थानों, निर्माण स्थलों आदि के पास न जाएं। सुबह, देर शाम दौड़ना, टहलना और शारीरिक व्यायाम नहीं करें। सुबह और देर शाम के दौरान दरवाजे और खिड़कियां न खोलें। सिगरेट, बीड़ी और संबंधित तंबाकू उत्पादों को धूम्रपान न करें। कार, स्कूटर और अन्य मोटर चालित वाहन चलाने से बचें। बुजुर्ग, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं व कमजोर व्यक्ति विशेष रूप से अपना ध्यान रखें।

## कॉलोनियों को 'ए' से 'एच' तक आठ श्रेणियों में बांटा गया


# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की अनधिकृत कॉलोनियों में संपत्ति स्वामित्व शुल्क की दरें होंगी अलग-अलग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किये जाने संबंधी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की प्रक्रिया के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की कॉलोनियों में संपत्ति के मालिकाना हक के लिये अलग-अलग शुल्क का भुगतान करना होगा। दिल्ली की 1,797 सूचीबद्ध अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिये मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की अनधिकृत कॉलोनियों को आठ श्रेणियों में बांट कर स्वामित्व शुल्क का निर्धारण किया गया है। इसके अनुसार सभी अनधिकृत कालोनियों को दो वर्गों में बांटा गया है।

### इतना लगेगा शुल्क

अधिसूचना के मुताबिक इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभा की जमीन पर 'ए' से 'एच' श्रेणी की आठ वर्ग में बांटी गई कॉलोनियों में भूखंड के आकार के मुताबिक 29.10 रुपये प्रति वर्ग मीटर से लेकर 4,837.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से स्वामित्व शुल्क तय किया गया है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र से इतर निजी जमीन पर बसी अनधिकृत कालोनियों को भी 'ए' से 'एच' श्रेणी में बांटी गई आठ प्रकार की कॉलोनियों में 14.55 रुपये प्रति वर्ग मीटर से लेकर 2,418.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से स्वामित्व शुल्क देना होगा। अधिसूचना के मुताबिक निर्धारित शुल्क दरों के मुताबिक अनधिकृत कॉलोनियों में संपत्ति का मालिकाना हक पाने या हस्तांतरण के लिये कम से कम 1,455 रूपये और अधिकतम 12.09 लाख रुपये शुल्क के रूप में भुगतान करने होंगे। इसके मुताबिक शुल्क की दरें 'ए' से 'एच' श्रेणी वाली कॉलोनियों में भूखंड के आकार के मुताबिक तीन वर्गों में निर्धारित की गयी हैं। ग्राम सभा और निजी जमीन पर बसी कॉलोनियों में 100 वर्ग मीटर तक के आकार वाले भूखंड का स्वामित्व शुल्क 14.55 रुपये प्रति वर्ग मीटर से 9,67.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निर्धारित किया गया है। वहीं, 100 से 250 वर्ग मीटर तक के भूखंड के लिये 29.10 रुपये प्रति वर्ग मीटर से लेकर 1,935 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक जबकि 250 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंड के लिये 72.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर से 4,837.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर शुल्क देना होगा।



■ मंत्रालय ने दी स्वामित्व शुल्क तीन किश्तों में भुगतान करने की छूट

■ एक साल में करना होगा भुगतान, देरी पर लगेगा आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज

### इलाकों में सर्किल रेट के मुताबिक तय हुआ स्वामित्व शुल्क

बता दें कि मंत्रालय ने अनधिकृत कॉलोनियों में संपत्ति के स्वामित्व शुल्क का निर्धारण विभिन्न इलाकों में सर्किल रेट के मुताबिक किया है। संपत्ति के पंजीकरण हेतु राजस्व विभाग द्वारा लिये जाने वाले सर्किल रेट के मुताबिक अनधिकृत कॉलोनियों को 'ए' से 'एच' तक, आठ श्रेणियों में बांटा गया है। संपत्ति को नियमित करने के लिये निर्धारित शुल्क की दरें, अधिसूचना जारी होने की तारीख से एक साल तक प्रभावी होंगी। इसके बाद संपत्ति नियमित कराने पर आवेदक को विलंब शुल्क के रूप में आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से स्वामित्व शुल्क देना होगा। हालांकि, मंत्रालय ने स्वामित्व शुल्क, तीन किश्तों में भुगतान करने की छूट भी दी है।

### सिर्फ ग्राम सभा व निजी जमीन पर बसी कॉलोनियों ही होगी नियमित

अधिसूचना में स्पष्ट है कि सिर्फ ग्राम सभा और निजी जमीन पर बसी अनधिकृत कॉलोनियों को ही नियमित किया जायेगा। समाज के समृद्ध वर्ग द्वारा बसायी गयी अनंत राम डेयरी और सैनिक फार्म सहित 69 अनधिकृत कॉलोनियों के अलावा यमुना के बाढ़ क्षेत्र, दिल्ली के रिज क्षेत्र, वन विभाग, पुरातत्व विभाग, सड़क निर्माण हेतु आरक्षित जमीन और बिजली की हाईटेंशन लाइनों के मार्ग में बसीं कालोनियां नियमितीकरण की इस प्रक्रिया के दायरे से बाहर हैं।

# यातायात पुलिस की 200 टीमें होगी तैनात

## नियम का उल्लंघन करने वाले पर लगेगा चार हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सोमवार से दिल्ली में लागू हो रही ऑड-ईवन परिवहन व्यवस्था को लागू कराने के लिए यातायात पुलिस 200 टीमों को तैनात करेगी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में सोमवार की सुबह आठ बजे योजना लागू होगी और पहले दिन केवल ऑड संख्या वाले निजी वाहनों को चलने की अनुमति होगी। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (ट्रैफिक) ताज हुसैन ने कहा कि हम ऑड-ईवन योजना को सुचारु रूप से लागू करने के लिए पूरे शहर में 200 टीमों को तैनात करेंगे।

### प्रत्येक टीम में होंगे चार पुलिसकर्मी

अधिकारियों के मुताबिक प्रत्येक टीम में चार पुलिस कर्मी होंगे जो ऑड-ईवन योजना का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखेंगे और उनपर कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले पर चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यातायात पुलिस के हवलदार और इससे ऊपर के अधिकारियों, तहसीलदार, उपमंडलीय अधिकारी, और दिल्ली परिवहन निगम में सहायक यातायात निरीक्षक से ऊपर स्तर के अधिकारी को चालान करने के लिए अधिकृत किया गया है। ऑड-ईवन योजना 15 नवंबर तक सुबह आठ बजे से रात के आठ बजे तक लागू रहेगी।



### 'इलेक्ट्रिक वाहनों को छूट दे दिल्ली सरकार'

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-वाहन) को ऑड-ईवन योजना से छूट देने का आग्रह किया है। ईईएसएल ने ट्वीट में कहा कि हमें उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार को यह एहसास होगा कि बिजली से चलने वाली गाड़ियां उनके वाहन प्रदूषण को कम करने की सोच के अनुरूप है और इसे से ऑड-ईवन योजना से अलग रखा जाना चाहिए। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए फिर से ऑड-ईवन योजना पेश की है। यह योजना चार से 15 नवंबर तक लागू रहेगी। कंपनी ने कहा कि ऑड-ईवन योजना प्रदूषण को कम करने की दिशा में दिल्ली सरकार का अहम कदम है। दिल्ली सरकार के लिए यह सही समय है कि वह ई-वाहन को इस योजना से छूट देकर उसके महत्व को सबके सामने लाए। उसने कहा कि वाहन उत्सर्जन के कारण होने वाले वायु प्रदूषण को रोकना भारत सरकार की ई-मोबिलिटी कार्यक्रम का अहम हिस्सा है। यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली सरकार अपनी ऑड-ईवन योजना से इलेक्ट्रिक वाहन को छूट नहीं दे रही है।

## खबर संक्षेप



### कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए फोर्टिस ने मनाया बाल दिवस

**गुरुग्राम।** कैंसर पीड़ित बच्चों या बोन मैरो ट्रांसप्लांट करा चुके बच्चों के लिए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई) ने बाल दिवस मनाया। पेडियाट्रिक हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी एंड बोन मैरो डिपार्टमेंट, एफएमआरआई में सलाहकार डॉ. विकास दुआ और डॉ. मानसी सचदेव तथा डॉ.राहुल भार्गव, डायरेक्टर एवं हेड ऑफ हिमोटोलॉजी ओंकोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट, एफएमआरआई की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में रक्त एवं कैंसर विकारों से पीड़ित 100 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मिसेज इंडिया और मिसेज यूनिवर्स 2016 रश्मि सचदेव शामिल हुई। डॉ. विकास दुआ, डा. राहुल भार्गव व डॉ. मानसी सचदेव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन बच्चों और उनके परिवारों को साथ इन्हें राहत देना है।

### वाहन की टक्कर से ट्राला चालक की मौत

**फरीदाबाद।** कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात अज्ञात वाहन ने ट्राला चालक को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। थाना छांयसा पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगढ़ खैर स्थित जरारा गांव निवासी शिवम ने दी शिकायत में बताया कि उसका भाई शेर सिंह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्राला पर ड्राइवर लगा हुआ था। शनिवार रात को वह सामान लेकर केजीपी एक्सप्रेसवे पर फरीदाबाद की ओर आ रहा था।

थाना छांयसा क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर के निकट केजीपी पर उसने ट्राला को साइड में खड़ा किया और वह नीचे जाकर टॉयलेट करने लगा। जब वह ट्राला में चढ़ रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### हैकर ने युवक के खाते से 61 हजार रुपये उड़ाए

**फरीदाबाद।** वर्तमान सरकार जहां प्लास्टिक मनी और ऑनलाइन बैंकिंग को बढ़ावा दे रही है, वहीं साइबर क्राइम तेजी से बढ़ता जा रहा है और लोगों के मेहनत की कमाई साइबर लुटेरे लूट रहे हैं। इसी प्रकार का मामला जिले के सबसे बड़े गांव तिगांव में हुआ है। गांव में दुकान चलाने वाले युवक जगदीश कुमार के खाते से किसी ने 61 हजार 500 रुपये उड़ा लिए। जिस हैकर ने उक्त दुकानदार के खाते से उक्त राशि उड़ाई उसका मोबाइल आज भी चालू है और वह फोन भी उठा रहा है। पुलिस का जरा सा खौफ भी उसे नहीं। उसका स्पष्ट कहना है कि वह ना तो किसी भी हालत में पैसे लौटाएगा और उसका पुलिस भी कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस बताया कि 25 अक्टूबर को उसके पास फोन आया और कहा कि आपके पेटीएम अकाउंट को बंद किया जा रहा है।

### ट्रक चालक से मारपीट कर लूट

**फरीदाबाद।** सदर थाना क्षेत्र के कैल गांव के समीप मोटर साइकिल सवार बदमाश एक ट्रक चालक से मारपीट कर नकदी, मोबाइल फोन व दो बैट्री लूट कर ले गए। चालक ने इस मामले की सूचना देर रात पुलिस को 100 नंबर पर दी। मौके पर पहुंची चालक से पूछताछ के बाद जांच में जुटी है। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि नूंह के बीबीपुर गांव के रहने वाले फखरूद्दीन एक ट्रांसपोर्टर के यहां ट्रक चलाता है। वह अपने ट्रक में सामान लेकर फरीदाबाद आया था। यहां सामान उतार कर वापस नूंह लौट रहा था। इसी दौरान कैल गांव के समीप पीछे से आए दो मोटर साइकिल पर सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर ट्रक को रुकवा लिया। आरोप है कि दो बदमाश ट्रक पर चढ़ गए और चालक के साथ मारपीट की और आरोपियों ने ट्रक से बैट्री निकाल ली।


# सुप्रीम कोर्ट व सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे भवन निर्माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुड़गांव सहित एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का कहर जारी है। शनिवार रात हल्की बूंदाबांदी से भी लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। आम लोगों विशेषकर छोटे बच्चों व वृद्धजनों को जहां सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आंखों में जलन महसूस की जा रही है। हालांकि प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन ने प्रदूषण से लोगों को राहत दिलाने के लिए युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरु की हुई है, जिसके तहत भवन निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी गई है, लेकिन कुछ भवन निर्माता जिला प्रशासन व सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर भवन निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं। पर्यावरण क्षेत्र में कार्यरत नरोत्तम वत्स का कहना है कि साइबर सिटी के कई क्षेत्रों में रविवार को भी भवन निर्माण कार्य जारी हैं। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने उनसे आग्रह भी किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट व सरकार के आदेशों का पालन करते हुए भवन निर्माण न करें, क्योंकि इससे प्रदूषण बढ़ रहा है। जब स्थिति सामान्य हो जाएगी तो वे अपना काम शुरु कर सकते हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि आदेशों का पालन कराने के लिए ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बढ़ता हुआ प्रदूषण कम हो सके और इसके कहर से लोग बच सकें।

## इंटर कॉलेजों में पांच तक अवकाश घोषित

**नोएडा/गाजियाबाद।** प्रदूषण की वजह से गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के स्कूल चार नवंबर और पांच नवंबर को भी बंद रहेंगे। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आदेश 12वीं कक्षाओं तक के स्कूलों पर लागू होगा। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद प्रशासन ने कहा कि यह फैसला दिवाली के बाद से वातावरण में पीएम10 और पीएम 2.5 के बढ़े स्तर और उसकी वजह से खराब हुई हवा की गुणवत्ता की वजह से लिया गया है। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी बीएन सिंह ने लिखित आदेश में कहा कि बच्चों को स्कूल ले जाने में इस्तेमाल होने वाले वाहनों से बड़ी मात्रा में पीएम2.5 और पीएम10 का उत्सर्जन होता है तथा ऐसे वाहनों के परिचालन से स्थिति और खराब होगी। इसलिए गौतमबुद्ध नगर जिले में 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को चार नवंबर और पांच नवंबर को भी बंद रखने का फैसला किया गया है।



## प्रदूषण कम करने के लिए निगम ने फायर बिग्रेड की गाड़ियों को उतारा

**फरीदाबाद।** वायु प्रदूषण की आपात स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम फरीदाबाद ने निगमायुक्त सोनल गोयल के निर्देश पर पूरी ताकत झोंक दी है। निगम की फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने रविवार को निगम क्षेत्र में पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया। निगमायुक्त की कड़ी चेतावनी के बाद ईकोग्रीन कंपनी ने भी शहर में जगह-जगह पड़े कूड़े को ढ़ेरों को कल रात से उठाना शुरू कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप कूड़े के खत्तों पर सफाई दिखाई दी। इंजिनियरिंग विभाग ने जहां सड़कों पर टैंकरों से पानी का छिड़काव का काम जारी रखा वहीं जगह-जगह खुले में पड़ी हुई भवन निर्माण सामग्री के कारण 18 मकान मालिकों के चालान किए गए। इसके इलावा भवन निर्माण सामग्री को अनेकों स्थानों पर ढ़कवाया भी गया। इसके इलावा निगम के तीनों जोनों में सफाई विभाग के द्वारा रात्रि सफाई का कार्य भी निरंतर जारी है। निगमायुक्त सोनल गोयल ने शहरवासियों से पुनः अपील की है कि वायु प्रदूषण की आपात स्थिति से निपटने के लिए वे नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें और प्रदूषण फैलाने वाले लोगों की शिकायत करें जिससे कि निगम प्रशासन ऐसे तत्वों के विरूद्ध प्रभाव कार्रवाई कर सके। फरीदाबाद नगर निगम ने बताया गया है कि एनआईटी में नीलम चौक से बाटा रोड़ पर, नीलम से बीके. चौक तक, टाउन पार्क क्षेत्र, सेक्टर 12 कोर्ट रोड़, सेक्टर 15, डिवाईडिंग रोड़, सेक्टर 16ए, सेक्टर 15.16ए रोड़, पुलिस लाईन सेक्टर 31 रोड़, बाई पास रोड़, बल्लभगढ़ दशहरा ग्राउंड क्षेत्र, सेक्टर 55 से सेक्टर 25 रोड़ और मथुरा रोड़ झाड़सेतली क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया गया।

## 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** एक तरफ जहां जिले में प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है वहीं अब जिला प्रशासन ने प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में रविवार को लोनी तहसील क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने के लिए जिम्मेदार 16 लोगों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला अधिकारी अजय शंकर पांडे प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती बरतने के संकेत दिए। रविवार की शाम को जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने लोनी तहसील में सेवा धाम गड्ढे का निरीक्षण किया था और वहां से सैकड़ों कुंटल वेस्ट बरामद किया था साथ ही उन्होंने एसडीएम लोनी व तहसीलदार को निर्देश दिए थे कि उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। जिन्होंने इस अवैध धंधे को चलाने के लिए अपनी जमीन दे रखी है। एसडीएम व तहसीलदार ने जांच के बाद रविवार को कुल 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जिन लोगों खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें राजपाल और उर्फ नत्थी, जयवीर सिंह, विजय पाल सिंह, जगत सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, अजब सिंह, महक सिंह, सूरजमल, कृष्ण कुमार, रामकुमार, सुखबीर सिंह, सत्यपाल सिंह, यशवीर सिंह, देवेंद्र कुमार, मदनलाल व अरुण कुमार अरोरा शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर बोले

## मंत्रिमंडल में किसे रखना है किसे नहीं रखना, सीएम का विशेषाधिकार!


केंद्रीय राज्यमंत्री ने सड़क मार्ग के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर सरकार का दूसरा कार्यकाल शुरू हुआ है, अभी मंत्रिमंडल भी पूरा नहीं बना है लेकिन फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य शुरू हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है कि किसको मंत्रिमंडल में लेना है और किसको नहीं लेना है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मंत्रिमंडल संतुलित होगा और उसमें हर जाति, हर क्षेत्र को प्रतिनिधित्व मिलेगा इसलिए फरीदाबाद जिला को भी उसमें प्रतिनिधित्व मिलेगा, यह पक्का है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में फरीदाबाद का चहुंमुखी विकास करने का हम सब का प्रयास होगा। फरीदाबाद की नई पहचान बने, फरीदाबाद उन्नति के शिखर पर पहुंचे, हम सब उसके लिए प्रयासरत हैं। गुर्जर रविवार को स्थानीय सेक्टर-10 और सेक्टर-11 की डिवाइडिंग रोड के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

इस सड़क के नवीनीकरण पर पांच करोड़ 30 लाख रुपए की लागत आएगी। लगभग सवा किलोमीटर लंबाई कि यह सड़क आरएमसी की बनेगी तथा इसकी चौड़ाई 44 फुट होगी। दोनो तरफ रोड की चौड़ाई 22-22 फुट होगी। इसके बीच में लगभग ढाई फुट का सेंट्रल वर्ज होगा।

## हरियाणा में ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाएगी गठबंधन सरकारः महेन्द्र प्रताप

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र प्रताप ने भाजपा-जजपा गठबंधन पर हल्ला बोलते हुए कहा कि बेमेल और परस्पर विरोधी गठबंधन की यह सरकार अधिक दिनों तक नहीं चलने वाली। दोनों ही पार्टियों के विचार और मेनिफेस्टों अलग है। जनता ने जिस प्रकार से सत्ता में बैठी सरकार के खिलाफत दिया है, इससे स्पष्ट होता है कि जनता जागरूक हो चुकी है और परिवर्तन चाहती है क्योंकि 90 में से 50 सीटें सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के विरूद्ध गई है। महेंद्र प्रताप रविवार को मेट्रो गार्डन में बड़खल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप द्वारा आयोजित विशाल धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने सभा में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि इन विधानसभा चुनावों में कुछ कमियां हमारी पार्टी की भी रही, वरना स्थिति बिल्कुल उलट होती।



## ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन लोग पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

लोनी बॉर्डर थाने की पुलिस ने रविवार को बंद पड़ी बीमा पॉलिसी को चालू कराने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से मोबाइल फोन आधा दर्जन सिम व की पैड बरामद किए हैं।

- **बंद पड़ी बीमा पॉलिसी को चालू कराने के नाम पर ठग चुके थे लाखों रुपये**

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नीरज जादौन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लोनी क्षेत्र में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो लोगों से फोन पर संपर्क कर रुकी बीमा पॉलिसियों को चालू करा कर लाभ पहुंचाने का झांसा देता था इसके बाद वह लोगों से फर्जी अकाउंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा करा कर निकाल लेता था। अब तक यह गिरोह कई लाख रुपए की चपत लोगों को लगा चुका था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मेरठ निवासी आनंद, निठोरा लोनी निवासी राहुल व मैनपुरी निवासी अनुरोध यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और पुलिस ने इन्हें जेल भेज दिया।

## तीस हजारी प्रकरण पर वकीलों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

शनिवार को देश की राजधानी की तीस हजारी अदालत परिसर में पार्किंग को लेकर हुए विवाद से गुड़गांव के अधिवक्ता भी आहत हैं। उनका कहना है कि न्याय दिलाने वालों के ऊपर ही जब पुलिस फायरिंग करेगी तो आम आदमी कैसे सुरक्षित रह सकता है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव पंडित अरुण शर्मा व उपाध्यक्ष जितेंद्र कौशिक ने बताया कि रविवार को अधिवक्ताओं ने बैठक का आयोजन कर तीस हजारी प्रकरण पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस ने बर्बरता से अधिवक्ताओं पर हमला किया है। पार्किंग को लेकर मामूली विवाद में पुलिस ने निर्दोष अधिवक्ताओं पर फायरिंग व मारपीट कर गलत किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साइबर सिटी के सभी अधिवक्ता पीड़ित अधिवक्ताओं के साथ हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व सरकार से भी मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो स्थिति बिगड़ सकती है, जिसकी जिम्मेदार दिल्ली पुलिस व सरकार ही होगी।

## विवाद के चलते किन्नर को गोली मारी, आरोपी फरार



**गाजियाबाद।** थाना कविनगर क्षेत्र की मधुबन -बापूधाम कॉलोनी में रविवार सुबह एक किन्नर को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी और फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है प्रारम्भिक जांच में मामला कि किन्नरों के बीच इलाके के बंटवारे का प्रतीत हो रहा है। घायल किन्नर ने हमलावरों में दूसरे किन्नर गुड्डी व उसके साथियों के नाम बताये हैं।

कविनगर थाना प्रभारी अनिल शाही ने रविवार को बताया कि मधुबन-बापूधाम कॉलोनी निवासी किन्नर आंचल रविवार सुबह पार्क में घूम रही थी। इसी दौरान अचानक बाइक पर सवार दो लोग मौके पर पहुंचे और गोली मार दी और फरार हो गए गोली लगने के बाद किन्नर जमीन पर गिर गई। गोलियों की आवाज सुनकर लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना की सूचना ने पुलिस को दी। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जमीन पर घायल अवस्था में पड़े किन्नर को पास के ही एक निजी में अस्पताल भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। उसके पैर में गोली लगी है और स्थिति खतरे से बाहर है।

उधर घायल किन्नर के साथियों ने पुलिस को बताया कि गुड्डी व आंचल के बीच इलाके में बधाई के पैसे वसूलने को लेकर सीमा विवाद चल रहा था।

## केस वापस लेने के लिए शिकायतकर्ता के भाई पर गोली चलाई, बाल-बाल बचा

**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र के जाजरू गांव में एक नवंबर की रात एक युवक ने थाने में दर्ज मामले को वापस लेने के लिए शिकायत कर्ता के भाई पर गोली चला दी। गोली चलने पर युवक जमीन पर बैठ गया, जिससे वह बाल बाल बच गया। इस मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

थाने में दर्ज मामले के अनुसार जाजरू गांव निवासी भरत लाल ने दी शिकायत में बताया कि गोवर्धन पर्व की रात उसका भाई बाली कुमार अपने घर के बाहर पटाखे चला रहा था। आरोप है कि तभी सतपाल डागर नाम का एक युवक आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने बाली के साथ मारपीट शुरू कर दी। बाली उससे छूटकर अपने घर में आ गया। आरोप है कि



तभी सतपाल भी पीछे-पीछे उसके घर में आ गया। आरोप है कि सतपाल ने शराब पी हुई थी। घर में आकर वह गालियां देने लगा। जिस पर बाली के बड़े भाइयों ने उसे समझाने की कोशिश की, मगर वह फिर भी नही माना और उनसे भी लड़ने लगा। इस बात की जानकारी उन्होंने सतपाल के घरवालों को दे दी। परिवार के लोग उसे ले गए। आरोप है कि सतपाल आया और उसने पिस्टल से फायरिंग करते हुए तीन गोलियां चलाई। आरोपी ने घर में आए रिश्तेदारों को धमकी देते हुए गालियां दी। फायरिंग होने पर बाली के परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

भरत लाल का आरोप है कि एक नवंबर की रात वह अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि रात को करीब साढ़े आठ बजे किसी ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। उसने दरवाजा खोलकर देखा तो बाहर सतपाल डागर खड़ा था, जिसने सीधे भरतलाल पर फायरिंग की। फायरिंग होने पर भरतलाल जमीन में नीचे झुक गया, जिस वजह से गोली दीवार में जाकर लगी।

### एक और मामला दर्ज

एसएचओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पहले भी मामला दर्ज है, अब एक और मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

### हाई वोल्टेज की चपेट में आकर हुई परिचालक की मौत

**फरीदाबाद।** ट्रक बैक करते समय 11 हजार वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से परिचालक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेवात के नूंह में रहने वाले निजार मोहम्मद पुत्र कालूवा खान ने रविवार को बताया कि साजिद पुत्र जैतून निवासी गांव सिरौही नामक ट्रक चालक के साथ उसका 20 वर्षीय बेटा राशिद परिचालक के तौर पर काम करता है। शनिवार देर रात वह बसंतपुर में किसी सामान को खाली करने गए थे। सामान खाली करने के बाद जब उसका बेटा राशिद ट्रक पर खड़े होकर उसे बैक करवा रहा था, तभी लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए साजिद ने ट्रक को एकाएक पीछे कर दिया, जिससे उसका बेटा राशिद वहां से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## 'बच्चों में संस्कारों का सृजन करें माता-पिता'



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेमजी गोयल ने अपने संबोधन में वर्तमान में छोटे होते परिवारों को संयुक्त परिवार का महत्व, संस्कार विहीन होते बच्चों में माता-पिता कैसे संस्कारों का सृजन करें विषय पर विचार व्यक्त किए। प्रेम गोयल ने दंपत्तियों को बताया कि घर में भोजन करते समय टीवी और मोबाइल का उपयोग ना करें। सभी को अपने घरों में श्यामा तुलसी अवश्य लगानी चाहिए। अपने किसी भी मेहमान के सामने बच्चों को डांटना नहीं चाहिए। हमारे परिवार की जड़े हमेशा हरी भरी रहनी चाहिए जिससे की उचित फैसले लिए जा सकें। वे रविवार को यहां बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित कुटुंब प्रबोधन के तहत युवा दंपत्ति सम्मेलन में उपस्थित दंपत्तियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य कृष्ण कांत गुप्ता ने युवाओं की समस्या और परिवार में संस्कार पर विचार रखे। कार्यक्रम में फरीदाबाद और पलवल से 100 दंपतियों ने भाग लिया।

व्रतियों ने परिवार की खुशहाली के लिए सूर्य देव से की कामना

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पूर्वांचल समुदाय का चार दिवसीय छठ महापर्व का रविवार को व्रतियों द्वारा उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद धूमधाम से समापन हो गया। अलसुबह से ही हजारों की संख्या में महिला पुरुष व्रती घाटों व तालाबों पर सूर्य देव को अर्ध्य देने के लिए जुटने शुरु हो गए थे। महापर्व का मुख्य आयोजन शीतला माता मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म सरोवर में किया गया था। बड़ी संख्या में व्रतियों ने उगते सूर्य को सरोवर में खड़े होकर अर्ध्य देकर पूजा-अर्चना करते हुए अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भी की। बीती रात से ही आयोजन स्थलों पर समुदाय के लोगों का तांता लगा रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते रहे, ताकि व्रती अपने को असहज न समझें और प्रातः के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले सकें।

शीतला माता मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म सरोवर में सबसे ज्यादा श्रद्धालु छठ पर्व मनाने आए। यहां पर यह आयोजन पाटलिपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति द्वारा किया गया था। समिति के पदाधिकारियों संजय कुमार सिंह, संत कुमार



अपनी टीम के साथ आयोजन की व्यवस्था में जुटे दिखाई दिए। उन्हें व्यवस्था बनाने में बड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी। उनका मानना था कि पूजा अर्चना में किसी व्रती को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### कई स्थानों पर हुई पूजा-अर्चना

छठ पूजा के लिए सेक्टर 41 स्थित शक्ति पीठ मंदिर, सेक्टर 4 के राव तुलाराम पार्क, रेलवे स्टेशन रोड, पंजीरी प्लांट, सुखराली एंक्लेव, सैक्टर 45 स्थित टेनिस कोर्ट, डूंडाहेड़ा, सूरत नगर फेस टू, चकरपुर, सेक्टर 40, डूण्डाहेड़ा गांव, कन्हई गांव, नाहरपुर रुपा, सुशांत लोक फेस 3, सेक्टर 10ए, टेलीफोन कॉलोनी, कादीपुर गांव, सैक्टर 15 पार्ट टू, गढ़ी हरसरु, ओम विहार, न्यू पालम विहार, मानेसर, मारुति कुंज सहित जिले के सोहना, भौंडसी, पटौदी, फरुखनगर क्षेत्र में भी अस्थायी तालाब बनाए गए थे। इन स्थानों पर भी बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोगों ने सूर्य देव की पूजा-अर्चना कर उन्हें अर्ध्य देकर पर्व का समापन किया।

### व्रतियों को दी शुभकामना

इस महापर्व पर राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रमों में पहुंचकर पूर्वांचल समाज के लोगों शुभकामनाएं भी दी। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग शामिल हुए। कलाकारों ने कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां देकर पूर्वांचल संस्कृति से रुबरु कराया और वाहवाही लूटी। इस प्रकार के कार्यक्रम देर रात तक चलते रहे।

### प्रशासन ने किया सहयोग

पाटलिपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति ने शीतला माता मंदिर परिसर में महापर्व का आयोजन किया था। जिला प्रशासन ने भी आयोजन स्थलों पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए थे, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग की भी सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी आयोजन में बड़ा सहयोग मिला है।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय की रिक्त रह गई सीटें

**पानीपत।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पानीपत की 9वीं कक्षा की कुल 16 रिक्त सीटों के लिए आठ फरवरी सन-2020 को प्रवेश परीक्षा होनी सुनिश्चित की गई है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर तक है। कोई भी इच्छुक अभ्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वैबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटनवोदयजीओवीडॉटइन और एनवीएसएडमीशन क्लासनाईनडॉटइन के माध्यम से अपना आवेदन कर सकता है। जो छात्र एवं छात्रा कक्षा 8 में सरकारी अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्यन्नरत हो और उनकी आयु 1 मई 2004 से 30 अप्रैल 2008 दोनों दिवसों को मिलाकर के बीच में हो वे अभ्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

### गुमशुदा लड़की की तलाश में की छापेमारी

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा शहर निवासी गुमशुदा एक लड़की की तलाश में कई संभावित स्थानों पर छापेमारी की गई। किंतु संदेहजनक हालात में गुम हुई लड़की के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थाना प्रबंधक शहर जितेंद्र ने बताया कि गुमशुदा लड़की के परिजनों ने शिकायत देते हुए बताया था कि उनकी लड़की पूजा बीती 28 अक्तूबर को घर से सामान लेने गई थी। जो अब तक वापिस घर नहीं आई। उनके द्वारा अपने तौर पर काफी तलाश करने पर भी लापता लड़की की अब तक कोई जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया। लापता हुई लड़की के परिजनों द्वारा बताए गए संभावित स्थानों पर छापेमार कार्रवाई भी की गई। लेकिन लापता लड़की का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

### डिलिवरी ब्वॉयज ने बदले दो मोबाइल, मामला दर्ज

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने ऑल सेल्स कंपनी के डिलिवरी ब्वाय ने पार्सल में आए दो मोबाइल बदल लिए। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने डिलिवरी ब्वायज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। भिवनी निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह शिव नगर पार्ट-2 में रहता है। उसने एक ऑनलाइन सेल्स कंपनी से दो मोबाइल मंगवाने के लिए आर्डर किए थे। कंपनी के डिलिवरी ब्वाय द्वारा 26 अक्तूबर को आर्डर की डिलिवरी कर दी गई। लेकिन पार्सल को खोल कर देखा गया तो उसमें जिस कंपनी के मोबाइल को मंगवाने का आर्डर दिया गया था। उनके स्थान दूसरे मोबाइल दिए गए। शिकायतकर्ता ने कंपनी में इसकी शिकायत की तो बताया गया कि कंपनी की ओर से आर्डर किए गए मोबाबइल ही भेजे गए थे। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के बाद डिलिवरी ब्वाय के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला किया बीस पर मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने 2 नवंबर को नगर के ढांड बाईपास हुई गोलीबारी के मामले में 20 युवाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला जींद के नेपेवाला गांव के अमित ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब वह 2 नवंबर को बाद दोपहर गाड़ी में सवार होकर अपने साथी दीपक के साथ ढांड चौक से गुजर रहा था तो एक बिना नंबर के गाड़ी में सवार होकर हरिपुरा गांव के संजीव, सांघन के प्रदीप, मीठा, जाखोली के वोकल, अर्जुन नगर कैथल के सनी, जगमोहन, कृष्ण, सौरभ, साईं व रणदीप अपने 10-12 साथियों के साथ आए और उन पर लाठी डंडा और गंडासियों से हमला करते हुए उसे व उसके दोस्त दीपक को घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उन पर गोली दाग दी जो उसकी टांग में लगी। बाद में सभी आरोपी गाड़ी में सवार होकर मौके से फरार हो गए। हादसे में घायल उसे तथा दीपक को कैथल के सिग्नस अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। झगड़े का कारण पुरानी रंजिश बताया गया है। सिविल लाइन कैथल पुलिस के एएसआई मनवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने अमित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रत्नावली महोत्सव दूसरा दिन



**कुरुक्षेत्र।** लोक संस्कृति की पहचान परिधान व वेशभूषा होते हैं। हरियाणा की वेशभूषा की एक बेजोड़ प्रस्तुति रविवार को रत्नावली राज्यस्तरीय सांस्कृतिक समारोह में दूसरे दिन देखने को मिली। प्रदेशभर से आए युवा कलाकारों ने अपने लोक परिधान से हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति व वेशभूषा का प्रदर्शित किया।

### जींद में कैदी को सौंपी थी सब्जी बनाने की जिम्मेदारी, जेल में हुआ हादसा

# खाना बनाते समय गैस भभकने से हादसा, कैदी और बंदी झुलसे, रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कारागार भोजनालय के लंगर में रविवार दोपहर को खाना बनाते समय गैस के भभकने से सजायाफ्त कैदी तथा बंदी झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए तुरंत सामान्य अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालात गंभीर देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- पुलिस कर रही मामले की जांच
- सफाई के दौरान रह गया था चुल्हे का रेगूलेटर रह गया ऑन

जिला कारागार भोजनालय में सजायाफ्त कैदी गांधी नगर नरवाना सोमा (32) खाना बनाने का कार्य करता है। रविवार दोपहर को वह भोजनालय में लंगर तैयार करने के लिए गैस चुल्हा भट्ठी की साफ सफाई कर रहा था। उस दौरान रेगूलेटर ऑन था, सफाई के बाद जैसे ही सोमा ने तिल्ली जलाई तो गैस भभक उठी और सोमा तथा उसके बगल में खड़े बंदी मिथुन आग की चपेट में आ गए। जिसमे सोमा बुरी तरह झुलस गया, जबकि मिथुन आंशिक रूप से झुलसा गया। घटना की सूचना मिलते ही जेल अधिकारियों ने दोनों को शहर के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। बंदी मिथुन ने बताया कि कैदी सोमा सब्जी बनाने की तैयारी कर रहा था और उसने चुल्हा भट्ठी जालियों की सफाई की थी। उस दौरान वह चाय लेने के लिए गया हुआ था, जैसे ही उसने तिल्ली जलाई तो आग भड़क उठी और दोनों को चपेट में ले लिया।



**जींद।** आग से झुलसे कैदी तथा बंदी को पीजीआई ले जाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### दोनों की हालत खतरे से बाहर

जेल उपाधीक्षक राकेश ने बताया कि पाइप के साथ गैस भोजनालय के लंगर तक ले जाई गई है। सोमा को सब्जी बनाने का कार्य सौंपा गया था। गैस पाइप लाइन को ऑन कर उसने चुल्हे की सफाई की। जैसे ही तिल्ली जलाई तो आग भड़क उठी। दोनों के हालात खतरे से बाहर हैं। दोनों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है।

## रेवाड़ी : आग से चार झुलसे, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

रविवार देर शाम बनीपुर चौक पर गैर सिलेंडरों में आग लगने से आसपास के चार लोग आग से झुलस गए। जिनमें दो की हालात गंभीर बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस तथा फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तथा करीब दो घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बावल औद्योगिक कस्बा के बनीपुर चौक पर एनएच के पास रेवाड़ी रोड पर बर्तनों की दुकान में अवैध रूप से छोटे गैस सिलेंडर भरने का काम चल रहा था। रविवार की रात करीब सात बजे गैस भरते समय अचानक सिलेंडर में आग लगने से हुए धमाके के साथ आग भड़क गई। आग की चपेट में आने से वहां रखे 6 गैस सिलेंडर फट गए तथा आसपास मौजूद दो युवकों के सिर पर जाकर लगे। जिससे आसपास के दुकानदारों में भगदड़ मच गई। सूचना के बाद कसौला व बावल थाना पुलिस दमकल की दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। आग से दो राहगिरों सहित चार लोग झुलस गए। जिनमें दो की हालात गंभीर बताई जा रही है।



**रेवाड़ी।** हाईवे के पास बनीपुर चौक पर गैस सिलेंडर फटने से भड़की आग। फोटो: हरिभूमि

# फूड सेफ्टी अधिकारियों की दुकानों पर छापेमारी

## भुजिया फैक्टरी व दुकान के सामान के भरे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी की गांधी नगर कालोनी स्थित एक घर में भुजिया फैक्ट्री में एक रोज पूर्व दिल्ली तीस हजारी कोर्ट के आदेशानुसार एक टीम जांच के दौरान संदिग्ध सामान बरामद किया था। इसी कड़ी में रविवार को भी गांधी नगर कालोनी में फूड सेफ्टी ऑफिसर सुरेंद्र पूनिया ने आसपास की दुकानों में पहुंचकर भुजिया के सैम्पल लिए। फूड सेफ्टी टीम के साथ दादरी सिटी थाना पुलिस भी मौजूद रही। सैम्पल जांच के दौरान कालोनी व आसपास के दुकानदारों में हड़कप मच गया।

- विभाग की कार्रवाई के दौरान पुलिस भी रही मौजूद
- छापेमारी की गई वीडियोग्राफी

बता दें कि दादरी की गांधी नगर कालोनी स्थित एक मकान में चलाई जा रही भुजिया फैक्ट्री में 2 नवम्बर को दिल्ली तीस हजारी कोर्ट के आदेशानुसार एक टीम जांच के लिए पहुंची थी। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक मकान में जांच की। इस दौरान वहां पर काफी मात्रा में भुजिया, एक कम्पनी के नाम से मिलते-जुलते खाली व भरे हुए पैकेट, पैकिंग मशीन के अलावा भुजिया बनाने की भट्ठी, तेल व अन्य सामान भी रखा हुआ था। टीम के साथ आए कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए लोकल कमीश्नर ने मौके की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी की। दादरी पहुंचे उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर स्थित वी.के. होम सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी मोहित अग्रवाल ने बताया था कि उनकी कम्पनी परी नाम के ब्रांड से भुजिया बनाती है। पिछले दिनों उन्हें शिकायत मिली थी कि भिवानी जिला में उनके ब्रांड की भुजिया खाने से एक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें यह भी पता चला कि दादरी के गांधी नगर क्षेत्र में एक घर में ही फैक्ट्री चला कर उनके ब्रांड से मिलते-जुलते भुजिया के पैकेट बनाकर बाजार में सप्लाई किए जा रहे है। इसी के चलते उन्होंने कम्पनी के वकील की तरफ से दिल्ली तीस हजारी कोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अधिवक्ता चंद्र मुकेश सांगवान को लोकल कमिश्नर नियुक्त करते हुए बताए गए स्थान पर जाकर जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा था। कोर्ट के आदेशों पर अमल करते हुए लोकल कमीश्नर चंद्र मुकेश सांगवान, कम्पनी के अधिकारी मोहित अग्रवाल, अधिवक्ता अमित तोमर दादरी पहुंचे और जांच की थी।



**दादरी।** फैक्ट्री से सैम्पल लेते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

फूड सेफ्टी ऑफिसर सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि बाद उच्च अधिकारियों ने दादरी पहुंचकर जांच के आदेश जारी किए थे। जिस फैक्ट्री से भी सैम्पल लिए गए है। ये सैम्पल फूड सेफ्टी की लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। जिसके बाद रिपोर्ट आने पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर सुलतानुपर लोधी की यात्रा को मुफ्त बस सेवा

**सुलतानपुर लोधी (पंजाब)।** पंजाब सरकार ने रविवार को कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव के 550 वे प्रकाश वर्ष पर श्रद्धालुओं को सुलतानपुर लोधी के लिए मुफ्त बस सेवा प्रदान की जाएगी। एक बयान में पर्यटन एवं संस्कृति मामलों के मंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि पांच से 12 नवंबर तक राज्यभर से श्रद्धालुओं को कपूरथला जिले के सिख तीर्थस्थल सुलतानपुर लोधी ले जाने के लिए रोजाना 1500 बसें संचालित की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि बसों की विस्तृत समयसारिणी सभी जिलों के उपायुक्तों और उपसंभागीय मजिस्ट्रेटों को भेजी गयी है और हर विधानसभा में शहर और गांव वार बसें आवंटित की गयी हैं ताकि अधिकतम श्रद्धालु तीर्थाटन पर जा पाएं। पर्यटन विभाग ने लोगों द्वारा प्रकाश पर्व समारोह के बारे में कोई भी सूचना पाने के लिए निःशुल्क नंबर 1800-180-0550 शुरू किया गया है। हजारों श्रद्धालु गुरूद्वारा बेर साहिब और अन्य गुरूद्वारों में अपना मत्था टेकने जाते हैं।

### श्री सुखमणि साहिब के एक स्वर में ग्यारह हजार पाठ

**कपूरथला (पंजाब)।** श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकासोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री बेर साहिब के भाई मरदाना दीवान हाल में रविवार को देश की 100 से अधिक सुखमणि साहिब सेवा सोसायटियों की तरफ से एक स्वर में 11 हजार पाठ कर पूरे वातावरण को प्रभु के रंग में रंग दिया। सुबह श्री सुखमणि साहिब का पाठ आरंभ हुआ, जिसमें दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, मुंबई, पटना साहिब, नादेड़ साहिब आदि समेत विभिन्न राज्यों से गायन रुप में सुखमणि साहिब का पाठ कर अनोखी छटा बिखेरी।


## विज्ञापन

पराली जलने की घटनाओं एवं वायु प्रदुषण को कम करने के लिए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा चालू वर्ष 2019-20 में सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन (समैम) स्कीम में स्ट्रा बेलर यूनिट (स्ट्रा बेलर, हे रेक तथा स्लैशर/शरब मास्टर) कृषि यन्त्र सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, करनाल, व कुरूक्षेत्र जिले के किसान भाईयों को अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। अतः इच्छुक किसान भाईयों www.agriharyanacrm.com Portal पर दिनांक 05-11-2019 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों से अथवा विभाग के कन्ट्रोल रूम से 18001802117, 0172-2521900 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**महानिदेशक,**
**कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा**


# पंजाब ने पराली जलाने वाले 3,000 किसानों पर जुर्माना लगाया: अमरिंदर

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने पराली जलाने वाले 3,000 किसानों पर जुर्माना लगाया है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि लोगों की समस्या का समाधान करने के बजाए वह राजनीति से ज्यादा कुछ नहीं कर रहे हैं। अमरिंदर सिंह ने कहा, '' समस्या का समाधान करने के बजाय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केवल राजनीति कर रहे हैं।'' उन्होंने पूछा कि आम आदमी पार्टी के नेता ने इस समस्या के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर क्या किया है? पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य प्रशासन ने एक नवंबर तक पराली जलाने के 20,729 मामलों में 2,923 किसानों पर जुर्माना लगाया। राज्य सरकार वृहद पैमाने पर की गई कोशिश की वजह से पिछले साल के मुकाबले इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 10 से 20 फीसदी की कमी आने की उम्मीद कर रही है। दिल्ली के धुंध में पंजाब की हिस्सेदारी को स्वीकार करते हुए अमरिंदर ने कहा कि समस्या के लिए उनके ही राज्य को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराना 'बिल्कुल गलत' है। उन्होंने कहा, पिछले साल पराली जलाने की करीब 49,000 घटनाएं सामने आई थीं। इस साल सरकार को अबतक ऐसी 20,729 घटनाओं की जानकारी मिली है जबकि 70 फीसदी से अधिक धान की कटाई हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा, '' पिछले साल किसानों पर पराली जलाने को लेकर लगाए गए जुर्माने की वसूली पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है इसके बावजूद राज्य सरकार ने पराली जलाने के खतरनाक पंरपरा को रोकने के लिए वृहद कदम उठाए हैं।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बात को समझेंगे और दिल्ली में वायु प्रदूषण से खराब होते हालात को लेकर लिखी गई चिट्ठी पर सकारात्मक जवाब देंगे।

- पंजाब के मुख्यमंत्री बोले- केजरीवाल सिर्फ राजनीति कर रहे

### केंद्र सरकार के खिलाफ पंजाब में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**चंडीगढ़।** पंजाब में सत्तारूढ़ कांग्रेस मोदी सरकार की ₹जन विरोधी नीतियों₹ और क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) मुद्दे को लेकर 15 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी। क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागादारी में 10 आसियान देश और छह अन्य देश भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जिनके बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में वार्ता चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैंकॉक की यात्रा पर हैं जहां काफी समय से लंबित आरसीईपी को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत आखिरी चरण में पहुंच गई है। कांग्रेस का मानना है कि इस समझौते से किसानों, दुकानदारों, छोटे व मध्यम उद्योगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

# आखिर कब स्वतंत्र गाड़ी बनेगी एकता एक्स

अजय सैनी ▶▶| भिवानी

भिवानी से कालका के बीच दौड़ने वाली एकता एक्सप्रैस को स्वतंत्र गाड़ी बनाए जाने की मांग एक बार फिर मुखर होने लगी हैं। एकता एक्सप्रैस में यात्रा करने वाले यात्रियों को चंडीगढ़ जाते व चंडीगढ़ से लौटते वक्त करीब एक-एक घंटे का समय पानीपत जंक्शन पर जाया करना पड़ता है। इस कारण उनकी यात्रा पीड़ादायक हो जाती हैं। 14795/96 एकता एक्सप्रैस को स्वतंत्र बनाए जाने की मांग को लेकर भिवानीवासी एक नहीं, अनेक रेल मंत्रियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन भरोसे के अलावा उन्हे किसी से कुछ नहीं मिला। भिवानी से पानीपत तक एकता एक्सप्रैस स्वतंत्र गाड़ी के रूप में जाती हैं। लेकिन पानीपत में इस गाड़ी को सराय रोहिल्ला से कालका को जाने वाली हिमालय क्वीन एक्सप्रैस के साथ जोड़ा जाता हैं। इसीलिए इस गाड़ी को हिमालय क्वीन का इंतजार करना पड़ता हैं। इस मशक्कत में एक घंटा तो लाजिमी है। अगर हिमालय क्वीन 15 मिनट लेट हो गई तो इंतजार करीब आधा घंटा ओर बढ़ जाता हैं। एकता एक्सप्रैस में भिवानी से पानीपत के लिए केवल 6 डिब्बे चलते हैं। इनमें यात्री खचाखच भरे होते हैं। क्योंकि 6 डिब्बे में से भी एक डिब्बे में लगेज, डाक सेवा व गार्ड का केबिन होता हैं। शेष बचे पांच डिब्बों में भिवानी, कलानौर, रोहतक, गोहाना के यात्री ठसाठंस भर जाते हैं। भिवानीवासी एकता एक्सप्रैस को स्वतंत्र गाड़ी बनाए जाने की मांग सीके जाफर शरीफ, नितिश कुमार, ममता बैनर्जी, लालू प्रसाद यादव, सुरेश प्रभु सहित अनेक रेल मंत्रियों से कर चुके हैं। उन्हे केवल मौखिक भरोसा ही मिला, सुविधा के नाम पर कुछ नहीं। अगर एकता एक्सप्रैस को रेल प्रशासन स्वतंत्र गाड़ी बनाता है तो न केवल इस एक्सप्रैस से रेलवे को कई गुणा राजस्व बढकर मिलेगा, बल्कि यात्रियों को भी गुणात्मक सुविधा मिलेगी। रेलवे को एकता एक्सप्रैस को स्वतंत्र बनाने के लिए कुछ अधिक नहीं करना है, उसे एकता एक्सप्रैस को 4 बजकर 30 मिनट की बजाए चार बजे भिवानी से चलाना होगा। इसके बाद न केवल पानीपत का एक घंटा बर्बाद होने से बचेगा, बल्कि यह गाड़ी स्वतंत्र रूप से साढ़े 9 बजे कालका पहुंच जाएगी।



### मांग को लेकर रेल मंत्री से मिलेंगे

उत्तर पश्चिम रेलवे रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य प्रीतम अग्रवाल ने कहा कि इस मांग को वे कई बार एनडब्ल्यूआर की बैठक में रख चुके हैं। नए सिरे से बैठक में नए समय सारिणी के प्रस्ताव के साथ एकता एक्सप्रैस को स्वतंत्र गाड़ी बनाए जाने की मांग को रखा जाएगा। दैनिक रेल यात्री जनकल्याण संगठन के प्रधान एवं बीकानेर रेल मंडल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य महाबीर डालमिया ने कहा कि इस मांग को लेकर वे शीघ्र रेल मंत्री से मिलेंगे। हर बार उन्हे उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया जाता है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता।


## एडविक कैपिटल लिमिटेड

CIN : L65100DL1985PLC022505
E-mail : cs@advikgroup.com, info@advikgroup.com, Website : www.advikgroup.com/ail
**पंजी. कार्यालय :** प्लॉट नं. 84, खसरा नं. 143/84, भू-तल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली-110081

### सूचना

भारतीय प्रत्याभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं डिस्कोलर आवश्यकता) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29(1)(ए) के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की तृतीय बैठक मंगलवार, 12 नवम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. 84, खसरा नं. 143/84, भू-तल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली-110081 में एजेंडा की अन्य मदों के बीच 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अंकेक्षक की सीमित समीक्षा रिपोर्ट समेत कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडटलोन और समेकित), पर विचार करने और अनुमोदित करने हेतु आयोजित की जाएगी।

यह भी नोट किया जाए कि सेबी (अनाधिकृत व्यापार का निषेध) नियमन 2015 और सेबी द्वारा संशोधित (अनाधिकृत व्यापार का निषेध) नियमनों 2015 के अनुपालन में और कम्पनी के अनाधिकृत व्यापार हेतु आचार संहिता के प्रावधानों के तहत तथा बीएसई लिमिटेड द्वारा जारी बीएसई परिपत्र सं. LIST/COMP/01/2019-20 dated April 02, 2019 के संदर्भ में कम्पनी 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु 01 अक्तूबर 2019 से कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा तक कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु ''ट्रेडिंग विंडो'' निदेशकों / अधिकारियों / कम्पनी के कर्मचारियों के साथ-साथ पदनामित व्यक्तियों और उनके नजदीकी रिश्तेदारों के लिये पहले ही बंद हो चुकी है। ट्रेडिंग विंडो 15 नवम्बर 2019 से पुनः खुलेगी।

यह जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.advikgroup.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते एडविक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
विरेन्द्र कुमार अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00531255

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02.11.2019

## एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

CIN : L65100DL1993PLC053936,
**पंजी. कार्यालय :** द्वितीय तल, सेंट्रल बैंक बिल्डिंग, 13-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, दिल्ली-110002
E-mail : fmecinternational@gmail.com, Website : www.fmecinternational.com

### सूचना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ओब्लीगेशन एवं डिस्कोलर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 29 के साथ पठित नियमन 47 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की तृतीय बैठक मंगलवार, 12 नवम्बर 2019 को अप. 3.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय द्वितीय तल, सेंट्रल बैंक बिल्डिंग, 13-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, दिल्ली-110002 में 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु वैधानिक अंकेक्षक की रिपोर्ट सहित कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडटलोन और समेकित) तथा कार्य सूची की अन्य मदों पर विचार करने और अनुमोदित करने हेतु आयोजित की जाएगी।

यह भी नोट किया जाए कि सेबी (अनाधिकृत व्यापार का निषेध) नियमन 2015 और सेबी द्वारा संशोधित (अनाधिकृत व्यापार का निषेध) {संशोधन} नियमनों 2018 और कम्पनी के अनाधिकृत व्यापार हेतु कम्पनी की आचार संहिता के प्रावधानों के तहत तथा बीएसई परिपत्र सं. LIST/COMP/01/2019-20 dated April 02, 2019 के अनुपालन में कम्पनी 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु 01 अक्तूबर 2019 से कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे पश्चात तक कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु ''ट्रेडिंग विंडो'' निदेशकों / अधिकारियों / कम्पनी के कर्मचारियों के साथ-साथ पदनामित कर्मचारियों और उनके नजदीकी रिश्तेदारों और सेबी (अनाधिकृत व्यापार का निषेध) नियमनों, 2015 के नियमन 2 (डी) में दिये अनुसार सभी सम्बन्धित व्यक्तियों के लिये बंद कर दी गई है। तदनुसार, ट्रेडिंग विंडो 15 नवम्बर 2019 से पुनः खुलेगी।

यह जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.fmecinternational@gmail.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
राधिका कथूरिया
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस 53515

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02.11.2019

## खबर संक्षेप



मथुरा। नेशनल हाइवे-2 पर भारी धुंध की वजह से परेशानी में बाइक सवार।

### मुजफ्फरनगरः निर्माण कार्यों पर 5 तक रोक

**मुजफ्फरनगर।** प्रदूषण के बढ़ते असर को देखते हुए अधिकारियों ने जिले में मंगलवार तक सभी निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया, कागज मिलों व ईंट भट्ठों को बंद करने का आदेश दिया है। जिले में शनिवार से वायु गुणवत्ता खराब है, अब बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। निर्माण कार्यों पर रोक लगा दिया, कागज की नौ मिलों, 333 ईंट के भट्ठों को 5 नवंबर तक बंद कर दिया है।

### मॉब लिंचिंग मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**बांदा (उप्र)।** फतेहपुर जिले के सिमौर गांव में पत्नी का कत्ल करके भाग रहे युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी व्यक्ति मृत महिला के रिश्तेदार हैं। गाजीपुर थाने के एसओ संदीप तिवारी ने रविवार को बताया कि वायरल वीडियो के माध्यम से पहचान कर मृत महिला अफसरी के भाई ओसामा, मामा अब्दुल्ला कुरैशी, ममेरे भाई सलमान, रफीक व मौसेरे भाई शाहनवाज को अरेस्ट किया है।

### झारखंड में चुनाव ख़र्च पर निगरानी के लिए मुरली विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव में व्यय की सीमा पर निगरानी के लिए राजस्व सेवा के अधिकारी बी मुरली कुमार को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आयोग ने रविवार को बताया कि 1983 बैच के अधिकारी कुमार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से परामर्श के आधार पर नियुक्त किया है।

## समस्तीपुर में काली मंदिर की दीवार गिरने से हुआ हादसा

# बिहार-झारखंडः छठ के दौरान हादसों में नौ लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार, झारखंड में छठ पर्व के दौरान हुए कई हादसों में दो बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बिहार के समस्तीपुर जिले के बड़गांव में रविवार सुबह काली मंदिर की दीवार गिरने से छठ पूजा देख रहीं दो महिला श्रद्धालुओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई व चार लोग घायल हुए हैं। हसनपुर के थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि हादसा सुबह लगभग साढ़े छह बजे उस समय हुआ जब श्रद्धालु सुबह का अर्घ्य देकर लौटने की तैयारी कर रहे थे। हादसे के बाद अफरातफरी मच गई, बाद में मलबे से दो मृतकों सहित करीब छह महिलाओं को निकाला गया। गौरी ने बताया कि मृतकों की पहचान लल्ली देवी व बुची देवी के रूप में हुई है जिनकी उम्र क्रमशः 40 साल व 50 साल है। घायलों को हसनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है व एक अन्य घायल व्यक्ति ने भी उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।



### झारखंड : दो सगी बहनों समेत तीन लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** पलामू जिला में पाटन थाना क्षेत्र के कोरियाडी गांव की दो सगी बहनों की रविवार सुबह छठ पूजा के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना गांव के निकटवर्ती बंका नदी के किनारे निर्मित कुएं में हुई, जहां 25 व 29 वर्ष की दोनों बहने छठ पूजा के उद्देश्य से नहाने गई थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पलामू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया है। अन्य घटना में पलामू के विश्रामपुर थानान्तर्गत भंडार गांव के पास ट्रक से टक्कर लगने से 50 वर्षीया श्रद्धालु लीलावती देवी की घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि, मृतका गायत्री मंदिर घाट से सूर्योपासना के बाद वापस अपने घर लौट रही थी, तभी रेहला की तरफ से आती ट्रक के चपेट में आ गई। मृतका के साथ अन्य महिला भी थी, जो घायल है व खतरे से बाहर है। आक्रोश लोगों ने राष्ट्रीय मार्ग 75 को भंडार के पास जाम कर दिया।

### छठ पर्व पर भगदड़ में दो बच्चों की मौत, मामले में जांच शुरू

वहीं, औरंगाबाद के देव ब्लॉक स्थित सूर्यकुंड के पास शनिवार शाम को छठ पर्व के दौरान मची भगदौड़ की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई। औरंगाबाद के डीएम राहुल रंजन माहीवाल ने बताया कि मृतक बच्चों की पहचान पटना निवासी सात वर्षीय बेबी, भोजपुर निवासी चार वर्षीय प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है व नियमों के मुताबिक पीड़ित परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने स्वीकार किया कि स्थानीय प्रशासन की उम्मीदों से कहीं अधिक लोग देव स्थित सूर्य मंदिर छठ पूजा के लिए पहुंच गए जिसकी वजह से भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई। हादसे में चार वर्षीय बेटे को खो चुकी सोनी देवी ने बताया कि वह छठ पूजा करने देव आई थी, अर्घ्य देकर लौटते समय यह हादसा हुआ।



■ सूर्य मंदिर में उम्मीद से अधिक भीड़ पहुंचने की वजह से मची थी भगदड़

### पोखर में डूबने से युवक की मौत

**अररिया।** कुर्साकांटा प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ घाट पोखर में रविवार की सुबह डूबने से युवक की मौत हो गई। हादसा अस्पताल मार्ग के पोखर में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के समय की बताई जा रही है। मृतक सुमित कुमार साह (21 वर्ष) पिता दिलीप कुमार साह कुर्साकांटा बस्ती वार्ड संख्यां चार का निवासी था। मृतक के पिता ने बताया कि रविवार की सुबह अर्घ्य देने के बाद सभी लोग छठ घाट से घर वापस आ गए थे। सुमित को नहीं देख सभी उसकी खोजबीन करने लगे। उसका मोबाइल पर फोन नहीं लग रहा था। आशंका पर पोखर में महाजाल की मदद से खोज की गई तो पोखर में अचेतावस्था में सुमित मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना जंगल के आग तरह फैल गई। पूरा अस्पताल लोगों से भर गया। अंचलाधिकारी विजय कुमार सिंहा, थानेदार भानू प्रताप सिंह सदलबल अस्पताल पहुंचे। थानाध्यक्ष ने पंचनामा तैयार कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये अररिया भेज दिया।

### छठ संपन्न, नीतीश ने की अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा



**पटना।** लोक आस्था, सूर्योपासना के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान रविवार की सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने प्रातःकालीन अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की आराधना की। सीएम आवास में छठ पूजा का आयोजन किया गया था। पूजा में सीएम नीतीश परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हुए। सीएम ने सुबह, शाम दोनों समय भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। शनिवार को सायंकालीन अर्घ्य देने के बाद सीएम पटना के घाटों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं को शुभकामना देने निकले थे। इससे पहले शुक्रवार को खरना की पूजा के दौरान उनके आवास पर राज्यपाल फागू चौहान व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, अधिकारी व राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे।

## 'अयोध्या में बनेगी राम की प्रतिमा, शहर की होगी विश्वस्तरीय ब्रांडिंग'

एजेंसी ⏭ लखनऊ



दीपावली के अवसर पर राम की अयोध्या नगरी को लाखों दियों से जगमग करके रिकार्ड पुस्तिकाओं में नाम दर्ज कराने के बाद यूपी सरकार अब भगवान राम की विशाल प्रतिमा, पर्यटकों के आकर्षण की अन्य सुविधाओं का विकास करके इस नगरी की उच्चस्तरीय 'ब्रांडिंग' करने जा रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी के रूप में अयोध्या देश एवं विदेश में रहने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। योजना को समझाते हुए शर्मा ने कहा कि योजना के तहत अयोध्या में पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के अंतर्गत पर्यटन आकर्षण की दृष्टि से भगवान श्रीराम पर आधारित डिजिटल म्यूजियम, इण्टरप्रेटेशन सेण्टर, लाइब्रेरी, पार्किंग, फूड प्लाजा, लैण्डस्केपिंग एवं श्रीराम प्रतिमा तथा अन्य मूलभूत पर्यटक सुविधाओं का सृजन प्रस्तावित है। अंतरराष्ट्रीय सतर पर अयोध्या की ब्राण्डिंग के लिए गुजरात में स्थापित लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा से प्रेरणा ग्रहण की गई है। योजना के लिए अयोध्या के डीएम द्वारा ग्राम मीरापुर द्वाबा, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में कुल 61.3807 हेक्टेअर भूमि की खरीद के लिए कुल 4,47, 46, 27, 586 रुपए का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। इसे मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी है।

### बिल के बकाए पर पूरे गांव की बिजली आपूर्ति रोकी

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के शामली जिले में पूरे गांव की बिजली आपूर्ति इसलिए रोक दी गई क्योंकि ग्रामीणों ने 91 लाख रुपये के बकाया बिल का भुगतान नहीं किया। अधिकारियों ने रविवार को बतााया कि यूपी बिजली निगम के उप संभागीय अधिकारी अतुल यादव ने बताया कि कैराना थाना अंतर्गत जहानपुरा गांव में सभी 300 उपभोक्ताओं ने आगाह किए जाने के बावजूद 91.88 लाख रुपये का बिजली बिल नहीं चुकाया। इसके कारण गांव में सभी उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति रोक दी गई।ग्रामीणों ने कहा कि बिजली आपूर्ति रोके जाने के कारण उन्हें दिक्कतें हो रही हैं क्योंकि फसल काटने वाली मशीनें, पानी के पंप का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा। बिजली उत्पादन कंपनियों को राजस्व का भारी नुकसान होने के कारण राज्य सरकार ने अक्टूबर में बकाया बिल वसूलने के लिए आदेश जारी किया था।

## बिजली कर्मियों का पीएफ डूबा सरकार ने अखिलेश को घेरा

**लखनऊ।** यूपी में बिजली विभाग के कर्मचारियों के पीएफ का पैसा डूबने के बाद राज्य सरकार बैकफुट पर आ गई है। विपक्ष के निशाने पर आए यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने रविवार को कहा कि मामले में जो लोग भी जिम्मेदार हैं उन पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। हम भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं। शर्मा ने पूर्व सीएम, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों को बेबुनियाद व निराधार बताया, कहा कि अखिलेश बिना होम वर्क के बोल रहे हैं। वह बिना तथ्यों के निराधार आरोप लगा रहे हैं।

### कंपनी से रिश्ते बताएं अखिलेश?

मंत्री ने कहा कि अखिलेश को डीएचएफएल के साथ अपने रिश्तों के बारे में बताना चाहिए। सपा नेताओं के मुताबिक कंपनी का लिंक दाऊद इब्राहिम से जुड़ा हुआ है। इस संबंध में 2014 में फैसला लिया गया, उस दौरान अखिलेश यूपी के सीएम थे। अखिलेश 17 मार्च 2017 तक सीएम रहे। उस फैसले पर अमल 2016 में किया गया जबकि हमारी सरकार 19 मार्च 2017 को सत्ता में आई। शर्मा ने कहा कि अखिलेश को इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए।

### घोटाले में दो वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

बता दें कि यूपी सरकार ने ईपीएफ घोटाले में प्राथमिकी दर्ज कर दो वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य सरकार ने मामले को सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है। शनिवार शाम अरेस्ट किए गए दोनों अफसर ईपीएफ की धनराशि को निजी कंपनी दीवान हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में फंसाने के आरोपी हैं। इस कंपनी का संबंध माफिया डान दाऊद इब्राहिम के सहयोगी मृत इकबाल मिर्ची से है।

## राशिफल 04 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष :** आर्थिक स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेंगे। सेहत को लेकर किसी एक्सपर्ट की सलाह लेना अच्छा रहेगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिलकर अच्छा महसूस करेंगे। शुभ अंकः 8, रंग : फोरेस्ट ग्रीन।

**वृषः** कार्यक्षेत्र पर आपके काम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए फिजूल खर्च कम करें। प्रॉपर्टी के लेन-देन से संबंधित काम करेंगे। शुभ अंकः 5, रंगः पर्पल।

**मिथुनः** करियर को लेकर चीजें प्लान करने के लिए समय अच्छा है। किसी चीज का बड़ा ऑर्डर मिलने से धन लाभ होगा। सेहत को लेकर स्वस्थ खानपान की आदत डालें। शुभ अंक : 11, रंगः गुलाबी।

**कर्कः** एक ही तरह के व्यायाम से बोर हो सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। आय के नए स्त्रोत खुलेंगे। घर को व्यवस्थित करने के लिए समय अच्छा है। शुभ अंकः 18, रंगः पीला।

**सिंहः** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। फ्रीलांसिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय कठिन रहेगा। सेहत को लेकर किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। शुभ अंकः 17, रंगः हरा।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र पर अपने आपको साबित करने में कामियाब होंगे। परिवार से दूर रहे छात्रों को घर से पैसा मिलेगा। मौसमी बीमारी के चलते बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। शुभ अंकः 7, रंगः नारंगी।

**तुलाः** कार्यक्षेत्र पर आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। परिवार का किसी समारोह में हिस्सा लेंगे। शुभ अंकः 2, रंग : क्रीम।

**वृश्चिकः** काम को लेकर विदेश जाने के योग हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए घरेलू उपचार अपनाएं। शुभ अंकः 18, रंग : गोल्डन ब्राउन।

**धनुः** कार्यक्षेत्र पर सफलता प्राप्ति के योग हैं। सेहत को लेकर व्यायाम करें। पुरानी रिलेशनशिप को समय देने की जरूरत है। विदेश जाने के योग हैं। रोमांस के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ अंक : 1, रंगः हल्का लाल।

**मकरः** साथियों के बीच सम्मान पाएंगे। आर्थिक मामले को लेकर चली आ रही आशंकाएं दूर होंगी। मौसमी बीमारियों से सतर्क रहें। किसी काम में परिवार का साथ और सहयोग मिलेगा। शुभ अंक : 15, रंगः ग्रे।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र पर काम को पूरा करने में कामियाब होंगे। निवेश करना फायदेमंद रहेगा। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। नए घर को व्यवस्थित कराएंगे। शुभ अंक : 6, रंगः हरा।

**मीनः** मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। रुका हुआ धन वापिस मिलने के योग हैं। वजन नियंत्रित करने के लिए जिम ज्वॉइन कर सकते हैं। शुभ अंक : 3, रंग : ब्राउन।

### : टिप्स :

1. फूल को मुरझाने से पहले उसे हटा दें। फूल का सूखना मायूसी, मौत को दर्शाता है इसलिए फूल जब मुरझाने लगे तो उसे हटा कर वहां ताजा फूल लगा दें।
2. घर के पिछले दरवाजे के पास बड़ा पेड़ लगाएं। इससे बाहर निकलने वाले पैसे का बचाव होता है। फेंगशुई की सकारात्मक ऊर्जा के रूप में ची का घर में मुख्य दरवाजे से प्रवेश होता है, सीधे पिछले दरवाजे से बाहर निकल जाता है। ऐसी स्थिति में पिछले दरवाजे पर लगाया गया पेड़ कारगर साबित होगा।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## छठ पूजाः सेल्फी के चक्कर में पलटी नाव, कई हादसों में 5 मरे

एजेंसी ⏭ आजमगढ़

देशभर में चार दिनों तक महापर्व छठ मनाया गया। रविवार की सुबह जहां उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए उल्लास का माहौल था, वहीं यूपी के आजमगढ़ जिले की तमसा नदी में सेल्फी के चक्कर में नाव पलट जाने से सात लोग नदी में गिर गए। छठ मनाने के लिए जुटी भीड़ ने छह लोगों को तो बचा लिया पर एक युवक की मौत हो गए। इसी तरह जीयनपुर थानाक्षेत्र में तालाब में डूबकर दो युवकों की मौत हो गई। छठ के दौरान तीन थानाक्षेत्रों में पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई। आजमगढ़ में रविवार को कोतवाली के गौरी शंकर घाट के समीप नाव पलट गई। नाव पर सात लोग सवार थे, जिसमें से 6 को बचा लिया गया। वहीं, शहर के मुकेरीगंज का



निवासी 15 वर्षीय गिरीश गुप्ता अभी तक लापता है। उसकी तलाश में एनडीआरएफ के गोताखोर जुटे हैं।

### कई शव मिले, बाकी लोगों की खोज में गोताखोरों की टीम जुटी

एसपी सिटी ने बताया कि शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो लोगों की मौत हुई है जबकि

■ नाव हादसे में 7 लोग नदी में गिर थे, 6 को बचाए गए व एक युवक की हुई मौत

जीयनपुर थाना क्षेत्र में भी दो लोगों की डूबकर मौत हुई है। टिक देवा कोतवाली में भी पोखरे में डूबकर एक युवक की मौत हुई है। एसपी सिटी ने बताया कि कुछ डेड बॉडी अभी मिल गई हैं, बाकी की तलाश जारी है। इसके लिए आजमगढ़ प्रशासन पीएससी के साथ एनडीआरएफ गोताखोरों की टीम भी लगाई गई हैं। बताते चलें कि डाला छठ के दौरान हुए इस हादसे में दो लोगों की तमसा नदी में डूबने से जबकि तीन लोगों की मौत पोखरे में डूबकर हुई है। गौरतलब है कि जीयनपुर कोतवाली के बेरमा में तमसा नदी में डूबकर 19 वर्षीय विशाल पुत्र नन्दलाल प्रजापति की मौत हो गई। वह मां के साथ छठ पूजा को आया था। दिन में 11.15 बजे लाश बरामद हुई। विशाल दो भाई और तीन बहनों में सबसे बड़ा था।

### बहन के घर आया था प्रदीप

अन्य घटना में जीयनपुर कोतवाली के रामपुर जलालुद्दीनपट्टी में पोखरे में डूब कर 22 वर्षीय प्रदीप पुत्र रामचंदर निवासी झूंसी सियरहा थाना बिलरियागंज लापता हो गया। वह एक दिन पूर्व ही बहन सुनीता के घर आया था। देवगांव कोतवाली के सलेमपुर में छठ पूजा के दौरान पोखरे में तैरने के दौरान 20 वर्षीय विपुल यादव पुत्र घनश्याम डूब गया। काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने विपुल को निकाला। आननफानन में लालगंज सीएचसी ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को तहरीर देकर शव को बिना पोस्टमॉर्टम के सुपुर्द किए जाने की गुहार लगाई।

## पत्रकार को मारी गोली, हालत गंभीर, दो पकड़े

**लखीमपुर खीरी (उप्र)।** लखीमपुर खीरी जिले में रविवार को पत्रकार को गोली मार दी गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक के पत्रकार रमेश मिश्र (46) अपने मित्र डॉक्टर शैलेन्द्र मिश्र के साथ शनिवार रात मोटरसाइकिल से ईसानगर थाना क्षेत्र के खमरिया कस्बा स्थित अपनी दवा की दुकान से घर काशीनगर लौट रहे थे। रास्ते में कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी व भाग गये। मोटरसाइकिल चला रहे शैलेन्द्र ने गंभीर हालत में रमेश को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें लखनऊ स्थित ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। उनकी पीठ में गोली लगी है। उनकी हालत गम्भीर बताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### कक्कड़ के गीतों पर झूमे शहरवासी

**जमशेदपुर।** बॉलीवुड गायिका नेहा कक्कड़ ने जमशेदपुर के सूर्य मंदिर में रविवार को छठ पूजा के दौरान नॉन स्टाप हर रंग के गीत सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया। इससे पहले कक्कड़ ने बिंदास गायकी से एग्रिको मैदान में शनिवार की शाम को सुरमयी बना दिया। छठ पर सूर्य मंदिर कमेटी की ओर से सांस्कृतिक संध्या में 80 मिनट में नॉन स्टाप हर रंग के गीत सुनाकर दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रघुवर दास भी मौजूद थे। दो घंटे इंतजार कराने के बाद रात 9.12 बजे नेहा कक्कड़ मंच पर आईं। आशिक बनाया आपने... गाने से इंट्री की।



## अयोध्या निर्णय के मद्देनजर प्रशासन तैयार, डीएम ने 10 जोनों में बांटा जिला गाजियाबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है व कभी भी निर्णय सुनाया जा सकता है। निर्णय के मद्देनजर किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। डीएम अजय शंकर पांडे ने जिले को 10 जोनों में बांटा है व उनमें 10 सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। उन्होंने आदेश दिए कि कोई भी अफसर उनकी अनुमति बिना मुख्यालय न छोड़ेगा, सभी अफसर



अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करेंगे व हर बिंदु पर नजर रखेंगे। रविवार को डीएम ने बताया कि 10 जोनों में 10 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सुपर मजिस्ट्रेटों के नीचे 16 जोनल मजिस्ट्रेट व उनके नीचे 58 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। शहरी क्षेत्र का प्रभारी अपर जिला अधिकारी नगर शैलेंद्र कुमार सिंह को व देहात क्षेत्र का प्रभारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन जितेंद्र कुमार शर्मा को बनाया गया है। शहरी क्षेत्र में 14, ग्रामीण क्षेत्र में 11 अधिकारी रिजर्व में रखे गए हैं। सभी मजिस्ट्रेट आवंटित क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे, सामाजिक लोगों संग मिलकर शांति बैठक आयोजित करा कर लोगों को समझाएंगे।

### सभी करें फैसले का सम्मान

डीएम ने बताया कि सभी जाति -धर्म के लोगों को सुप्रीम कोर्ट का जो भी आदेश होगा उसे एक अच्छे सभ्य नागरिक होने के नाते मानना होगा। किसी को माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जो भी तत्व जिले का माहौल खराब करने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

### सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

डीएम ने कहा कि साथ ही सोशल मीडिया पर जारी की जाने वाली खबरों पर पैनी नजर रखेंगे यदि कोई खबर आपत्तिजनक मिलती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे व अपने उच्च अधिकारियों को भी इससे अवगत कराएंगे।

### राजकुमार ने सुशील यादव समेत 10 लोगों पर लगाया आरोप

# बेटे से हुई मारपीट, बोली मंत्री- नहीं चलेगी रंगदारी

एजेंसी ⏭ मधेपुरा

बिहार में मधेपुरा के चौसा प्रखंड अंतर्गत अरजपुर पश्चिमी पंचायत के भटगामा में गन्ना विकास मंत्री बीमा भारती के पुत्र एवं भतीजे से मारपीट किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मंत्री के पुत्र राजकुमार ने चौसा थाना में दी शिकायत में कहा कि मैं स्कॉर्पियो गाड़ी से चालक जितेंद्र कुमार एवं ममेरा भाई संजय कुमार संग मित्र को



भागलपुर जिले के नवगछिया थाना के श्रीपुर गांव छोड़ने गया था। लौटने के क्रम में बीते शाम भटगामा जीरो माइल के समीप सुशील यादव पेट्रोल पंप के सामने मेरे साथ गाड़ी रोक कर मारपीट की गई। राजकुमार ने सुशील यादव, रमण यादव, निरंजन यादव, नंदनी यादव, सुबोध यादव, कैलाश यादव, राकेश सिंह, बमबम यादव, अरुण सिंह समेत 10 लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए गले से सोने का चेन व 40 हजार रुपये कैश छीन लिए जाने का आरोप लगाया है।

### आम आदमी का क्या करेः बीमा

पूर्णिया जिले के रुपौली विधायिका सह वर्तमान के गन्ना विकास मंत्री बीमा भारती ने घटना की तीखी निंदा करते हुए कहा कि नीतीश सरकार में रंगदारी नहीं चलेगी। किसी का बपौती राज नहीं है। जो हुआ है गलत हुआ है। पुलिस दोषी को शीघ्र गिरफ्तार करें। जब विधायक, मंत्री का पुत्र सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की क्या बात है।

### 'होगा आंदोलन'

वहीं, पूर्व प्रमुख अवधेश मंडल ने कहा कि अगर आरोपी जल्द गिरफ्तार नहीं हुए तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। गिरफ्तारी के लिए धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। जहां तक रही चौसा थाना के सभी अधिकारी थाना में आने के बाद नहीं था।

### किसने कब किसको पीटा, मुझे नहीं है पताः सुशील यादव

उधर, पूर्व मुखिया सुशील कुमार यादव ने कहा कि घटना की कोई जानकारी मुझे नहीं है। किसने कब किसको पीटा। देर रात मुझे किसी ने जानकारी दी तो मैं स्तब्ध रह गया। मुझे गहरी राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है। जो दुखद है। पुलिस मामले की जांच कर दोषी को गिरफ्तार करे। मैं प्रशासन के साथ हूं।

### बलिया में दो समुदायों के बीच संघर्ष में एक व्यक्ति की हत्या

**बलिया (उप्र)।** बलिया जिले के सिकन्दरपुर में मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच हुए संघर्ष में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। इस संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी देवेन्द्र नाथ ने बताया कि शनिवार शाम सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में सोनू चौरसिया, जमशेद के बीच बाइक से धक्का लग जाने पर विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि उसके बाद जमशेद साथियों के साथ सोनू के घर पहुंचा, हमला कर दिया। घटना में सोनू समेत पांच लोग जख्मी हो गये।

## खबर संक्षेप



### धोखाधड़ी के आरोप में पूर्व बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के एक सरकारी बैंक के पूर्व प्रबंधक को कथित तौर पर ग्राहकों से धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं के लिए गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ शिकायत का उल्लेख करते हुए कहा कि सेन्ट्रल बैंक की रामानुज नगर शाखा के प्रबंधक पद पर रहते हुए आलोक गुप्ता ने कथित धोखाधड़ी करते हुए ग्राहकों के लिए मंजूर किए गए ऋण की राशि खुद हड़पने की मंशा से दूसरे खातों में स्थानांतरित की। सूरजपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने इस संबंध में पिछले महीने दो मुकदमे दर्ज किए जाने के बाद से गुप्ता फरार चल रहा था। उसे शनिवार को झारखण्ड राज्य के गढ़वा जिले से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कथित तौर पर गुप्ता को भागने में सहायता करने के आरोप में दो अन्य व्यक्तियों आलोक शुक्ला और रफीक खान को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने बैंक के दो ग्राहकों ने गुप्ता, तत्कालीन सहायक प्रबंधक सुरेंद्र मरांडी और तत्कालीन कैशियर अभिषेक मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

### तीन साल बाद गिरफ्तार किया गया हत्या का आरोपी



पालघर, तीन नवम्बर (भाषा) महाराष्ट्र के पालघर जिले में 2016 में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में 33 वर्षीय एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वालिव पुलिस थाने के सहायक उप-निरीक्षक सुरेंद्र शिंदे ने बताया कि पालघर के धनिव बाग में किसी विवाद के चलते संदीप मिश्रा (20) की पांच नवम्बर 2016 को हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी सुशील कुमार सिंह तभी से फरार था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सिंह पड़ोसी राज्य गुजरात के वापी स्थित एक कारखाने में काम करने लगा था। पालघर पुलिस को हाल में जानकारी मिली थी कि वह अपने एक रिश्तेदार से मिलने धनिव बाग आ रहा है। शिंदे ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर जाल बिछा उसे पालघर आते ही शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या सहित भादंवि की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### तमिलनाडु के 3000 से अधिक मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने खदेड़ा



रामेश्वरम । कच्चातीवू द्वीप के पास रविवार को मछलियां पकड़ रहे तमिलनाडु के 3000 से अधिक मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने वहां से खदेड़ दिया। मछुआरा संघ के नेता ने यह जानकारी दी। नौसैनिकों ने (मछुआरों की) कई नौकाओं के जाल भी फाड़ डाले। (तमिलनाडु) राज्य मछुआरा संघ के अध्यक्ष एन देवदास ने बताया कि रामेश्वरम के मछुआरे 500 से अधिक नौकाओं में सवार होकर समुद्र में गये थे तथा वे कच्चातीवू के छोटे द्वीप के समीप मछलियां पकड़ रहे थे, उसी बीच श्रीलंका के नौसैनिक आये और उन्होंने उनके जाल फाड़ डाले एवं उन्हें वहां से भगा दिया। देवदास ने आरोप लगाया कि श्रीलंका के नौसैनिकों ने करीब 50 नौकाओं के मछली पकड़ने वाले जाल काट डाले एवं उपकरणों को नुकसान पहुंचाया। नौसैनिकों ने मछुआरों को वहां से लौटने के लिए बाध्य कर दिया। मछुआरा संघ के अध्यक्ष ने केंद्र और राज्य सरकारों से तमिलनाडु के मछुआरों पर बार-बार हो रहे हमले का विषय श्रीलंका सरकार के सामने उठाने की अपील की।

महाराष्ट्र: मुख्यमंत्री पद के लिए खींचतान जारी

# उद्धव ने फिर भाजपा के पाले में डाली गेंद

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

महाराष्ट्र में सरकार के गठन को लेकर खींचतान के बीच शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक और बयान दिया है। उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि लोगों को जल्द ही इस बात की जानकारी हो जाएगी कि उनकी पार्टी राज्य की सत्ता में होगी। साथ ही कहा कि महाराष्ट्र में असमय हुई बारिश के कारण किसानों की फसल के नुकसान के लिए राज्य सरकार की ओर से दस हजार करोड़ के पैकेज की घोषणा अपर्याप्त है। महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 21 अक्टूबर को हुए मतदान के परिणाम के बाद भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के बीच मुख्यमंत्री का पद साझा करने को लेकर जबरदस्त खींचतान चल रही है और अब तक सरकार गठन को लेकर औपचारिक बातचीत शुरू नहीं हो सकी है। ठाकरे ने मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा आपको आने वाले दिनों में जानकारी हो जाएगी कि शिवसेना (प्रदेश में) सत्ता में होगी। इसके बाद पूछे गए किसी भी राजनीतिक सवाल का जवाब देने से उद्धव ने मना कर दिया।



## साधा भाजपा पर निशाना

बता दें कि पिछले महीने असमय हुई बारिश के बाद वह फसल के नुकसान का जायजा लेने के लिए औरंगाबाद आए थे। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने कन्नड एवं वैजापुर जिलों के किसानों के साथ बातचीत की। उन्होंने राज्य नेतृत्व पर हमला बोलते हुए कहा क्षति की समीक्षा हेलीकाप्टर से नहीं की जा सकती है।

### विधायकों का समर्थन पाने के लिए अपराधियों, सरकारी एजेंसियों का किया जा रहा इस्तेमाल : राउत

मुंबई। महाराष्ट्र में सरकार के गठन को लेकर बने गतिरोध के बीच वरिष्ठ शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को आरोप लगाया कि समर्थन करने के लिए नव-निर्वाचित विधायकों को मजबूर करने की खातिर आपराधिक तत्वों और सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। राउत ने यह भी कहा कि दोनों पार्टियों (भाजपा और शिवसेना) के बीच बातचीत सिर्फ मुख्यमंत्री पद के लिए होगी और अगर ऐसा नहीं होता तो हमारे पास शिवसेना का मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी को 170 से अधिक विधायकों का समर्थन मिलेगा। राउत ने 24 अक्टूबर को राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की चुप्पी को रहस्यमय करार दिया।

### सात नवम्बर तक किसी भी पार्टी ने दावा पेश नहीं किया तो दलों से मशविरा शुरू करेंगे राज्यपाल: अठावले

मुम्बई। केंद्रीय मंत्री एवं आरपीआई (ए) प्रमुख रामदास अठावले ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में यदि किसी भी पार्टी ने सात नवम्बर तक सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया तो राज्य के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी राजनीतिक दलों के साथ सलाह मशविरा शुरू करेंगे।

### भाजपा-शिवसेना पर ओवैसी ने ली चुटकी, कहा- ये 50-50 क्या है, नया बिस्किट है?

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर रस्साकशी जारी है। मुख्यमंत्री पद की मांग कर शिवसेना 50-50 फॉर्मूले पर अड़ी हुई है, वहीं भाजपा अभी इंतजार की रणनीति अपना रही है। इसी बीच एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा-शिवसेना गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने पूछा है कि ये 50-50 क्या है? क्या ये एक नया बिस्किट है?

## किसानों को मिलना चाहिए अधिकार

ठाकरे ने कहा बेमौसम हुई बारिश के कारण किसानों के फसल नुकसान के लिए दस हजार करोड़ का मुआवजा अपर्याप्त है। उन्होंने ये भी कहा कि किसानों को प्रति हेक्टेयर 25 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकार उन्हें मिलने ही चाहिए.ठाकरे ने केंद्र सरकार से यह मांग की कि वह लोगों को यह बताए कि क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक सहयोग से देश को किस प्रकार फायदा होगा। आरसीईपी में आसियान के दस देशों के अलावा भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे छह अन्य देश शामिल हैं जो मुक्त व्यापार के लिए बातचीत कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि आरसीईपी समझौते पर हस्ताक्षर करने के परिणामस्वरूप किसानों, दुकानदारों और छोटे उद्यमों के लिए अनकही कठिनाई होगी।

मुंबई के बार में छापेमारी

## 36 ग्राहकों समेत 48 गिरफ्तार चार लड़कियां मुक्त कराई गईं



**मुंबई।** मुंबई के तिलक नगर इलाके में रविवार तड़के एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई में 36 ग्राहकों समेत 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और चार बार लड़कियों को मुक्त कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पीएल लोखंडे मार्ग पर स्थित देवीकृपा ऑर्केस्ट्रा बार पर पुलिस की सामाजिक सेवा शाखा ने छापा मारा। सामाजिक सेवा शाखा के पुलिस उपायुक्त शिवदीप लांडे ने बताया कि हमें चार लड़कियां डांस करती हुई मिलीं। हमने 36 ग्राहकों, प्रबंधक और खज़ांची समेत 48 लोगों को गिरफ्तार किया है। चार लड़कियों को मुक्त कराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संबंधित कानूनों की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### तेलंगाना आरटीसी हड़ताल कर्मचारी यूनियन चाहती हैं कि सरकार बातचीत करे

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की ओर से तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) कर्मचारियों के लिए हड़ताल खत्म करने के लिहाज से पांच नवंबर की समयसीमा तय करने के एक दिन बाद, रविवार को कर्मचारी यूनियनों ने कहा कि सरकार को मुद्दे को हल करने के लिए पहले बातचीत करनी चाहिए। कई मांगों को लेकर की जा रही बेमियादी हड़ताल 30 दिनों से जारी है। टीएसआरटीसी-जेएसी नेता ई अश्वत्थामा रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री कर्मचारियों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए, बल्कि वह उन्हें 'भड़काने' की कोशिश कर रहे हैं। रेड्डी ने यहां पत्रकारों से कहा मामले को हल करने के लिए पहले बातचीत की जानी चाहिए। यह मंत्रियों या आरटीसी प्रबंधन की एक समिति हो सकती थी, लेकिन मुख्यमंत्री एकतरफा फैसले ले रहे हैं। किसी के पास किसी को नौकरी से निकालने का अधिकार नहीं है। इस बीच, मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि राव आरटीसी के मुद्दे पर जल्दबाजी में काम कर रहे हैं।

## कई बाल गृहों में एक धर्म विशेष की अनुपालना पर जोर, जरूरी कदम उठाएं राज्यः एनसीपीसीआर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




■ ''कुछ बाल गृहों में जो हो रहा है वो संविधान के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों की भावना के मुताबिक नहीं''

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अपनी निरीक्षण टीमों के अनुभव का हवाला देते हुए सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे बाल गृह में यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों पर एक धर्म विशेष में आस्था रखने पर जोर नहीं दिया जाए। एनसीपीसीआर ने देश के बाल गृहों के निरीक्षण के दौरान मिली जानकारियों को आधार बनाते हुए गत 25 अक्टूबर को सभी प्रदेश एवं केंद्रशासित राज्यों के महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिवों को पत्र लिखकर इस संदर्भ में जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने और जल्द रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। आयोग की ओर से राज्यों को लिखे गए पत्र में कहा गया है, कई धार्मिक संस्थाओं द्वारा चलाए जाने वाले बाल गृहों और कुछ सरकारी बाल गृहों में भी निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वहां सभी बच्चों को 'बाइबल' पढ़ाया जा रहा है। उसने कहा कि कुछ बाल गृहों में जो हो रहा है वो संविधान के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों की भावना के मुताबिक नहीं है और यह बाल अधिकारों से जुड़ी संयुक्त राष्ट्र की संधियों की अहवेलना भी है। आयोग ने कहा, बच्चों को देश के नागरिक के तौर पर उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। ऐसे में आयोग अनुशंसा करता है कि बच्चों के पहचान के अधिकार को बनाए रखने के लिए जरूरी सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उसने कहा कि सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिया जाए कि बाल गृहों की निगरानी के दौरान वे इस तरह के चलन को लेकर सजग रहें।

### जम्मू-कश्मीर राजमार्ग पर वाहन खड्ड में गिरने से तीन लोगों की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के सड़क से फिसलकर खड्ड में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा उधमपुर जिले के समरोली गांव के पास शनिवार देर रात करीब दो बजे, ट्रक चालक के वाहन पर से नियंत्रण खोने के कारण हुआ। श्रीनगर से जम्मू जा रहे इस ट्रक में बकरवाल परिवार के लोग सवार थे। अधिकारी ने बताया कि एक बच्ची समेत तीन लोगों की जान चली गई और अन्य सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे, एक महिला और तीन पुरुष हैं। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत 'गंभीर' बताई जा रही है।

## मुलाकात...




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाईलैंड में 16 वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन के अवसर पर म्यांमार के स्टेट काउंसलर आंग सान सू से मुलाकात करते हुए।

### बांग्लादेश की अदालत ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित यूनुस को जमानत दी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने ग्रामीण कम्यूनिकेशन के अध्यक्ष और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस को तीन कर्मचारियों को बर्खास्त करने के मामले में रविवार को जमानत दे दी। ढाका में तीसरी श्रम अदालत ने यूनुस के अदालत में पेश होने पर उन्हें जमानत दे दी। देश के उच्च न्यायालय ने व्यक्तिगत रूप से पेश होने के वास्ते उनके लिए सात नवंबर की समयसीमा निर्धारित की थी। अदालत ने प्रशासन से समय सीमा समाप्त होने से पहले यूनुस को गिरफ्तार करने या उन्हें प्रताड़ित नहीं करने को कहा था। अदालत अधिकारी वसी-उर-रहमान ने कहा कि अदालत ने तीनों मामलों में 10-10 हजार के मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी।

### भारतीय जहाजों में नये साल से प्रतिबंधित होगा एकल इस्तेमाल वाला प्लास्टिक



**नई दिल्ली।** भारतीय जहाज एक ही बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक यानी एकल प्लास्टिक उत्पादों का इस्तेमाल नये साल से बंद कर देंगे। इन उत्पादों में आइसक्रीम कंटेनर, हॉट डिश कप, माइक्रोवेव डिशेज और चिप्स के थैले आदि शामिल हैं। नौवहन महानिदेशालय ने भारत को एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक उत्पादों से मुक्त करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अमल करते हुए लोगों के व्यापक हित में यह निर्णय लिया है। महानिदेशालय ने कहा कि इस तरह के प्लास्टिक उत्पादों का इस्तेमाल न सिर्फ भारतीय जहाजों के लिये प्रतिबंधित होगा, बल्कि भारतीय जलक्षेत्र में मौजूद विदेशी जहाजों पर भी लागू होगा। प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों में थैले, ट्रे, कंटेनर, खाद्य पदार्थ पैक करने वाली फिल्म, दूध की बोतलें, फ्रीजर बैग, शैम्पू बोतल, पानी एवं अन्य पेय पदार्थों की बोतल, साफ-सफाई के द्रव्यों का छिड़काव करने वाले कंटेनर और बिस्किट के ट्रे आदि भी शामिल हैं। महानिदेशालय ने प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी भारतीय जहाज में एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक का कूड़े के डिब्बे में या किसी भी अन्य स्वरूप में नहीं पाया जाना सुनिश्चित करें। उसने कहा कि इसकी अवमानना करने या बार-बार उल्लंघन किये जाने की स्थिति में गिरफ्तारी भी हो सकती है।

### दमन-दीव भाजपा प्रमुख ने वीडियो क्लिप को लेकर इस्तीफा दिया

**दमन।** भाजपा की दमन-दीव इकाई के अध्यक्ष गोपाल टंडेल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस वीडियो में कथित तौर पर टंडेल एक महिला के साथ नजर आते हैं। स्थानीय भाजपा महासचिव वासुभाई पटेल ने कहा कि टंडेल ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को भेज दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई छोटी सी वीडियो क्लिप में 65 वर्षीय टंडेल से मिलता-जुलता एक व्यक्ति एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिखाई देता है। पूर्व लोकसभा सदस्य टंडेल ने शनिवार को दावा किया था कि क्लिप फर्जी है। उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

लापरवाहीः नालियों का गंदा पानी घरों में घुसा

# निगम कर्मचारियों ने नहीं की साफ-सफाई तो खुद नाले में उतरे मंत्री

एजेंसी ▶▶ ग्वालियर



ग्वालियर नगर निगम के अफसरों ने शहर के बिरला नगर इलाके की सफाई नहीं की तो मध्य प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर खुद ही सफाई करने के लिए रविवार सुबह कमर तक गंदे पानी से भरे नाले में उतरे और फावड़े से कीचड़ निकाला। काफी देर मंत्री तोमर ने नाली की सफाई की और इसकी भनक लगने के बाद ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर संदीप माकिन ने इसके लिए जिम्मेदार इलाके के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस दौरान मंत्री ने हाथों एवं पैरों में इस कीचड़ से बचने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से कोई दस्ताने भी नहीं पहने थे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। तोमर ने बताया बिरला नगर न्यू कॉलोनी की महिलाओं ने मुझसे शिकायत की थी कि नालियों का गंदा पानी घरों में घुस रहा है। जब निगम कर्मचारी सफाई करने नहीं पहुंचे तो रविवार सुबह मैं खुद ही सफाई करने पहुंच गया। इस गंदगी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं और मैं लोगों की तकलीफें नहीं देख सकता। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली बहुत ज्यादा प्रदूषित हो गयी है और प्रदूषण के मामले में वह ग्वालियर को दिल्ली नहीं बनने देंगे। जब उनसे पूछा गया कि नगर निगम के अफसरों से सफाई के लिए क्यों नहीं कहा गया, तो उन्होंने कहा कि निगम कर्मचारी काम नहीं करेंगे तो उन्हें सुधारा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार सफाई में ग्वालियर को अव्वल लाना है। उन्होंने कहा कि शहर की कुछ नालियां और नाले सफाई के लिए रह गए थे, लेकिन अब पूरी तरह साफ किया जा रहा है। माकिन ने बताया कि पहले प्रतिदिन 100 टन कचरा शहर से उठता था और अब यह आंकड़ा 600 टन तक पहुंच गया है।

### तोमर पिछले पांच दिन से शहर के कई इलाकों में जाकर इसी प्रकार से सफाई कर चुके हैं

तोमर ने कहा इसे 'पब्लिसिटी स्टंट' न समझा जाए, क्योंकि मैं रोड पर नहीं, बल्कि ऐसे इलाकों में जाकर सफाई कर रहा हूं जहां पर वास्तव में गंदगी है। उल्लेखनीय है कि मंत्री तोमर पिछले पांच दिन से शहर के कई इलाकों में जाकर इसी प्रकार से सफाई कर रहे हैं। शनिवार को ग्वालियर रेलवे स्टेशन के शौचालय में सफाई करने पहुंच गए थे और गंदगी मिलने पर रेलवे अफसरों को जमकर फटकार भी लगाई थी। इसी बीच, नगर निगम ग्वालियर के कमिश्नर संदीप माकिन ने कहा, ''मंत्री जी को खुद नाली में उतरकर सफाई करनी पड़ी। इसके लिए खेद व्यक्त करता हूं। लेकिन उसके बाद तुरंत कार्रवाई की गई और नाली की सफाई कर दी गई है।

## सांसदों के बंगलों में नई चमकीली थ्री-डी नेमप्लेट लगाएगा सीपीडब्ल्यूडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




■ फैंसी चमकीली नेमप्लेट लगाने का निर्णय सांसदों की शिकायत के बाद लिया गया

■ सांसदों का कहना है कि मौजूदा नेमप्लेट रात में नजर नहीं आती

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) दिल्ली में सांसदों के बंगलों में जल्दी ही नई चमकीली नेमप्लेट लगाने की तैयारी कर रहा है। सांसदों ने शिकायत की थी कि वर्तमान में लगी नेमप्लेट रात के समय अंधेरे में नजर नहीं आती हैं इसलिए सीपीडब्ल्यूडी ने सांसदों के आधिकारिक बंगलों पर त्रिआयामी (थ्री-डी) तकनीक वाली नेमप्लेट लगाने का निर्णय लिया है जो अंधेरे में भी दिखाई देंगी। सीपीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में नार्थ एवेन्यू स्थित बंगलों में उभरे अक्षरों वाली नेमप्लेट लगाई जाएगी। अधिकारी ने कहा कि दक्ष एजेंसी को काम सौंपने की प्रक्रिया शुरू को चुकी है और निविदा दिए जाने के बाद दो महीने में काम पूरा हो जाएगा। प्रस्तावित योजना के अनुसार नेमप्लेट थ्री-डी तकनीक वाली, एक रंग वाली और एलईडी युक्त होंगी। अधिकारी ने कहा फैंसी चमकीली नेमप्लेट लगाने का निर्णय सांसदों की शिकायत के बाद लिया गया। उन्हें शिकायत थी कि मौजूदा नेमप्लेट रात में नजर नहीं आती। यह फैंसी नेमप्लेट उन सभी सांसदों के आधिकारिक बंगलों पर लगाई जाएगीं जो हाल ही में लोकसभा चुनाव जीते हैं।

## चिंतन

# आसियान देशों के साथ मजबूत संबंध जरूरी

भारत और थाईलैंड का संबंध ऐतिहासिक है। लगभग दो हजार साल से भारत व थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंध रहे हैं। भारत के निकटतम पड़ोसी में से एक थाईलैंड में भगवान बुद्ध व राम की विरासत मौजूद है। 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो थाईलैंड पहला देश था, जिसने भारत के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित किया था। 1971 तक भारत व थाईलैंड के कूटनीतिक संबंध ठंडे ही रहे। इस वर्ष भारत-पाक युद्ध व बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान थाईलैंड भारत के साथ नैतिक व कूटनीतिक रूप से खड़ा रहा। तब 1972 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरि ने थाईलैंड की यात्रा की थी। यह भारत की ओर से पहली आधिकारिक यात्रा थी। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में गति 1976 से आई। तब से वह भारत का एक अहम सहयोगी बना हुआ है। 2010 से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता है। सामरिक रूप से अहम थाईलैंड तक भारत 1400 किलोमीटर सड़क मार्ग बना रहा है। भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग जल्द पूरा होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालने के बाद अपनी सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के तहत थाईलैंड के साथ संबंधों को गति दी है। 2016 में थाईलैंड के पीएम की भारत यात्रा के दौरान दोनों मुल्क ट्रेड बढ़ाने, आतंकवाद से मिलकर निबटने, साइबर सुरक्षा एवं मानव तस्करी रोकने, समुद्री सुरक्षा व डिफेंस क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों देश शिक्षा, फार्मा, तकनीक व पर्यटन क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। 2017 में दोनों देशों के संबंध को 50 साल पूरे हुए। हिंद-प्रशांत महासागर में चीनी वर्चस्व की दृष्टि से भारत थाईलैंड के साथ सामुद्रिक सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़चढ़ कर काम कर रहा है। पूर्वी एशिया के छोटे देश चीन की विस्तारवादी नीति से भयभीत रहते हैं और वे भारत के साथ अधिक सहज महसूस करते हैं।

चीन की दक्षिण चीन सागर में मनमानी से इस क्षेत्र के छोटे देशों को अपना अस्तित्व खतरे में दिखाई देता है। यह स्थिति पूर्वी एशिया के व्यापारिक व कूटनीतिक अवसर भुनाने के लिए भारत के हित में है। आसियान और पूर्वी एशिया के देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के जरिये भारत सहयोग और बढ़ा रहा है। अपनी तीन दिनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने, आसियान के साथ सहयोग बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक्ट ईस्ट नीति को मजबूती से क्रियान्वित करने पर बल दिया है। स्वास्दी (हेलो) मोदी कार्यक्रम से वहां के भारतीय समुदाय से पीएम ने संवाद किया। पीएम यहां ईस्ट एशिया और क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) समिट में भी हिस्सा लेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की सातवीं आसियान-इंडिया समिट और छठवीं ईस्ट एशिया समिट होगी। पिछले साल जनवरी में भारत ने इंडो-आसियान समिट की 25वीं वर्षगांठ की मेजबानी की थी, जिसमें सभी दस आसियान सदस्य देश (ब्रुनेई, इंडोनेशिया, कंबोडिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, विएतनाम) के नेताओं ने शिरकत की थी। इस दौरान भारत ने यह घोषणा की थी कि वह आसियान-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की सतत मजबूती के लिए काम करता रहेगा। आरसीईपी का भारत में जोरदार विरोध हो रहा है।

विपक्ष के साथ-साथ किसान व ट्रेड संगठन भी आरसीईपी का विरोध कर रहे हैं। इसलिए आरसीईपी समिट के दौरान देखने वाली बात होगी कि भारत का रुख क्या रहता है। इस समझौते का सबसे अधिक फायदा चीन को होता दिख रहा है। भारत जैसे देशों को चीन के सस्ते माल के डंप होने का खतरा है, जिससे हमारे घरेलू उद्योग को धक्का लगेगा। भारत को काफी सोच समझकर ही आरसीईपी समझौते की तरफ कदम आगे बढ़ाना चाहिए। इस पर दस्तखत से पूर्व भारत को इसका लाभ लेने की तैयारी कर लेनी चाहिए, वरना पहले से सुस्त अर्थव्यवस्था को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बहरहाल, मोदी के इस दौरे से भारत के थाईलैंड समेत आसियान देशों से संबंध और मजबूत हुए हैं।

# रोजगार परिदृश्य चिंतनीय



रिपोर्ट
जयंतीलाल भंडारी

24 अक्टूबर को विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस 2020 में भारत 190 देशों की सूची में 63वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष में इस सूची में भारत 77वें स्थान पर था। कारोबारी सुगमता के मामले में भारत 2018 में पहले शीर्ष 100 देशों की फेहरिस्त में शामिल हुआ था। तब वह 30 स्थान की छलांग के साथ 130 से 100वें स्थान पर पहुंचा था। भारत कारोबार सुमगता में तो तेजी से बढ़ा है, लेकिन कारोबार सुगमता की तरह रोजगार अवसरों में छलांग दिखाई नहीं दे रही है।

इन दिनों देश में रोजगार से संबंधित दो रिपोर्टों को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। पहली रिपोर्ट एक नवंबर को सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की ओर से प्रकाशित की गई है। इसमें कहा गया है कि भारत में बेरोजगारी दर अक्टूबर 2019 में बढ़कर 8.5 फीसदी हो गई है, जो साल 2016 के अगस्त माह से अब तक सबसे ज्यादा है। यह आंकड़ा सितंबर तक 7.2 फीसदी था। रिपोर्ट के अनुसार ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती के लक्षणों को दर्शाते हैं।

दूसरी रिपोर्ट अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ सस्टेनेबल इंप्लॉयमेंट की ओर से भारत में रोजगार परिदृश्य पर कराए गए अध्ययन से संबंधित है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि और विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों में कमी आई है, वहीं निर्माण और सेवा क्षेत्र इस गिरावट को कम नहीं कर सके। रिपोर्ट के मुताबिक 2011-12 के दौरान अर्थव्यवस्था में कुल रोजगार 47.42 करोड़ था, जो 2017-18 के दौरान घटकर 46.51 करोड़ रह गया। अध्ययन में पाया गया है कि देश में पहली बार 2011-12 और 2017-18 के बीच करीब 90 लाख नौकरियां कम हुई हैं। स्थिति यह है कि सरकार के प्रयासों से देश में कारोबार सुगमता तो बढ़ती जा रही है। लेकिन सरकार के द्वारा लगातार रोजगार वृद्धि के प्रयासों के बाद भी उद्योग-कारोबार क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार नहीं बढ़ पा रहे हैं। यद्यपि 24 अक्टूबर को वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस 2020 में भारत 190 देशों की सूची में 63वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष में इस सूची में भारत 77वें स्थान पर था। कारोबारी सुगमता के मामले में भारत वर्ष 2018 में पहले शीर्ष 100 देशों की फेहरिस्त में शामिल हुआ था। तब वह 30 स्थान की छलांग के साथ 130 से 100वें स्थान पर पहुंचा था। भारत कारोबार सुमगता में तो तेजी से आगे बढ़ा है। लेकिन कारोबार सुगमता की की तरह रोजगार अवसरों में छलांग दिखाई नहीं दे रही है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उद्योग कारोबार में बढ़ती हुई जरूरत के अनुरूप रोजगार के अवसर नहीं बढ़ पाए हैं। यदि हम मनरेगा की तरफ देखें तो पाते हैं कि 18 वर्ष से 30 वर्ष के युवाओं के द्वारा मनरेगा के तहत रोजगार पाने की कतार बढ़ती जा रही है। वर्ष 2017-18 में करीब 58 लाख लोग मनरेगा के तहत रोजगार के लिए आए। 2018-19 में इनकी संख्या बढ़कर 70.7 लाख हो गई है। निश्चित रूप से रोजगार अवसरों को बढ़ाने के लिए कई रणनीतिक कदम उठाने होंगे। निसंदेह देश में रोजगार बढ़ाने के लिए चीन की तरह देश में भी कौशल प्रशिक्षण की बहुत जरूरत है। निश्चित रूप से उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर उपयुक्त ध्यान देकर रोजगार की चुनौतियों के बीच रोजगार की नई संभावनाओं को साकार भी किया जा सकेगा। विश्व बैंक की रोजगार रहित विकास नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में तेजी से रोजगार के दरवाजे पर दस्तक देने वाले युवाओं की संख्या को देखते हुए हर साल 81 लाख नई नौकरियां और नए रोजगार अवसर पैदा करने की जरूरत है। इतने




रोजगार के अवसर और नौकरियां जुटाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा सार्वजनिक और निजी निवेश में भारी वृद्धि करनी होगी। विनिर्माण क्षेत्र को गतिशील करना होगा। निर्यात बढ़ाने होंगे। श्रम कौशल बढ़ाना होगा। चूंकि भारत की 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम आयु की है, अतः भारत की युवा आबादी कौशल प्रशिक्षित होकर दुनिया के लिए उपयोगी और भारत के लिए आर्थिक कमाई का प्रभावी साधन सिद्ध हो सकती है।

निश्चित रूप से उच्च शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण से सजे भारतीय युवाओं के लिए देश-विदेश में नौकरियों की कमी नहीं है। लेकिन नौकरियों की योग्यता के अभाव में ऊंची डिग्री रखने वाले युवा भी नौकरियों से दूर हैं। रोजगार परिदृश्य पर मौजूद चिंताओं के बीच कौशल विकास से ही करोड़ों युवाओं को रोजगार मुस्कराहट मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि न केवल परंपरागत डिग्री वाले छात्रों के समक्ष रोजगार की चिंताएं हैं, वरन प्रोफेशनल डिग्री वाले छात्र भी स्किल गैप के कारण रोजगार संकट का सामना कर रहे हैं। यद्यपि देश के विभिन्न आईआईएम, आईआईटी और प्रमुख बिजनेस स्कूलों के कुछ छात्रों को तो ऊंचे वेतन वाले पैकेज मिल रहे हैं। लेकिन अधिकांश छात्रों के समक्ष प्लेसमेंट संबंधी निराशाएं हैं। ऐसे में हमें इस सच्चाई पर भी ध्यान देना होगा कि अब भी देश में कुछ ही प्रतिभाशाली युवाओं की मुठ्ठियों में अच्छे रोजगार हैं और अधिकांश युवाओं की मुठ्ठियां रोजगार रहित हैं।

यदि हम चाहते हैं कि देश के अधिकांश युवाओं को रोजगार मिले और भारतीय प्रतिभाएं देश की मिट्टी को सोना बना दें, तो जरूरी होगा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देकर उच्च शिक्षित युवाओं को रोजगार के योग्य बनाया जाए और सामान्य योग्यता वाले भारतीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से सुसज्जित करने के साथ-साथ कार्यक्षम भी बनाया जाए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत की नई पीढ़ी और भारत के प्रोफेशनल्स के लिए देश और दुनिया में रोजगार के चमकीले द्वार खुल रहे हैं। यह स्पष्ट है कि दुनिया में आज भी मानव संसाधन में परिणित भारतीय प्रतिभाओं की मांग है और भविष्य में भी बनी रहेगी। हमें दुनिया में सबसे अधिक रोजगार देने वाले देश चीन का उदाहरण सामने रखना होगा। चीन ने विनिर्माण, स्वरोजगार, लघु-कुटीर उद्योग और कौशल प्रशिक्षण की अहमियत के बल पर रोजगार अवसरों का ढेर लगाया है। हमें रोजगार बढ़ाने के लिए मेक इन इंडिया योजना को गतिशील करना होगा। उन ढांचागत सुधारों पर भी जोर दिया जाना होगा, जिसमें रोजगारमूलक निर्यातोन्मुखी विनिर्माण क्षेत्र को गति मिल सके। निसंदेह हमें चीन की तरह श्रम आधारित सेक्टर की वृद्धि पर ध्यान देना होगा, ताकि अधिक से अधिक नौकरियां पैदा की जा सकें। इस परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए टेक्सटाइल, जूता-चप्पल, फर्नीचर से सम्बद्ध सामान तथा ऐसे ही अन्य औद्योगिक व कारोबार क्षेत्रों के विकास पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है जिसमें अधिक श्रमबल जरूरी होता है। चूंकि इन श्रम आधारित रोजगार के क्षेत्रों में चीन की कंपनियां अधिक श्रम लागत के कारण बाहर होती जा रही हैं, अतः भारत को वैश्विक स्तर की ऐसी प्रतिस्पर्धी कंपनियां भी सृजित करनी होंगी, जो निर्यात बाजार में दबदबा बना सकें। भारत को भी चीन के कोस्टल इम्प्लायमेंट जोन की तरह नए रोजगार केन्द्र सृजित करने होंगे।


हम आशा करें कि सरकार नवंबर 2019 में प्रकाशित रोजगार से संबंधित चिंताजनक रिपोर्टों को ध्यान में रखते हुए जहां सरकारी नौकरियों की रिक्तियों की पूर्ति तेजी से करेगी वहीं देश में स्वरोजगार व मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाएगी। साथ ही चीन की तरह उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर उपयुक्त रूप से ध्यान देगी जिसके आधार पर रोजगार अवसरों को तेजी से बढ़ाया जा सकेगा।

## सारा संसार



दिल्ली स्थित हुमायूं का मकबरा मुगल वास्तुकला का नायाब नमूना है। 16वीं सदी का यह मकबरा यूनेस्को के विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल है। अगर आप दिल्ली जाते हैं, तो इस इमारत को जरूर देखने जाएं।


## द्वंद्व के परे है परमात्मा



संकलित
दर्शन

लोग जब ध्यान में बैठते हैं, तब उनका मन टुकड़ों में बंटा रहता है। दरअसल, मन हर चीज को तोड़ता रहता है। यही उसका बुनियादी स्वभाव है। लेकिन, जिस परमात्मा का हम ध्यान करते हैं, वह द्वंद्वातीत है। यानी परमात्मा हर प्रकार के द्वंद्व का साक्षी मात्र है, वह हर प्रकार के द्वंद्व से परे है। जब तक तुम मन में जी रहे हो, तब तक तुम परमात्मा से दूर ही रहोगे, क्योंकि मन का स्वभाव ही है द्वंद्व में रहना। मन के इस द्वंद्व से बाहर आ जाने को कहते हैं- मन का सम हो जाना। तब हमारा मन चीजों को तोड़ कर नहीं देखता। वस्तुओं और व्यक्तियों के बारे में एकतरफा निर्णय लेने की गलती नहीं करता। जो जैसा है, सो वैसा है और जो जैसा नहीं है, सो वैसा नहीं है- इस तथ्य को मन स्वीकार कर लेता है। अगर कोई अच्छा है, तो उसको उसकी अच्छाई मुबारक और अगर कोई बुरा है, तो उसको उसकी बुराई मुबारक। उसकी अच्छाई या बुराई के बारे में सोच कर हम अपने कीमती समय को क्यों बर्बाद करें? लेकिन तुम हमेशा समय की बर्बादी करते रहते हो। हमेशा दूसरों के बारे में सोचते-सोचते तुम यह बात भूल ही जाते हो कि 'हमें कभी रुक कर अपने बारे में भी सोचना चाहिए, अपने मन की स्थितियों के बारे में भी सोचना चाहिए।' एक साधक को सबसे पहला काम यही करना चाहिए कि वह दूसरों के बारे में सोचना छोड़ ही दे। जब तक इस आदत से तुम बाहर नहीं आओगे, तब तक अध्यात्म की ऊंचाइयों को तुम छू नहीं सकोगे।

## आध्यात्मिक विकास और मन की दीवार



संकलित
प्रेरणा

ओंकार स्वरूप परब्रह्म परमात्मा, जो जगत में और हमारे भीतर भी व्याप्त है, उसके साथ जुड़ने के लिए मन रूपी दीवार को पार करने की जरूरत है। जब तक मन है, तब तक मनुष्य अपनी और परमात्मा की पहचान नहीं कर सकता है। सच्ची साधना भी तभी संभव है। साधक होने के लिए जिन गुणों की जरूरत है, उन गुणों को आपको अर्जित करना होगा। साधक की सबसे पहली आवश्यकता, सबसे पहली जरूरत और सबसे पहला गुण क्या है, जिसके बगैर कोई भी मनुष्य साधक नहीं हो सकता? वह गुण है मन की समता। मन का समभाव में रहना। अगर मन समभाव में नहीं है, बिखरा हुआ है, अनेक विषयों का चिंतन कर रहा है, मन में अनेक प्रकार के विचार चल रहे हैं, अनेक प्रकार की आसक्तियां भरी पड़ी हैं, तो ऐसे अंधकारपूर्ण मन के साथ साधना संभव नहीं है। मन की समता उसे कहते हैं, जिसमें आपका मन किसी भी प्रकार के द्वंद्व में नहीं रहता। प्रायः लोगों का मन सिर्फ द्वंद्व में ही जीता है। मित्र-शत्रु, अपना-पराया, अच्छा-बुरा, सज्जन-दुष्ट। यह मन का स्वभाव ही है कि बात को कभी वह संयुक्त रूप से नहीं देखता, टुकड़ों में बांट कर देखता है। मन की आदत है कि वह हर बात का विश्लेषण करता रहता है। खुद भी टुकड़ों में बंटा पड़ा है और जिसके बारे में सोचता है, उसको भी टुकड़ों में बांट देता है। तुम्हारा मन हर चीज को तोड़ता रहता है। इसीलिए ध्यान का महत्व है। ध्यान से धीरे-धीरे मन विलीन होने लगता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नशे का कारोबार**

नशा किसी भी राज्य के विकास और युवा पीढ़ी को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाता है। हम जानते ही हैं, हरियाणा से लगे पंजाब में इस नासूर ने न जाने अब तक कितनी जवानियां निगलकर कितने ही परिवार बर्बाद कर दिए हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। पंजाब ही नहीं देश के और राज्यों में भी नशे का कारोबार जड़ जमाए बैठा है। हमारे छत्तीसगढ़ और पड़ोसी मध्यप्रदेश में भी आतंक का दानव अपने पैर पसार चुका है। इस पर रोक लगाया जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए नई पीढ़ी को जागरूक करने के साथ-साथ मां-बाप को भी उन पर ध्यान देना जरूरी है। **-रुकमी सिंह**

## व्यंग्य
रामविलास जांगिड़

# राजधानी बनाएं

दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण वाली इमरजेंसी लग चुकी है। सरकार ने फरमान जारी किया है कि लोग अपने घरों में ही रहकर मस्ती मारें। खुशियां मनाएं, खूब पटाखे फोड़ें। पटाखे फोड़ने से मजा भी आएगा और राजधानी के सारे मच्छर भी मारे जाएंगे। वायु प्रदूषण पर मच्छरों का दम घुट रहा है, यह मच्छरों को ठिकाने लगाने का बढ़िया उपाय है। श्वास लेने में परेशानी आ रही है तो उपाय है कि श्वास लेना ही बंद कर दीजिए। पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी लागू कर दीजिए। इंडिया गेट पर खड़े हैं तो वह पूरी तरह से ढका दिखाई देता है। अगर 500 मीटर की दूरी से भी इंडिया गेट दिखाई नहीं देता है तो इंडिया गेट को देखो ही मत। दिल्ली में मुंह दिखाना बिल्कुल बंद कर रखा है। सभी लोग मुंह ढककर घर में मजे मार रहे हैं। जनता से अपील की जा रही है। जब कुछ भी नहीं दिख रहा है तो फालतू में आंखें खोले क्यों देखते हो? इसलिए सरकार कह रही है कि आंखें बंद करके देखिए। दिल्ली को वैसे भी देखना बेकार की बात है। आंखों पर पट्टी बांधकर रखो। मुंह पर भी मास्क लगा लो। कानों में जो छेद है उसमें रूई के फाहे ठूस लो। सरकार घर-घर जाकर हर व्यक्ति को चार-चार रूई के फाहे, दो-दो मास्क व तीन-तीन नैन पट्टिकाएं मुफ्त बांटकर फोटो खिंचवा रही है। सारा मुफ्तनामा सरकार की तरफ से है। हर घर में एयर प्यूरिफायर मुफ्त बांटकर भी सरकार भ्रष्टाचार के नए अवसर पैदा कर सकती है। आइए हम सब मिलकर खूब पेड़ काटें। पौधे लगाने का नाटक कर सेल्फी खींचे। अकेले-अकेले गाड़ियां दौड़ाएं। ऑड-इवन का ड्रामा करें। पराली जलाने की टीवी डिबेट करें। डीजल जेनेरेटर के इस्तेमाल को प्रमोट करें। पावर प्लांट लगाएं। मन्युफैक्चरिंग उद्योग को अनियमित चलने दें। एक पार्टी अन्य दूसरी पार्टी के खिलाफ धरना दें। उपवास करें, अनशन करें व एक दूसरे पर आरोप लगाने के नैतिक कार्य करें। प्रदूषण पर टोपी ट्रांसफर पॉलिटिक्स करें। जमकर राजनीति करें। यही किस्सा मुंबई, जयपुर, लखनऊ, पटना, हैदराबाद, गवाड़िया आदि के लिए लागू करें। सच तो यह है कि पाकिस्तानी इमरान का दिल जल रहा है और उसके धुएं से दिल्ली में प्रदूषण फैल रहा है। वैसे सुझाव है कि देश की राजधानी दिल्ली से बदलकर मेरे गांव कुम्हारिया को बना देना चाहिए। प्रदूषण से मेरा गांव अछूता क्यों रहे? प्रदूषण पर सबको समान अवसर देना जरूरी है। है कि नहीं?

## करंट अफेयर

# चीन ने हांगकांग कार्यालय पर हमले को बताया 'बर्बर'



**हांगकांग।** चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हांगकांग के अपने कार्यालय में लोकतंत्र समर्थकों के हमले को 'बर्बर' बताया है। शहर के पत्रकारों ने भी शनिवार को मीडिया संस्थान पर हुए हमले की निंदा की है। चीन की सत्तारूढ़ कम्यूनिस्ट पार्टी के इस स्वतंत्र वैश्विक आर्थिक केन्द्र पर पकड़ मजबूत करने के संकल्प के बाद रविवार को यहां और प्रदर्शन करने की लोगों की योजना है। प्रदर्शनकारी राजनीतिक सुधार और वास्तविक स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं। शिन्हुआ ने एक संक्षिप्त बयान जारी करके 'भीड़ की बर्बर हरकत' की निंदा की। भीड़ ने शहर में स्थित एशिया पैसेफिक ऑफिस बिल्डिंग में तोड़फोड़ की और फिर उसकी लॉबी में आग लगा दी थी। हांगकांग पत्रकार संघ ने मीडिया पर हमले की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। हमले के ठीक एक दिन पहले सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने शहर में हिंसा पर लगाम लगाने की बात कही थी। हांगकांग की सरकार ने रविवार को कहा कि उसकी मुख्य कार्यकारी कैरी लैम मंगलवार को बीजिंग जाएंगी, जहां वह उप प्रधानमंत्री हान झेंग से बातचीत करेंगी और 'ग्रेटर बे एरिया' के विकास पर एक बैठक में शामिल होंगी।

## ऑफ बीट

# 300 फीसदी बढ़े कैंसर के मामले, गुजरात सबसे आगे



**नई दिल्ली।** साल 2017 से 2018 के बीच कॉमन कैंसर जिसमें ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर शामिल हैं, के केसेज 324 फीसदी बढ़ गए हैं। यह जानकारी नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के डेटा से सामने आई है। ये केसेज राज्यों के एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) क्लीनिक्स में दर्ज किए गए हैं। 2018 में 6.5 करोड़ लोग इन क्लीनिक्स में स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे जिनमें 1.6 लाख लोगों को कैंसर निकला जबकि 2017 में इन केसेज के 39,635 केसेज ही डिटेक्ट हुए थे। हालांकि एनसीडी क्लीनिक्स में 2017 से 2018 तक पहुंचने वाले की संख्या भी डबल हुई। यह पहले 3.5 करोड़ थी जो 6.6 करोड़ तक पहुंच गई। एक्सपर्ट्स का मानना है कि बीमारी के बढ़ने की वजह बदलती लाइफस्टाइल है, जिसमें स्ट्रेस, खाने-पीने से जुड़ी आदतें, तंबाकू और शराब का सेवन शामिल है। 2018 में सबसे ज्यादा कैंसर के केसेज गुजरात में मिले, इसके बाद कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और वेस्ट बंगाल में पाए गए। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2017 में 3939 कॉमन कैंसर के केसेज थे जो कि 2018 तक 72,169 तक पहुंच गए। इसका मतलब है कि 68,230 नए केसेज रिकॉर्ड किए गए।

## ट्रेंड

**सिक्किम की राष्ट्रपति कोविंद ने सराहना की**



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सिक्किम में शांति एवं सौहार्द के माहौल की सराहना की, जहां लोग विभिन्न धर्मों का शांतिपूर्वक अनुपालन करते हैं और एक दूसरे के त्यौहारों में शामिल होते हैं। राष्ट्रपति ने सिक्किम विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, यह जानना अच्छा है कि सिक्किम में सभी धर्मों के लोग शांति एवं सौहार्द के साथ रहते हैं। -रामनाथ कोविंद

**सोमनाथ को नमन**



'मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा जब तक मेरे पास आखिरी जवान और आखिरी गोली है' भारत-पाक युद्ध में कश्मीर की रणभूमि में केवल 50 सैनिक शेरों के साथ पाकिस्तान के 500 आक्रांताओं के छक्के छुड़वाने वाले, भारत की माटी के शेर, प्रथम परमवीर मेजर सोमनाथ शर्मा के बलिदान दिवस पर नमन। **-बाबा रामदेव**

**खतरनाक स्तर पर प्रदूषण**



प्रदूषण असहनीय स्तर पर पहुंच चुका है। दिल्ली सरकार ने कई कदम उठाए। दिल्लीवासियों ने कई बलिदान दिए। वे बिना गलती किए सजा भुगत रहे हैं। पंजाब के सीएम ने कहा कि राहत प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार को कदम उठाने चाहिएं। **-अरविंद केजरीवाल**

**50 कश्मीरी युवा अपने परिवार में लौटे**



कश्मीर स्थित भारतीय सेना की 15वीं कोर द्वारा की गई पहल 'ऑपरेशन मां' का असर दिखने लगा है। इस पहल के कारण इस साल पचास कश्मीरी युवक आतंक का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। **- कंवलजीत सिंह ढिल्लों**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### केन्द्र की गलत नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरेगी कांग्रेस : पांडेय

**जयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और राजस्थान के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि उनकी पार्टी केन्द्र की गलत नीतियों के विरोध में देशव्यापी आंदोलन के तहत पांच से पंद्रह नवंबर के बीच राजस्थान में भी सड़क पर उतरेगी। निकाय चुनाव से पूर्व एक होटल में आयोजित बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में पांडेय ने कहा कि केन्द्र की गलत नीतियों के कारण बिगड़ी अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी और देश में मौजूद अनकहे आपातकाल के विरोध में पांच से पंद्रह नवंबर के बीच उनकी पार्टी सड़कों पर उतरेगी। पांडेय ने कहा कि पांच से पंद्रह नवंबर के बीच कांग्रेस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ केन्द्र की गलत नीतियों के विरोध में आंदोलन करेगी।

### हर जिले में आयुष अस्पताल बनाएगी सरकार : नाइक



**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा कि सरकार अगले तीन-चार वर्षों में देश के सभी जिलों में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) अस्पतालों की स्थापना करेगी। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक ऐसे 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पतालों का काम पूरा हो चुका है। राज्य सरकारों से प्रस्ताव मिल रहे हैं और अगले तीन-चार वर्षों में सभी जिलों में आयुष अस्पताल बनेंगे। आयुष राज्य मंत्री ने कहा कि हम एक योजना लाए हैं, जिसके तहत हर जिले में आयुष अस्पताल चाहे वह आर्युवेद हो या यूनानी हो। जरूरत के हिसाब से उसकी स्थापना की जाएगी।

### बस ने बाइक को टक्कर मारी, दोपहिया सवार दपंत्ति की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक अनियंत्रित निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दो पहिया सवार दंपत्ति की मौत हो गई। थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि कालीडूंगरी के पास एक अनियंत्रित निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रामेश्वरलाल जाट (50) और उनकी पत्नी कमला जाट (40) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जाट किसान हैं और हादसे के समय पत्नी के साथ खेत पर काम करने जा रहे थे। बस चालक मौके से फरार हो गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### 24 परिवारों को राशन की आपूर्ति पर लगी रोक हटायी

**ओडिशा।** गंजाम जिले में खुले में शौच करते हुए पाये गये लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का राशन रोकने का एक पंचायत का फैसला जनाक्रोश के बाद वापस ले लिया गया है। सनाखेमुंडी प्रखंड के गौतमी पंचायत में 24 परिवारों को राशन आपूर्ति सड़क किनारे कथित रूप से शौच करने को लेकर रोक दी गयी थी। गौतमी पंचायत के सरपंच सुशांत स्वैन ने कहा कि इस पंचायत का इरादा 'किसी भी परिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन से वंचित करना नहीं था। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उन परिवारों को चेताना था जो कई जागरूकता अभियानों के बावजूद खुले में शौच के आदी हैं। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों का राशन शुरू में रोका था गया था, उन्हें इस सप्ताह राशन मिलेगा। अक्टूबर माह के लिए 10 नवंबर तक राशन मिलेगा।

## दिखने लगा 'ऑपरेशन माँ' का असर

# 50 कश्मीरी युवा आतंकवाद का रास्ता छोड़कर अपने घर लौटे

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर स्थित भारतीय सेना की 15वीं कोर द्वारा की गयी पहल 'ऑपरेशन माँ' का असर दिखने लगा है। इस पहल के कारण इस साल पचास कश्मीरी युवक आतंक का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। पंद्रहवीं कोर के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल कंवलजीत सिंह ढिल्लों के निर्देशन में शुरू किये गए इस अभियान में लापता युवकों को खोजने और उनके परिजन तक पहुँचने के काम को अंजाम दिया गया। सेना की 15वीं कोर को चिनार कोर भी कहा जाता है। कोर ने घाटी और नियंत्रण रेखा पर आतंकवाद से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



लेफिनेंट जनरल ढिल्लों ने हाल ही में कहा पवित्र कुरान में माँ का महत्व समझाते हुए कहा गया है कि पहले अच्छे काम करो , फिर अपनी माँ की सेवा करो, फिर अपने पिता के पास जाओ। इसी से मुझे भटके हुए नौजवानों को उनके परिवार तक पहुँचाने में मदद मिली। अभिभावकों की पहचान गुप्त रखते हुए उनके संदेश दिखाकर जनरल ढिल्लों ने उन्हें घाटी का मूल्यवान तोहफा कहा। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में सेना के मानवीय कार्यों के प्रति बहुत सम्मान है। जनरल ने बताया कि कुछ स्थानों पर मुठभेड़ ठीक बीच में रोक कर भी आतंकवादियों का समर्पण कराया गया है।

### हमें शव गिनने का शौक नहीं है

लेफिनेंट जनरल ढिल्लों ने कहा स्थानीय आतंकी के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में फंसने की सूचना मिलने पर हम उसकी माँ का पता लगाते हैं और दोनों की बातचीत कराने का प्रबंध करते हैं। कुछ मुठभेड़ों का अंत माँ बेटे के करिश्माई मिलन से हुआ है और इस प्रकार सेना के प्रयासों से हमने कश्मीरी युवाओं की जान बचाई है। हमें शव गिनने का शौक नहीं है बल्कि उन युवाओं की संख्या गिनना पसंद करते हैं जिन्हें हमने उनके परिजनों से मिलवाया है। मैं प्रसन्न हूँ कि इस साल पचास युवा अपने परिवार में वापस आ चुके हैं।

### जम्मू: 44 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सेना में भर्ती के लिये पंजीकरण कराया

जम्मू। जम्मू के तीन जिलों के 44 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सेना में भर्ती के लिये पंजीकरण कराया है। स्थानीय युवाओं के रोजगार उपलब्ध कराने के लिये सांबा जिले में रविवार को शुरू हुई 10 दिवसीय भर्ती रैली में यह पंजीकरण कराए गए। हाल ही में केन्द्र प्रशासित प्रदेश बने जम्मू-कश्मीर में यह पहली और पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद बीते तीन महीने में दूसरी भर्ती रैली है। इससे पहले सितंबर में सेना ने रियासी जिले में तीन दिवसीय भर्ती रैली आयोजित की थी, जिसमें 29 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं ने हिस्सा लिया था। सेना के जम्मू स्थित जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेन्द्र आनंद ने कहा, ''जम्मू क्षेत्र से लगभग 44 हजार प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है जिनका सांबा में दस दिवसीय भर्ती रैली के दौरान शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जम्मू में सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सांबा में भर्ती रैली शुरू हो गई है जो 12 नवंबर तक चलेगी। रैली का मकसद जम्मू क्षेत्र के तीन जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।



### कांग्रेस बागी विधायकों पर मेरे बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है : येदियुरप्पा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह बागी विधायकों पर लीक ऑडियो क्लिप में उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। वहीं, विपक्षी दल ने विधायकों की बगावत में भाजपा की कथित संलिप्तता को लेकर राज्यव्यापी प्रदर्शनों की घोषणा की। कांग्रेस ने यह भी कहा कि वह सोमवार को उच्चतम न्यायालय के सामने यह मामला उठायेगी। येदियुरप्पा ने कहा कि जिन विधायकों ने इस्तीफा दिया, उन्होंने (अयोग्य ठहराये गये विधायकों) अपनी वजह से ऐसा किया और भाजपा का उससे कोई लेना-देना नहीं है। लीक ऑडियो क्लिप में अपने कथित बयान का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि आगे क्या किया जाए, यह हमारी पार्टी तय करेगी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे मैंने बस यही कहा है, और कुछ नहीं।

#### एनआरसी पर सीजेआई गोगोई का बड़ा बयान, बोले-

## मीडिया की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग ने बिगाड़े हालात

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्यन्यायाधीश रंजन गोगोई ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स, एनआरसी) को भविष्य के लिए आधार दस्तावेज बताया है। इसके साथ ही उन्होंने एनआरसी लागू किए जाने के दौरान बिगड़े हालातों का जिम्मेदार कुछ मीडिया संस्थानों की गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग को बताया। उन्होंने एनआरसी को लेकर यह बात 'पोस्ट कॉलोनियल असम' किताब के विमोचन कार्यक्रम में कही। उन्होंने अपने संबोधन में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) को लेकर कहा कि यह चीजों को उचित परिप्रेक्ष्य में रखने का एक अवसर है, क्योंकि आखिरकार यह उभर सकता है, यह कोई एक समय भर का दस्तावेज नहीं है। यह केवल 19 लाख या 40 लाख लोगों की बात भी नहीं है। यह तो भविष्य के लिए आधार





- कुछ हद तक अवैध प्रवासियों की संख्या का पता लगाने की तत्काल आवश्यकता थी, जो कि एनआरसी को लागू करने के मौजूदा प्रयास का हिस्सा था।

दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर की गई कुछ मीडिया संस्थानों की गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग से स्थिति और खराब हो गई। हालांकि कुछ हद तक अवैध प्रवासियों की संख्या का पता लगाने की तत्काल आवश्यकता थी, जो कि एनआरसी को लागू करने के मौजूदा प्रयास का हिस्सा था। इसमें कुछ भी कम या ज्यादा नहीं होना था।

### छठ श्रद्धालु दूसरे दिन भी एनजीटी के आदेशों की अवहेलना कर रवींद्र सरोवर में हुए दाखिल

**कोलकाता।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों की अवहेलना करते हुए 12 घंटे में दूसरी बार रविवार को हजारों लोगों ने दक्षिण कोलकाता स्थित रवींद्र सरोवर में छठ पूजा की। यह जानकारी कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण (केएमडीए) के एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि लेक पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और केएमडीए पश्चिम बंगाल सरकार को विस्तृत रिपोर्ट भेजेगा। उन्होंने कहा कि शनिवार के घटनाक्रमों के बाद रविवार सुबह भी श्रद्धालु दरवाजों पर लगे ताले तोड़कर दाखिल हुए और राष्ट्रीय झील में सुबह चार बजे से लेकर सात बजे तक उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए तैनात कर्मियों की संख्या बहुत कम थी। आसपास पुलिस की उपस्थिति भी पर्याप्त नहीं थी। ऐसे में सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धालुओं को अंदर जाने की इजाजत देनी पड़ी। पूजा के बाद सफाईकर्मियों ने पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील इलाके में फैले फूलों एवं अन्य पूजा सामग्री को हटाने का काम शुरू कर दिया है। इसमें दो से तीन दिन का समय लगेगा। उल्लेखनीय है कि 14 अक्टूबर को एनजीटी ने सरकार को निर्देश दिया था कि वह यह सुनिश्चित करे कि रवींद्र सरोवर में छठ सहित किसी भी उत्सव को मनाने पर पूर्व में लगाई गई रोक का उल्लंघन नहीं हो।

### उपराष्ट्रपति ने खारे पानी को इस्तेमाल में लाने के लिए किफायती पहल की पैरवी की

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने देश में पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए खारा पानी को पीने योग्य बनाने की किफायती पहल की हिमायत की और कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए और अनुसंधान किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने मत्स्य पालन, जलीय कृषि, नवीन समुद्री ऊर्जा, अपतटीय हाइड्रोकार्बन और मरीन जैव प्रौद्योगिकी सहित 'ब्लू इकनॉमी' के छह मुख्य क्षेत्रों में लगातार प्रयासों के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की । उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए ये सभी महत्वपूर्ण हैं। 'ब्लू इकनॉमी' से संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। 'ब्लू इकनॉमी' का आशय महासागरों के संसाधनों के उपयोग से है । उन्होंने कहा कि समुद्री ऊर्जा, समुद्री जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में देश को अग्रणी बनाने के लिए अनुसंधान गतिविधियों और नवाचार को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है।



#### राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा

## प्रदूषण का बढ़ता स्तर गंभीर चिंता का विषय


एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली और राजस्थान सहित पड़ोसी राज्यों में प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार से इसका समाधान निकालने के लिए नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को कहा। गहलोत ने रविवार को ट्वीट के जरिये कहा कि दिल्ली और राजस्थान सहित पड़ोसी राज्यों में प्रदूषण का बढ़ता स्तर गंभीर चिंता का विषय है। लोग लंबे समय से पीड़ित हैं खासकर बच्चे और बुजुर्ग। यह एक स्वास्थ्य आपातकाल है, जिसे दिल्ली सरकार अकेले नहीं सुलझा सकती। केन्द्र सरकार को इसके समाधान का नेतृत्व करना होगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के बाद अब राजस्थान के कई हिस्सों में प्रदूषण का प्रभाव बढता जा रहा है और आकाश में बादलों के साथ साथ धुंध और धुआं नजर आ रहा है।



- यह एक स्वास्थ्य आपातकाल है, जिसे दिल्ली सरकार अकेले नहीं सुलझा सकती

## दीक्षांत समारोह ...





राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद गंगटोक, सिक्किम में रविवार को सिक्किम विश्वविद्यालय के 5 वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक छात्र को एक पुरस्कार प्रदान करते हुए।

### हैदराबाद दुनिया की पाककला राजधानी बनेगा :मेयर

**हैदराबाद।** हलीम और बिरयानी जैसे ज़ायकेदार पकवानों की उत्पत्ति भले ही दुनिया के दूसरे हिस्सों में हुई हो, लेकिन वक्त के साथ इन्हें स्थानीय तरीकों से बनाए जाने लगा जिससे हैदराबाद को यूनेस्को के 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' टैग हासिल करने में मदद मिली है। गैस्ट्रोनॉमी समृद्ध और स्वादिष्ट भोजन तैयार करने और परोसने की कला है। 'विश्व शहर दिवस 2019' के मौके पर यूनेस्को ने घोषित किया है कि मुंबई और हैदराबाद को उसके 'क्रिएटिव सिटीज़' (रचनात्मक नगरों) की सूची मे शामिल किया गया है। हैदराबाद के मेयर बी राममोहन ने कहा कि खान-पान का क्षेत्र सीधे या परोक्ष तौर पर शहर की 12 फीसदी कामगार आबादी को रोज़गार देता है। यह विभिन्न मजहबों, क्षेत्रों, जातियों, वर्गों के लोगों के बीच मजबूत संपर्क स्थापित करता है।

#### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहा

## मुझसे मिले कई लोग निजता के हनन को लेकर चिंतित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अपना फोन टैप किए जाने का दावा करने और कार्यकर्ताओं तथा पत्रकारों की जासूस के आरोपों की जांच की मांग करने के एक दिन बाद राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि उनसे मिले कई लोगों ने निजता के हनन को लेकर चिंता जताई है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार पर नियमित रूप से उनका फोन टैप करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार व्हाट्सअप पर सुरक्षा हनन को लेकर ''पूरी तरह से अवगत'' थी। फेसबुक के मालिकाना हक वाले व्हाट्सअप ने



इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वैश्विक स्तर पर अज्ञात संस्थाएं इजरायली स्पाईवेयर 'पेगासस' का उपयोग कर भारतीय पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की जासूसी कर रही थीं। राज्यपाल धनखड़ ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा कि अब जब हम निजता के अधिकार के बारे में बात कर रहे हैं, तो मैं बता दूं कि मैं यहां राजनीति, व्यापार क्षेत्र से कई महत्वपूर्ण लोगों और अन्य पदाधिकारियों से मिला हूं, जिन्होंने मुझे बताया है कि उनकी निजता का हनन हुआ।

### मुझे नहीं पता कि ममता के पास क्या विशिष्ट जानकारी है

बनर्जी द्वारा केन्द्र पर लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि उनके पास क्या विशिष्ट जानकारी है, जिसके आधार पर उन्होंने आरोप लगाए हैं। इस पर तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि राज्यपाल को उन लोगों के नाम तत्काल जारी करने चाहिए जिन्होंने जासूसी पर चिंता जताई है।

#### महिला सुरक्षा की ओर बड़ा कदम

## देश के हर पुलिस स्टेशन में बनेंगे वुमेन हेल्प डेस्क

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय के सहयोग से महिला और बाल विकास मंत्रालय देश के प्रत्येक थानों में महिला सहायता डेस्क और एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट की स्थापना करेगा। इसके तहत पहले चरण में 10 हजारों थानों में इसे स्थापित किया जाएगा। इन यूनिटों को निर्भया फंड के तहत शुरू किया जा रहा है जिसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। थाने में महिला सहायता डेस्क स्थापित करने का मकसद ये है कि महिलाओं को यहां किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस संबंध में महिला और बाल विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में निर्भया फ्रेमवर्क के तहत अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) ने पुलिस थानों में महिला सहायता डेस्क के संचालन के लिए सिस्टम विकसित करने के दो प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इस पूरी योजना का क्रियान्वयन महिला और बाल विकास मंत्रालय गृह मंत्रालय के साथ मिलकर करेगी।



### महिलाओं की शिकायतों का होगा निपटारा

एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट को स्थापित करने का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा निर्भया फंड के जरिए उठाया जाएगा। बता दें कि पुलिस थानों में महिला सहायता डेस्क एक जेंडर सेंससिटीव डेस्क होगा जहां महिलाओं की शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। सरकार की कोशिश है कि इसके निर्माण से एक ऐसा वातावरण बने जिससे महिलाओं को पुलिस थाने जाकर शिकायत दर्ज कराने में कोई झिझक न रहे।

### गोवा के नए राज्यपाल बने सत्यपाल मलिक राजभवन में ली शपथ

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को गोवा के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप नंद्राजोग ने राजभवन में गोवा के राज्यपाल के रूप में सत्यपाल मलिक को पद की शपथ दिलाई। बता दें कि सत्यपाल मलिक इससे पहले जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। लेकिन अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद अब उनको गोवा का राज्यपाल बना दिया गया है। क्योंकि जम्मू-कश्मीर के पूर्व आईएएस अधिकारी गिरीश चंद्र मुर्मू को उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों केंद्र शासित प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आ चुके हैं। गिरीश चंद्र मुर्मू वित्त मंत्रालय में व्यय सचिव के पद पर थे और 1985 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

### ओडिशा: कुपोषित बच्चों के फंड में अनियमितता मामले में 6 को नोटिस

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कुपोषित बच्चों के लिए फंड में अनियमितताओं मामले में लोकायुक्त ने 6 बाबुओं को नोटिस जारी किया है। मामला ओडिशा के नगाड़ा गांव है। बता दें 2016 में यह गांव कुपोषण के मामलों को लेकर सुर्खियों में रहा था। कुपोषण के कारण 2016 में यहां जुआं जनजाति के 21 बच्चों की मौत हो गई थी। जजपुर जिले में स्थित नगाड़ा गांव राजधानी भुवनेश्वर से 100 किमी की दूरी पर है। लोकायुक्त ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जिला ग्रामीण विकास संस्था , बीडीओ, सुकिंदा एक्जिक्यूटिव इंजीनियर, ग्रामीण विकास और धबलगिरि, ग्रामीण जल आपूर्ति एक्जिक्यूटिव इंजीनियर और जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोटिस जारी किया है. सभी को 6 महीने के अंदर नोटिस का जवाब देना है। मामले में अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। आरटीआई एक्टिविस्ट प्रदीप प्रधान की 8 पन्नों की रिपोर्ट के बाद लोकायुक्त ने आदेश जारी किया। प्रदीप प्रधान की अध्यक्षता में भुवनेश्नर स्थित एक सिविल सोसाइटी ग्रुप की 5 सदस्यी टीम ने गांव का दौरा किया था. टीम ने अपनी जांच में सब-स्टैंडर्ड वर्क, योजना के तहत बनने वाले घरों की लॉ क्वॉलिटी, बिजली-पानी की सप्लाई नहीं होने और फूड सिक्योरिटी प्रोग्राम फेल होने जैसी कई अनियमितताएं पाई थीं। याचिकाकर्ता के मुताबिक, राज्य सरकार ने गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 23 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए. बता दें 3 अक्टूबर को एनएचआरसी ने ओडिशा सरकार से गांव में कुपोषण रोकने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर रिपोर्ट भी तलब की थी।



खबर संक्षेप

## पहली छमाही में कोयला आयात 9.3 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 9.3 प्रतिशत बढ़कर 12.69 करोड़ टन पर पहुंच गया। उद्योग जगत के आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली। कंपनी एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, इससे पिछले वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में कोयला आयात 11.60 करोड़ टन रहा था।

## फ्लिपकार्ट का घाटा 63 फीसदी घटकर 17,231 करोड़ रु.

**नई दिल्ली।** मार्च, 2019 में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट को 17,231 करोड़ रुपए (2.42 अरब डॉलर) का घाटा हुआ, हालांकि यह इससे पिछले वित्त वर्ष से कम रहा। वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म पेपर डॉट वीसी के मुताबिक, इस दौरान कंपनी के राजस्व में 42 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## ऑडी ने 6 लाख रु.तक घटाए क्यू5 व क्यू7 एसयूवी के दाम



**नई दिल्ली।** लग्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी ऑडी ने अपनी दो पॉप्युलर एसयूवी के दाम लिमिटेड पीरियड के लिए घटाए हैं। कंपनी ने अपनी क्यू5 और क्यू7 एसयूवी के दाम 6.02 लाख रुपए तक कम किए हैं। ऑडी ने भारत में इन मॉडल्स की सेल्स के 10 साल पूरे होने पर इस लिमिटेड पीरियड ऑफर की घोषणा की है। ऑडी क्यू5 और क्यू7 एसयूवी को सबसे पहले 2009 में भारत में पेश किया गया था। पिछले सालों में इन दो आइकॉनिक एसयूवी को कई बार अपडेट किया गया है।

# प्रसाद ने बीएसएनएल व एमटीएनएल को वीआरएस के लिए कदम उठाने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) दिशानिर्देशों और संपत्तियों को बेचने अथवा पट्टे पर देने जैसे मौद्रिकरण उपायों पर तेजी से कदम उठाने का निर्देश दिया है।

- कंपनी को स्पष्ट किया की बाजार में उसे आक्रमक बनना होगा

सूत्रों ने कहा कि प्रसाद ने इन कंपनियों को स्पष्ट किया है कि उन्हें दूरसंचार बाजार में अधिक आक्रामक बनना होगा। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि मंत्री ने दोनों कंपनियों के निदेशक मंडलों के साथ बैठक में स्पष्ट तौर पर कहा था कि उन्हें सरकार की ओर से 'मजबूत प्रोत्साहन पैकेज' दिया गया है और अब उन्हें अधिक प्रतिस्पर्धी बनने के लिए कदम उठाने होंगे।

### संपत्तियों के मौद्रिकरण पर भी तेजी से कदम उठाने के निर्देश

#### 69,000 रु. के पैकेज को मंजूरी

उल्लेखनीय है कि सरकार ने पिछले महीने बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरोद्धार के लिए 69,000 करोड़ रुपए के पैकेज की मंजूरी दी थी। इसमें घाटे में चल रही दोनों कंपनियों के विलय के अलावा उनकी संपत्तियों के मौद्रिकरण के अलावा कर्मचारियों को वीआरएस दिया जाना भी शामिल है। इन कदमों से सामूहिक इकाई दो साल में लाभ में आ सकेगी।

BSNL Connecting India MTNL

#### वीआरएस योजना को तत्काल अंतिम रूप देना होगा

प्रसाद ने एक नवंबर को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए इन कंपनियों से कर्मचारियों के लिए वीआरएस योजना को तत्काल अंतिम रूप देने को कहा था और योजना को जल्द से जल्द अमल में लाने को कहा था। मंत्री ने स्पष्ट किया था कि वह इसमें हुई प्रगति की निगरानी स्वयं करेंगे।

*अधिकारियों को कर्मचारियों से चर्चा करने कहा गया : प्रसाद ने बीएसएनएल और एमटीएनएल से अपने अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे चर्चा करने को भी कहा। साथ ही मंत्री ने कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे जल्द से जल्द अपनी संपत्तियों के मौद्रिकरण की प्रक्रिया शुरू करें।*

#### प्रदर्शन में सुधार करना होगा

सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने दोनों कंपनियों को स्पष्ट कर दिया है कि सरकार की ओर से एक उदार पैकेज के बाद उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महानगर टेलीफोन निगम लि. (एमटीएनएल) और भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) के विलय की योजना को मंजूरी दी गई थी। एमटीएनएल मुंबई और दिल्ली में सेवाएं देती है। वहीं बीएसएनएल शेष भारत में सेवाएं देती है।

उन्नती : आईएमएफ ने हालिया शोध रिपोर्ट में कहा

# भारत की अगुआई में वैश्विक विकास का केंद्र बनने जा रहा है साउथ एशिया: आईएमएफ

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

भारत की अगुवाई में दक्षिण एशिया वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनने की दिशा में बढ़ रहा है और 2040 तक वृद्धि में इसका अकेले एक - तिहाई योगदान हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने हालिया शोध में यह बात कही। मुद्राकोष के भौगोलिक विभाजन में दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत, बांग्लादेश, नेपाल , श्रीलंका, भूटान और मालदीव शामिल हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान को इसमें जगह नहीं दी गई है।

#### बुनियादी ढांचे में सुधार जरूरी

आईएमएफ के एक दस्तावेज 'क्या वृद्धि के लिए दक्षिण एशिया तैयार ? सतत एवं समावेश वृद्धि एजेंडा' में कहा गया कि बुनियादी ढांचे में सुधार और युवा कार्यबल का सफलतापूर्वक लाभ उठाकर यह क्षेत्र 2040 तक वैश्विक वृद्धि में एक तिहाई योगदान दे सकता है।

#### 2030 तक 15 करोड़ लोग होने श्रम बाजार में

आईएमएफ की एशिया एवं प्रशांत विभाग की उप निदेशक एनी मेरी गुलडे वोल्फ ने कहा , हम दक्षिण एशिया को वैश्विक वृद्धि केंद्र के रूप में आगे बढ़ता हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकी रुझानों के आधार पर , 2030 तक इस क्षेत्र के 15 करोड़ से ज्यादा लोगों के श्रम बाजार में कदम रखने की उम्मीद है।

### 2040 तक भारत का एक तिहाई योगदान हो सकता है

**खास बातें**

- भौगोलिक विभाजन में अफगान व पाक को जगह नहीं
- देश का व्यापक श्रमबल द . एशिया की ताकत बन सकता है
- विनिर्माण आधार को बढ़ाने निजी क्षेत्र को मिले तरजीह




#### भारत मौजूदा अवसरों का लाभ उठाएं

मुद्राकोष की शीर्ष अधिकारी ने कहा कि आईएमएफ को लगता है कि भारत को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है ताकि वह देश में पहले से मौजूद अवसरों का लाभ उठा सके। वोल्फ ने कहा कि भारत में पहले से ही अच्छी शिक्षा प्रणाली है।

#### विनिर्माण क्षेत्र में स्थिति कमजोर

हालांकि , उसे विनिर्माण क्षेत्र में कुछ करने की जरूरत है , जहां भारत की स्थिति कमजोर है। अहम मुद्दा यह है कि कैसे विनिर्माण आधार को बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि भारत को निजी क्षेत्र की वृद्धि के लिए बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है।

#### देश में बड़े सुधार की जरूरत

आईएमएफ अधिकारी ने कहा , भारत के पास बहुत अधिक क्षमता है लेकिन यहां बड़े सुधार की जरूरत है। वृद्धि के रास्ते पर बढ़ने के लिए इन सुधारों को लागू करने की आवश्यकता है। यदि आप सुधारों को लागू करने में देरी करके समय गंवाते हैं , तो आप जहां हैं , वहां से ऊपर पहुंचने में अधिक समय लगेगा और समय बहुत ज्यादा नहीं है।

*सुस्ती को चक्रीय बताया : वोल्फ ने कहा , सुधारों को लागू करने की जरूरत है। हम अभी देख रहे हैं कि इस स्तर पर सुस्ती मुख्य रूप से चक्रीय है , लेकिन हाल में आए आंकड़े हमारी उम्मीदों से कम हैं।*

#### भारत व्यापक श्रमबल से बड़ी ताकत बन सकता है

वोल्फ ने कहा , हमारे पास एक क्षेत्र है जिसके पास काफी युवा आबादी है। इस क्षेत्र में हाल में अच्छी खासी तेजी देखी गई है। आईएमएफ ने अपने दस्तावेज में कहा कि रोजगार आधारित वृद्धि की मदद से यह युवा और व्यापक श्रमबल दक्षिण एशिया की ताकत बन सकता है।

#### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को लेकर उदारीकरण जरूरी

यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों का संतुलित तरीके से लाभ उठा सकता है। इसमें कहा गया है कि यद्यपि , दक्षिण एशिया के कई देशों के अपने नीतिगत सुझाव हैं लेकिन इनमें राजस्व जुटाना और राजकोषीय समेकन ; अधिक व्यापार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को लेकर उदारीकरण और लोगों पर निवेश जैसी चीजें शामिल होनी चाहिए।

# आदित्य बिड़ला समूह के थाईलैंड में 50 साल पूरे

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक



- एक कताई मिल इकाई के साथ थाइलैंड के बाजार में उतरे थे
- समूह की उपस्थिति परिधान, कॉर्बन ब्लैक और रसायन जैसे क्षेत्रों में

विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत आदित्य बिड़ला समूह ने थाइलैंड में परिचालन के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारत और थाइलैंड सरकार के कई अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आदित्य विक्रम बिड़ला एक कताई मिल इकाई के साथ थाइलैंड के बाजार में उतरे थे। इस समय यह समूह दक्षिण पूर्ण एशियाई देश में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सबसे बड़े उपक्रमों में से एक है। थाइलैंड में आदित्य बिड़ला समूह की उपस्थिति परिधान, कॉर्बन ब्लैक और रसायन जैसे क्षेत्रों में है। यहां इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, इस समय हम यहां थाइलैंड में हैं जिसके साथ भारत के काफी मजबूत सांस्कृतिक संबंध हैं। हम थाइलैंड में भारतीय कारोबारी समूह के 50 बरस पूरे कर रहे हैं। इससे मेरी यह सोच और मजबूत होती है कि वाणिज्य और व्यापार में सबको जोड़ने की आंतरिक ताकत होती है।

#### पीएम की मौजूदगी हमारे लिए गर्व का विषय

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में यहां समूह की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

## आगामी महीनों में मारुति बिक्री को लेकर आशान्वित

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने आगे चलकर अपनी बिक्री में बढ़ोतरी को लेकर 'सतर्कता के साथ उम्मीद' जताई है। कंपनी का कहना है कि वाहन उद्योग में जिन चुनौतियों की वजह से सुस्ती है, वे कारक अब भी मौजूद हैं। मारुति की बिक्री में अक्टूबर में सात महीने बाद वृद्धि दर्ज हुई है।

# 5 साल में 3,427 सरकारी बैंक ब्रान्च बंद या मर्ज

- बैंक शाखाओं में से 75 प्रतिशत शाखाएं भारतीय स्टेट बैंक की
- इनको या तो बंद किया या इन्हें दूसरी बैंक शाखाओं में मर्ज किया
- एसबीआई के साथ कई बैंकों का हो चुका है मर्जर

**इंदौर।** सूचना के अधिकार (आरटीआई) से खुलासा हुआ है कि बीते पांच वित्तीय वर्षों के दौरान विलय या शाखाबंदी की प्रक्रिया से सार्वजनिक क्षेत्र के 26 सरकारी बैंकों की कुल 3,427 बैंक शाखाओं का मूल अस्तित्व प्रभावित हुआ है। खास बात यह है कि इनमें से 75 प्रतिशत शाखाएं देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की प्रभावित हुई हैं। आलोच्य अवधि के दौरान एसबीआई में इसके पांच सहयोगी बैंकों और भारतीय महिला बैंक का विलय हुआ है। यह जानकारी आरटीआई के जरिये ऐसे वक्त सामने आयी है, जब देश के 10 सरकारी बैंकों को मिलाकर इन्हें चार बड़े बैंकों में तब्दील करने की सरकार की नयी योजना पर काम शुरू हो चुका है।

#### एसबीआई की सर्वाधिक 2,568 बैंक शाखाएं प्रभावित

आरटीआई अर्जी पर मिले जवाब के अनुसार बीते पांच वित्तीय वर्षों में विलय या बंद होने से एसबीआई की सर्वाधिक 2,568 बैंक शाखाएं प्रभावित हुईं। आरटीआई कार्यकर्ता ने आरबीआई से सरकारी बैंकों की शाखाओं को बंद किये जाने का सबब भी जानना चाहा था। लेकिन उन्हें जवाब नहीं मिला। इस प्रश्न पर केंद्रीय बैंक ने आरटीआई कानून के सम्बद्ध प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि मांगी गयी जानकारी एक सूचना नहीं, बल्कि एक /"राय/" है।

मध्यप्रदेश के नीमच निवासी आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी /"पीटीआई-भाषा/" के साथ रविवार को साझा की। इसके मुताबिक देश के 26 सरकारी बैंकों की वित्तीय वर्ष 2014-15 में 90 शाखाएं, 2015-16 में 126 शाखाएं, 2016-17 में 253 शाखाएं, 2017-18 में 2,083 बैंक शाखाएं और 2018-19 में 875 शाखाएं या तो बंद कर दी गयीं या इन्हें दूसरी बैंक शाखाओं में विलीय कर दिया गया। आरबीआई ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ भारतीय महिला बैंक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला और स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर का विलय एक अप्रैल 2017 से प्रभावी हुआ था। इसके अलावा, बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक और देना बैंक का विलय एक अप्रैल 2019 से अमल में आया था।

इस बीच, सार्वजनिक बैंकों के कर्मचारी संगठनों ने इनके विलय को लेकर सरकार की नयी योजना का विरोध तेज कर दिया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने /"पीटीआई-भाषा/" से कहा, /"अगर सरकार देश के 10 सरकारी बैंकों को मिलाकर चार बड़े बैंक बनाती है, तो इन बैंकों की कम से कम 7,000 शाखाएं प्रभावित हो सकती हैं। इनमें से अधिकांश शाखाएं महानगरों और शहरों की होंगी।/" वेंकटचलम ने आशंका जतायी कि प्रस्तावित विलय के बाद संबंधित सरकारी बैंकों का कारोबार घटेगा, क्योंकि आमतौर पर देखा गया है कि किसी बैंक शाखा के बंद होने या इसके किसी अन्य शाखा में विलीन होने के बाद ग्राहकों का उससे आत्मीय जुड़ाव समाप्त हो जाता है।

## आंध्र सरकार विभिन्न स्त्रोतों से राशि जुटाएगी

अमरावती। आंध्र प्रदेश की वाई एस जगन मोहन रेड्डी सरकार ने चालू वित्त वर्ष में नई पहल 'कनेक्ट - टू - आंध्र' के तहत विभिन्न स्त्रोतों के योगदान से कम से कम 1,000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस पूंजी का उपयोग सरकार की प्रमुख योजना 'नवरत्नालु' कार्यक्रम में होगा।

# एसबीआई करेगा 700 करोड़ के एनपीए की नीलामी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस महीने 700 करोड़ रुपये के एनपीए की नीलामी कर संबंधित कर्जदारों से अपने बकाये की वसूली करेगा। एसबीआई की योजना के अनुसार, महीने के दौरान तीन नीलामी की जाएगी, जिनमें बकाये की कुल राशि 700.34 करोड़ रुपये है। लुधियाना स्थित रीजेंसी एक्वा इलेक्ट्रो ऐंड होटल रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और कोलकाता स्थित लवली इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड की नीलामी 18 नवंबर हो होगी जबकि संकल्प इंजीनियरिंग ऐंड प्राइवेट लिमिटेड और आंजनेय राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड व अन्य का ई-ऑक्शन 29 नवंबर को किया जाएगा। वहीं, सात नवंबर को भोपाल स्थित भाटिया ग्लोबल ट्रेडिंग लिमिटेड का ई-ऑक्शन होगा जिसके पास 177 करोड़ रुपये बकाया है। इसके अलावा अन्य कई संपत्तियों की उस दिन नीलामी होगी। वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री के मामले में बैंक की संशोधित नीति के अनुसार, एसबीआई ने बिक्री वाले खाते एआरसी/बैंक/एनबीएफसी/एफआई के पास दी हुई शर्तों के तहत पेश किए हैं। इन सभी खातों की नीलामी मौजूदा स्विस चैलेंज विधि के अनुसार होगी, जिसमें सबसे ज्यादा बोली लगाने का अधिकार होगा। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के हालिया नतीजों के अनुसार, एसबीआई की चूक की राशि पहली तिमाही की 16,000 करोड़ रुपये से घटकर 8,800 करोड़ रुपये रह गई है।

#### महीने के दौरान तीन नीलामी की जाएगी

# आरसीईपी का हिस्सा नहीं बनने से भारत को नुकसानः सीआईआई

**नई दिल्ली।** देश के एक प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडल ने कहा कि प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समझौते आरसीईपी में शामिल नहीं होने से भविष्य में भारत के निर्यात और निवेश प्रवाह को नुकसान पहुंच सकता है। समझौते का हिस्सा नहीं होने से व्यापार के मामले में भारत समूह के अन्य 15 देशों की प्राथमिकता सूची से अलग-थलग पड़ जाएगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का यह बयान इस लिहाज से काफी महत्वपूर्ण लगता है कि देश के कुछ उद्योग क्षेत्र इस समझौते के खिलाफ हैं। क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) के प्रस्तावित समझौते को लेकर कुछ घरेलू उद्योगों ने शुल्क संबंधी मुद्दे उठाए हैं। आरसीईपी देशों के नेताओं की शिखर बैठक सोमवार को बैंकाक में होने जा रही है। बैठक में इस वृहद व्यापार समझौते को लेकर राजनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण बातचीत हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैंकाक के लिए रवाना होने से पूर्व शनिवार को कहा कि जब वह आरसीईपी की शिखर बैठक में भाग लेंगे तो भारत यह देखेगा कि माल एवं सेवाओं के व्यापार और निवेश में उसके हितों को पूरी तरह से समझौते में समायोजित किया गया है अथवा नहीं।

## सऊदी अरामको के आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के मार्केट रेगुलेटर ने रविवार को सरकारी तेल कंपनी अरामको के आईपीओ को मंजूरी दे दी। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, केपिटल मार्केट अथॉरिटी (सीएमए) ने कहा कि अरामको के वित्तीय स्टेटमेंट्स, गतिविधियों और प्रबंधन के उसके प्रोस्पेक्टस सब्सक्रिप्शन पीरियड की शुरुआत से पहले प्रकाशित किया जाएगा। दुनिया को 10 फीसदी तेल देने वाली अरामको 1970 में अपनी स्थापना के बाद से सऊदी की अर्थव्यवस्था की स्थिरता की अभी भी रीढ़ है। तेल कंपनी ने इतिहास में पहली बार अगस्त में अपने वित्तीय परिणाम देने बंद कर दिए थे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

INDIA'S No.1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टूटने नहीं दूँगा
11मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो



तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहू में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरू मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

चिकित्सा

बढ़ाइये अपनी सुंदरता का साइज
अविकसित व छोटे ब्रेस्ट को टाइट सुडोल,आकर्षक व खूबसूरत बनायें।
घर बैठे दवा मंगायें।
15 दिनों में फर्क देखें
फोन करें फ्री सलाह लें
1250/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉमप्लैक्स,दुकान न. 22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055
0129-4310066

लोन
☞ JANDHAN FINANCE नोफाईलचार्ज नोगारंटर 1974 से आपकी सेवा में सभी बैंकों द्वारा मार्कशीट, आधार कार्ड, बिजनेस लोन घरबैठे 24 घंटों में पायें 1% ब्याज, 50% छूट एजेंट चाहिए 94520-91025

लोन
☞ दिवाली धमाका ऑफर महिन्द्रा फाइनेंस द्वारा आधारकार्ड मार्कशीट प्रोप्टी पर्सनल बिजनेस समस्त लोन घर बैठे पाऐं फाइल चार्ज लोन से कटेगा महिलाओं के लिए विशेष छूट 2% ब्याज छूट 50% Mb. 88084-14358

लोन
☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं, JEEVAN BHARTI FINANCE जनधन योजना के अन्तर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40%, एजेंट आमंत्रित 89018-50815

चिकित्सा

शराब छुडवाये हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

टावर
☞ भारतीय टॉवर द्वारा जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 90 लाख, मासिक किराया 45000/- + 1 नौकरी + सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित (खर्चा साईट पास होने के बाद), काम हमारा विश्वास जीतना 80044-04132

## खबर संक्षेप



### मौकों को भुनाने के लिए बेहतर करना होगा

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हाकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में पदक का सपना पूरा करने के लिए स्ट्राइकरों के पास मौकों को भुनाने के कौशल के साथ रक्षापंक्ति मजबूत होनी चाहिए। आस्ट्रेलिया के रीड 1992 बार्सीलोना ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली टीम के खिलाड़ी रहे है। उनके कोच रहते हुए हालांकि आस्ट्रेलियाई टीम 2016 रियो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी।
रीड भारतीय टीम के साथ बतौर कोच ओलंपिक पदक जीतने का सपना पूरा करना चाहते हैं।

### लक्ष्य सारलोरलक्स ओपन के फाइनल में

**सारब्रेकन।** भारत के लक्ष्य सेन ने यहां हमवतन किरण जॉर्ज को 21-13, 14-21, 21-9 से हराकर सारलोरलक्स ओपन बैडमिंटन



टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त सेन ने सेमीफाइनल का यह मुकाबला 37 मिनट में जीता। विश्व में 156वीं रैंकिंग के जार्ज ने इससे पहले एक भी गेम नहीं गंवाया था। लक्ष्य सेन से पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में वह आत्मश्वास से खेल रहे थे। लेकिन विश्व में 51वी रैंकिंग के सेन ने तीसरे गेम में अच्छी वापसी की और इस तरह से सीनियर सर्किट पर अपना अच्छा प्रदर्शन बरकरार रखा।

### वियतनाम ने भारत को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** वियमनाम ने भारतीय महिला टीम को हनोई में खेले गए पहले फीफा मैत्री मैच में रविवार को 3-0 से हराया। थी न्हुंग (आठवें



मिनट), थी वान (82वां मिनट) और थी थुये हांग (89वां मिनट) के गोल से वियतनाम ने आसान जीत दर्ज की। अदिति चौहान ने मैच के 12वें मिनट में शानदार बचाव कर वियतनाम की बढ़त को दोगुना करने से रोका। दो मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैत्री मैच बुधवार को खेला जाएगा।

### बारिश ने पाकिस्तान को हार से बचाया

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच की ताबड़तोड़ पारी पर बारिश ने पानी फेर दिया जिससे पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में रविवार को खेला गया पहला मुकाबला बेनतीजा रहा। बारिश से प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पाकिस्तान ने 15 ओवर में पांच विकेट पर 107 रन बनाए जिसके बाद डकवर्थ लुइस प्रणाली से आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 119 रन का लक्ष्य मिला। आस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 3.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 41 रन बना लिया। बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हुआ और मैच को बेनतीजा घोषित कर दिया गया।

### जोकोविक-शापोवालोव में होगी खिताबी भिड़ंत



**पेरिस।** वर्ल्ड नंबर-2 स्पेन के राफेल नडाल चोट के कारण यहां जारी पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल मुकाबले से हट गए, जिससे कि कनाडा के युवा खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव ने टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में शापोवालोव का सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविक से होगा। जोकोविक ने सेमीफाइनल में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6, 6-4 से मात दी। चार बार के चैंपियन जोकोविक ने एक घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में दिमित्रोव को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।



## नीदरलैंड बना टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का चैंपियन

**दुबई।** ब्रेंडन ग्लोवर की शानदार गेंदबाजी के बाद बेन कूपर की दमदार बल्लेबाजी के दम पर नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल में शनिवार को यहां पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। नीदरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें अगले साल आस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। इन दोनों टीमों के अलावा ओमान, स्कॉटलैंड, नामीबिया और आयरलैंड ने भी विश्व कप का टिकट कटा लिया है। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 128 रन बनाए। ग्लोवर ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। नीदरलैंड ने एक ओवर शेष रहते तीन विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। कूपर ने 33 गेंद में 41 रन बनाए। अनुभवी रेयान टेन डोस्चेट ने 23 गेंद की नाबाद पारी में 34 रन बनाये। इससे पहले तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में आयरलैंड ने नामीबिया को 27 रन से हराया।

# पहला टी-20 : बांग्लादेश ने भारत को 7 विकेट से हराया

### मुशफिकुर रहीम 60* रन बनाकर मैन ऑफ द मैच

- भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाए
- बांग्लादेश ने 19.3 ओवर में 154 रन बना लिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश ने तीन टी-20 की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को 7 विकेट से हरा दिया। उसने पहली बार टी-20 में भारत को हराया। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 149 रन का लक्ष्य दिया। इसे बांग्ला टीम ने 19.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। उसके लिए मुशफिकुर रहीम ने सबसे ज्यादा 60 और सौम्य सरकार ने 39 रन की पारी खेली। सरकार ने रहीम के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। लिटन दास 7 रन बनाकर दीपक चाहर की गेंद पर आउट हुए। लोकेश राहुल ने उनका कैच लिया। मोहम्मद नईम ने डेब्यू मैच में 26 रन बनाए। उन्हें युजवेंद्र चहल ने शिखर धवन के हाथों कैच कराया। महमूदुल्लाह 7 गेंद पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाए।



**भारत**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित पगबाधा बो शफीउल | 09 |
| शिखर धवन रन आउट | 41 |
| लोकेश का महमूदुल्लाह बो अमीनुल | 15 |
| अय्यर का नईम बो अमीनुल | 22 |
| पंत का नईम बो शफीउल | 27 |
| दुबे का एवं बो अफीफ हुसैन | 01 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 15 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 14 |

अतिरिक्त : 04
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर : 148 रन
विकेट पतन : 1-10, 2-36, 3-70, 4-95, 5-102, 6-120
**गेंदबाजी :** इस्लाम 4-0-36-2, हुसैन 4-0-27-0, मुस्तफिजुर 2-0-15-0, अमीनुल3-0-22-2, सरकार 2-0-16-0, अफीफ 3-0-11-1, मोसादेक 1-0-8-0, महमूदुल्लाह 1-0-10-0

**बांग्लादेश**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लिटन का राहुल बो चाहर | 07 |
| मोहम्मद का धवन बो चहल | 26 |
| सौम्य सरकार बो अहमद | 39 |
| मुश्फिकर रहीम नाबाद | 60 |
| महमूदुल्लाह नाबाद | 15 |

अतिरिक्त : 07
कुल योग : 19.3 ओवर में तीन विकेट पर 154 रन
विकेट पतन : 1-8, 2-54, 3-114
**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 3-0-24-1, वाशिंगटन सुंदर 4-0-25-0, खलील अहमद 4-0-37-1, चहल 4-0-24-1, कृणाल पंड्या 4-0-32-0, दुबे 0.3-0-9-0

### शिवम दुबे और मोहम्मद नईम का डेब्यू

यह 1000वां अंतरराष्ट्रीय टी-20 है। पहला टी-20 मैच फरवरी 2005 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। भारत के लिए ऑलराउंडर शिवम दुबे और बांग्लादेश के लिए मोहम्मद नईम ने डेब्यू किया। भारत की ओर से संजू सैमसन, मनीष पांडेय, राहुल चाहर और शार्दुल ठाकुर को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया। वहीं, बांग्लादेश के अबु हैदर रॉनी, मोहम्मद मिथुन, अराफात सनी और तैजुल इस्लाम को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली।

### धवन ने सर्वाधिक 42 रन बनाए

शिवम दुबे डेब्यू मैच में 1 रन बनाकर आउट हुए। आफिफ हुसैन ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच लिया। ऋषभ पंत 26 गेंद पर 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। धवन ने 42 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। लोकेश राहुल 15 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें अमिनुल इस्लाम ने महमूदुल्लाह के हाथों कैच कराया। श्रेयस अय्यर 22 रन बनाकर अमिनुल की गेंद पर मोहम्मद नईम को कैच थमा बैठे।

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 21 रनों से दी शिकस्त, श्रृंखला 1-1 से बराबर



- इंग्लैंड के लिए मलान ने 39 जबकि कप्तान मोर्गन ने 32 रन की पारी खेली
- सेंटनर (3/25) की बेहतरीन गेंदबाजी, सीरीज का तीसरा मुकाबला कल

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

मैन ऑफ द मैच मिशेल सेंटनर (3/25) की बेहतरीन गेंदबाजी की मदद से मेजबान न्यूजीलैंड ने रविवार को वेस्टपैक स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में इंग्लैंड को 21 रनों से हराया। इसके साथ ही कीवियों ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। सीरीज का तीसरा मुकाबला 5 नवंबर को नेलसन में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन का स्कोर बनाया और फिर इंग्लैंड को 19.5 ओवर में 155 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए डेविड मलान ने 39, जबकि कप्तान इयोन मोर्गन ने 32 रनों का योगदान दिया। क्रिस जॉर्डन की 19 गेंदों में 36 रनों की पारी भी इंग्लैंड के काम नहीं आई। मेजबान न्यूजीलैंड की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर सेंटनर के तीन विकेटों के अलावा कप्तान टिम साउदी, लोकी फर्ग्यूसन और ईश सोढ़ी ने दो-दो, जबकि डेरिल मिशेल ने एक विकेट हासिल किया।

## जूनियर महिला-पुरुष हॉकी शिविर के लिए 39-33 खिलाड़ी शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- हॉकी इंडिया ने किया ऐलान, चार सप्ताह तक चलेगा शिविर

हाकी इंडिया ने सोमवार से बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) में शुरू हो रहे जूनियर महिला और पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को यहां 39-33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया। यह राष्ट्रीय शिविर चार सप्ताह तक चलेगा। भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने हाल ही में नौवें सुल्तान जोहोर कप में शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने इस प्रतियोगिता में मलेशिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों को हराया था। भारतीय जूनियर टीम को हालांकि फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन की हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### पुरुष संभावित सूची

**गोलकीपर :** पवन, प्रशांत कुमार चौहान, साहिल कुमार नायक। **डिफेंडर :** सुमन बेक, प्रताप लकड़ा, संजय, यशदीप सिवाच, मनदीप मोर, परमप्रीत सिंह, दिनाचंद्र सिंह मोइरंगथेम, नबीन कुजूर, शारदा नंद तिवारी, नीरज कुमार वारिबम। **मिडफील्डर :** सुखमन सिंह, ग्रेगरी जेस, अंकित पाल, आकाशदीप सिंह जूनियर, विष्णुकांत सिंह, गोपी कुमार सोनकर, विशाल अंतिल, सूर्या एनएम, मनिंदर सिंह, रविचंद सिंह मोइरंगथेम। **फारवर्ड :** सुदीप चिरमाको, राहुल कुमार राजभर, उत्तम सिंह, एस कार्ति, दिलप्रीत सिंह, अराईजीत सिंह हुंडल, अमनदीप सिंह, प्रभजोत सिंह, शिवम आनंद और अर्शदीप सिंह ।

### महिला खिलाड़ियों की सूची

**गोलकीपर:** रशनप्रीत कौर, खुशबू और एफ रामेंगमावी। **डिफेंडर:** प्रियंका, सिमरन सिंह, मारिना लालरामगांकी, गगनदीप कौर, इशिका चौधरी, ज्योतिका कल्सी, सुमिता, अक्षता ढेकाले, ऊषा, प्रणीत कौर, महिमा चौधरी और सुमन देवी थौदाम। **मिडफील्डर:** बलजीत कौर, मारियाना कुजुर, करणदीप कौर, प्रभलीन कौर, प्रीति, अजमिना कुजुर, वैष्णवी फाल्के, कविता बाग्डी, बलजिंदर कौर, सुषमा कुमारी, रीत, चेतना और बिचु देवी खारिबाम। **फारवर्ड:** मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग, गुरमेल कौर, दीपिका लालरिंदिकी, जीवन किशोरी टोप्पो, रुतुजा पिसल, संगीता कुमार, योगिता बोरा, अन्नु और शर्मिला देवी।

### डे-नाइट टेस्ट के लिए 3 सेकंड में राजी हो गए थे कोहली: गांगुली

**कोलकाता।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि बांग्लादेश के खिलाफ दिन रात्रि टेस्ट मैच में खेलने के लिए भारतीय कप्तान विराट कोहली ने केवल तीन सेकेंड में अपनी सहमति जता दी थी। गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह के अंदर भारतीय क्रिकेट बोर्ड



के दृष्टिकोण में बदलाव करने में सफल रहे। गांगुली ने मुंबई में 24 अक्टूबर को चयन समिति की बैठक से पहले कोहली से बैठक के संबंध में कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि वे क्या कारण थे जो वे (एडिलेड में) दिन रात्रि टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते थे। मैंने उससे एक घंटे तक बात की और पहला सवाल था कि हमें दिन रात्रि टेस्ट खेलना होगा और तीन सेकेंड में जवाब मिल गया कि आप ऐसा कर सकते हैं।' गांगुली कोलकाता में पांच बार के 'आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर' रहे साइमन टफेल की पुस्तक 'फाइंडिंग द गैप्स' के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे।

## द.अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर तीसरी बार जीता रग्बी विश्व कप का खिताब

एजेंसी ▶▶| योकोहोमा

- फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड 32-12 के बड़े अंतर से दी मात

दक्षिण अफ्रीका की टीम ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को हराकर तीसरी बार रग्बी विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड 32-12 के बड़े अंतर से मात देकर खिताब पर कब्जा किया।

विश्व कप जीतने के मामले में दक्षिण अफ्रीका ने अब न्यूजीलैंड की बराबरी कर ली है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की टीम नस्लभेद के कारण पहले दो विश्व कप में नहीं खेली थी। इस फाइनल को देखने के लिए योकोहोमा इंटरनेशनल स्टेडियम में करीब 71,103 दर्शक मौजूद थे, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति साइरिल रामाफोसा और ब्रिटेन के प्रिंस हैरी भी शामिल थे। मैच में इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और काइल सिन्कलर को चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने पेनाल्टी के जरिए शुरुआती तीन अंक हासिल किए। ओवन फेरल ने 23वें मिनट में स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद, हैंड्रे पोलार्ड ने पेनाल्टी के जरिए दक्षिण अफ्रीका को दोबारा आगे कर दिया। पहले हाफ में पेनाल्टी के जरिए दक्षिण अफ्रीका ने छह और अंक हासिल किए। दूसरे हाफ में भी इंग्लैंड लगातार पिछड़ती चली गई। मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले तक दक्षिण अफ्रीका की टीम 25-12 से आगे हो गई और खिताब सुनिश्चित कर लिया।



### मोदी ने रग्बी विश्व कप विजेता दक्षिण अफ्रीका को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रग्बी विश्व कप का खिताब जीतने पर दक्षिण अफ्रीका की टीम को रविवार को बधाई दी। मोदी दक्षिण अफ्रीका की रग्बी टीम को टैग करते हुए ट्वीट किया, 'रग्बी विश्व कप में तीसरी बार चैंपियन बन कर रिकार्ड की बराबरी करने पर स्प्रींगबोक्स (दक्षिण अफ्रीका रग्बी टीम) को बधाई।'

### अफगानिस्तान बनाम विंडीज श्रृंखला छह नवंबर से

# आंकड़ों और संभावनाओं में भारी हैं अफगान

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

- अफगान टीम 634 वनडे तो कैरेबियाई टीम ने 448 मैचों में लिया है हिस्सा

अपने 'घरेलू' मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली क्रिकेट श्रृंखला खेलने जा रही जज्बे की धनी अफगानिस्तान की टीम अनुभव और उपलब्धियों के मामले में भी अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे है।

आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। नवाबों के शहर लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में अफगान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 मैचों की श्रृंखला के साथ-साथ एक टेस्ट भी खेलेगी। एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मुकाबला आगामी छह नवंबर को खेला जाएगा। अपने जज्बे के लिए पहचानी जाने वाली अफगान टीम विश्व क्रिकेट के लिए भले ही ज्यादा पुरानी न हो लेकिन रिकॉर्ड पर नजर डालें तो वह मौजूदा विंडीज टीम से कई मायनों में बेहतर है। एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए चुनी गए दोनों टीमों की तुलना करें तो अफगान टीम ज्यादा अनुभवी है। उसके खिलाड़ियों ने कुल 634 वनडे मुकाबले खेले हैं। जबकि कैरेबियाई टीम ने 448 मैच में हिस्सा लिया है। विंडीज ने इतने मैच खेलकर 10468 रन बनाए और 250 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, अफगान टीम ने 12409 रन बनाए हैं और 416 विकेट झटके हैं।



### गेंदबाज भी विंडीज पर भारी

आंकड़ों से अफगान टीम की गेंदबाजी की मजबूती का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। उसके पास कप्तान राशिद खान (68 मैचों में 131 विकेट) के रूप में विश्वस्तरीय लेग स्पिनर है। वहीं उनकी मदद के लिए मोहम्मद नबी (121 मैचों में 128 विकेट) और मुजीब उर्रहमान (37 मैचों में 58 विकेट) जैसे बेहतरीन फिरकी गेंदबाज भी मौजूद हैं। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज की टीम में जेसन होल्डर (107 मैचों में 130 विकेट) के अलावा उल्लेखनीय रिकॉर्ड वाला और कोई अनुभवी गेंदबाज नहीं है। होल्डर के बाद कप्तान काइरन पोलार्ड ही ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने 101 वनडे मुकाबलों में 50 विकेट लिए हैं।

## भानवाल कांस्य पदक से चूके, रवि रेपेचेज दौर में

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

तीन बार के विश्व जूनियर चैंपियनशिप पदकधारी साजन भानवाल (ग्रीको रोमन , 77 किग्रा) को यूडब्लूडब्लू अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक मुकाबले में रविवार को हार का सामना करना पड़ा जबकि रवि (97 किग्रा) के पास रेपेचेज दौर में पदक जीतने का मौका होगा।

तुर्की के सेरकान अक्कोयुन कांस्य पदक मुकाबले में भानवाल पर भारी पड़े। उन्होंने इस एकतरफा मुकाबले को 10-1 से अपने नाम किया। रवि को प्री-क्वार्टर फाइनल में जार्जिया के पहलवान ग्रेपियर जियोर्गी मेलिया ने 8-0 से हराया था, लेकिन बाद में वह फाइनल में पहुंच गए जिससे इस भारतीय खिलाड़ी को पदक हासिल करने का एक मौका मिल गया। रवि कांस्य पदक के प्लेआफ में जगह पक्की करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं।



## खबर संक्षेप

### जापानी प्रधानमंत्री के विमान में लगी आग

**तोक्यो।** जापानी सरकार के विमान में रविवार को उस समय मामूली आग लग गई जब उसमें स्वयं प्रधानमंत्री शिंजो आबे सवार थे। हालांकि, तुरंत आग बुझा दी गई और किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक यह घटना उस समय हुई जब आबे तोक्यो से बैंकॉक दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन 'आसियान' के शिखर सम्मेलन में सम्मलित होने के लिए बोइंग 777 -300ईआर विमान में सवार होकर जा रहे थे। असही शिम्बुन अखबार की खबर के मुताबिक विमान के उड़ान भरने के करीब एक घंटे बाद विमान की आतंरिक घोषणा प्रणाली से अवन में आग की मामूली लपटें निकलने की उद्घोषणा की गई। अखबार की ओर से ऑनलाइन प्रकाशित खबर में बताया कि करीब दस मिनट बाद दूसरी घोषणा की गई कि आग बुझा दी गई है।

### मणिपुर सरकार ने दो अलगाववादी नेताओं के खातों पर रोक लगाई

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने सभी बैंकों को दो अलगाववादी नेताओं के खातों पर रोक लगाने का निर्देश दिया है । इन नेताओं ने लंदन में 'मणिपुर की निर्वासित' सरकार का गठन किया है। शुक्रवार को एक निर्देश जारी करते हुए गृह विभाग के विशेष सचिव के एच रघुमणि सिंह ने कहा कि याम्बेन बीरेन और नरेंगबम समरजीत के बैंक खातों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए। सिंह ने बताया कि यह निर्देश इस संदेह में जारी किया गया है कि खातों में रखे इस धन का इस्तेमाल गलत तरीके से गैरकानूनी गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

### फिलीपीन में भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हुई

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन में पिछले हफ्ते आए दो शक्तिशाली भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मिंडानाव द्वीप पर अलग-अलग दिन आए 6.6 और 6.5 तीव्रता के भूकंप से कई इमारतें तबाह हो गईं और हजारों लोग बेघर हो गए। देश की राष्ट्रीय आपदा परिषद ने कहा कि बचावकर्मियों ने कुछ और शव बरामद किए हैं। इनमें से कई शव मलबे में दबे हुए मिले। परिषद ने कहा कि भूकंप के चलते 432 लोग घायल हुए हैं और दो लोग अब भी लापता हैं। बचावकर्मी अभी भी लोगों को मलबे से बाहर निकालने में जुटे हैं।

### आंध्र सरकार 1,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की वाई एस जगन मोहन रेड्डी सरकार ने चालू वित्त वर्ष में नई पहल ' कनेक्ट - टू - आंध्र ' के तहत विभिन्न स्त्रोतों के योगदान से कम से कम 1,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस पूंजी का उपयोग सरकार की प्रमुख योजना ' नवरत्नालु ' कार्यक्रम में होगा।

## ओली सरकार ने की कार्रवाई

# नेपाल सरकार ने सभी प्रदेशों के राज्यपालों को किया बर्खास्त

*नेपाल सरकार ने चौंकाने वाला बड़ा फैसला लिया है। रविवार को नेपाल सरकार ने सभी सातों प्रदेश के राज्यपालों को बर्खास्त कर दिया है। रविवार शाम हुई कैबिनेट की आपातकालीन बैठक में सभी राज्यपालों को बर्खास्त करने का फैसला लिया गया।*

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल की केपी शर्मा ओली सरकार ने चौंकाने वाला बड़ा फैसला लिया है। रविवार को नेपाल सरकार ने सभी सातों प्रदेश के राज्यपालों को बर्खास्त कर दिया है। रविवार शाम हुई कैबिनेट की आपातकालीन बैठक में सभी राज्यपालों को बर्खास्त करने का फैसला लिया गया।

नेपाल कैबिनेट की सिफारिश पर राष्ट्रपति कार्यालय ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए इस फैसले की जानकारी दी। इन सभी राज्यपालों की नियुक्ति पिछली सरकार ने किया था। नई सरकार बनने के बाद से इन राज्यपालों को हटाने की चर्चा चल रही थी, लेकिन सरकार गठन के दो वर्ष बीतने के बाद शनिवार अचानक



- बर्खास्त किए गए सभी राज्यपाल नेपाली कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त हुए थे
- नेपाल में कम्युनिष्ट पार्टी की सरकार है और केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री हैं

सरकार ने यह फैसला कर सबको चौंका दिया। नेपाल में अभी कम्युनिष्ट पार्टी की सरकार है और केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री हैं। केपी ओली सरकार के पास संसद में दो तिहाई बहुमत है। बर्खास्त किए गए सभी राज्यपाल नेपाली कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त हुए थे।

आपको बता दें कि नेपाल के हालिया संसदीय चुनावों में वामपंथी गठबंधन को जीत मिली थी, जिसके बाद सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को दोबारा नेपाल का प्रधानमंत्री बनाया गया था। इससे पहले ओली 11 अक्तूबर 2015 से तीन अगस्त 2016 तक नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। पड़ोसी मुल्क नेपाल का भारत के साथ रोटी-बेटी का रिश्ता माना जाता है।

# भारत-उज्बेकिस्तान करेंगे सुरक्षा संबंधों में सहयोग

## दोनों देशों ने तीन समझौतों पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्रियों के बीच एक बैठक के बाद दोनों देशों ने सुरक्षा संबंधों में सहयोग को लेकर तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उज्बेकिस्तान के ताशकंद में शंघाई सहयोग संगठन(एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में शामिल हुए हैं। सिंह ने शनिवार को उज्बेकिस्तान के रक्षामंत्री मेजर जनरल बखोदिर निजामोविच कुरबानोव के साथ शनिवार को बातचीत की। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि बैठक के बाद दोनों पक्षों ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच मिलिट्री मेडिसिन के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक सहमतिपत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। दोनों पक्ष आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में आदान प्रदान बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ स्तर पर चर्चा जारी रखेंगे। इसमें कहा गया कि सहमतिपत्र अक्टूबर 2018 में दोनों देशों के बीच सैन्य शिक्षा को लेकर हुए सहमतिपत्र से उत्पन्न संवादों का परिणाम है। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच उच्च सैन्य शिक्षा संस्थानों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण को लेकर दो संस्थानों के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर किये गए।

### राजनाथ करेंगे रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित


**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूस के उद्योग एवं व्यापार मंत्री डेनिस मांटुरोव मॉस्को में भारत - रूस रक्षा उद्योग सहयोग सम्मलेन में रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों को मंगलवार को संबोधित करेंगे। उद्योग मंडल फिक्की ने यह जानकारी दी है। फिक्की ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के तहत रूस के मूल उपकरण निर्माताओं के साथ संयुक्त रूप से कलपुर्जे विनिर्माण के तौर तरीकों की संभावनायें तलाशने के लिए 5-6 नवंबर को 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रूस जाएगा।

### दिल्ली और मुंबई में आयोजित होगा पालतू पशुओं का उत्सव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पालतू पशुओं के वार्षिक उत्सव 'पेट फेड' के छठे संस्करण का आयोजन तीन शहरों में होने जा रहा है। सबसे पहले इसका आयोजन दक्षिण राज्य के एक शहर और फिर राष्ट्रीय राजधानी में होगा। पेट फेड इंडिया की ओर से आयोजित उत्सव के छठे संस्करण का आयोजन 16 से 17 नवंबर को कर्नाटक के बेंगलुरु के जयमहल पेलेस ग्राउंड में होगा। इसके बाद 28 और 29 दिसंबर को यह दिल्ली के ओखला के एनएसआईसी मैदान में आयोजित किया जाएगा। फिर इसका आयोजन अगले साल 11 और 12 जनवरी को मुंबई में होगा।

## प्रदर्शन पर रार



इस्लामाबाद : जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी के समर्थकों के मार्च के मद्देनजर इस्लामाबाद में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### नेपालः बस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को एक बस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि घटना उस समय हुई जब काठमांडू जा रही बस नेपाल-तिब्बत सीमा के नजदीक सुकुते इलाके में अरानिको राजमार्ग पर फिसलकर 100 मीटर नीचे सनकोशी नदी में जा गिरी।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने म्यामां से किया रोहिंग्या की 'सुरक्षित' वापसी का आग्रह

**बैंकाक।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने म्यामां से सैन्य अभियानों में निकाले गए रोहिंग्या शरणार्थियों की 'सुरक्षित' वापसी सुनिश्चित करने का रविवार को आग्रह किया। रोहिंग्या समुदाय के खिलाफ चलाए गए अभियान के दो साल से ज्यादा समय बाद वहां की नेता आंग सान सू की के सामने ये अनुरोध किया गया। बैंकाक में दक्षिण पूर्व एशियाई नेताओं के एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि वह रोहिंग्या की दुर्दशा पर बहुत चिंतित हैं। उनके संबोधन के दौरान म्यांमा की नेता सू की, भी वहां मौजूद थीं। वर्ष 2017 में रखाइन प्रांत में हिंसा के कारण सात लाख 40 हजार रोहिंग्या को देश छोड़कर पड़ोस के बांग्लादेश में शरणार्थी कैंपों में पनाह लेनी पड़ी। संयुक्त राष्ट्र के जांच अधिकारियों ने रोहिंग्या के खिलाफ सेना के अभियान को नरसंहार बताया था। म्यामां रोहिंग्या को अपना नागरिक नहीं मानता है। गुतारेस ने कहा कि म्यामां की जिम्मेदारी है कि वह शरणार्थियों की सुरक्षित, गरिमापूर्ण और स्थायी वापसी के लिए अनुकूल माहौल बनाए। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार समूहों, वैश्विक नेताओं के लगातार अनुरोधों के बावजूद रोहिंग्या के प्रति म्यामां का रूख नहीं बदल रहा है।

### रोहिंग्या को सुदूर भेजने को लेकर अनिश्चितता

**ढाका।** बांग्लादेश ने रविवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों की सहमति नहीं मिल पाने के कारण शिविरों से रोहिंग्या लोगों को एक सुदूरवर्ती द्वीप पर बसाने की योजना आगे नहीं बढ़ पा रही। दक्षिण-पूर्वी सीमाई कस्बों में शिविरों की बदहाल स्थिति पर उठ रहे सवालों के बीच बांग्लादेश एक लाख शरणार्थियों को भषान चर द्वीप पर भेजने की अपनी योजना को इस महीने शुरू करने की सोच रहा था। बांग्लादेश ने कहा है कि हजारों रोहिंग्या परिवारों ने खुद ही दूसरी जगह भेजे जाने की इच्छा जतायी है।

### पाकिस्तान ने भारत के नए नक्शे को खारिज किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने भारत द्वारा जारी किए गए नवीनतम राजनीतिक मानचित्रों को रविवार को खारिज करते हुए उन्हें 'गलत तथा कानूनी रूप से अपुष्ट' करार दिया। भारत के नए मानचित्र में पूरे कश्मीर क्षेत्र को अपने हिस्से के रूप में दिखाया गया है।




भारत ने शनिवार को नवगठित केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के के नए नक्शे जारी किए। नए नक्शों में पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर नए बने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का हिस्सा है, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान लद्दाख क्षेत्र में है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि नए मानचित्र कानूनी रूप से अपुष्ट और गलत हैं।

उसने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के भी पूर्ण खिलाफ है। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान इन राजनीतिक मानचित्रों को खारिज करता है, जो संयुक्त राष्ट्र के नक्शों के अनुरूप नहीं है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत का कोई भी कदम जम्मू और कश्मीर की 'विवादित' स्थिति को नहीं बदल सकता है, जिसे 'संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त है।'

# भारत पर जैश एवं लश्कर का खतरा बरकरार : अमेरिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने कहा है कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा एवं जैश-ए-मोहम्मद भारत के लिए खतरा बने हुए हैं। साथ ही पिछले आम चुनाव में लश्कर से जुड़े प्रत्याशियों को लड़ने की इजाजत देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट ' कंट्री रिपोर्ट्स ऑन टेररिज्म-2018' के मुताबिक पाकिस्तानी प्रशासन धनशोधन एवं आतंकवाद निरोध पर वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की कार्य योजना को लागू करने में नाकाम रहा। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों और आतंकवादियों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को भी लागू करने में नाकामयाब रहा जो लगातार आर्थिक संसाधन और कोष एकत्र कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि क्षेत्र आधारित आतंकवादी समूह 2018 में भी खतरा बने रहे। उदाहरण के लिए 2008 के मुंबई हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान से संचालित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद ने अपनी क्षमता तथा भारत और अफगानिस्तान पर हमला करने के अपने इरादे को बरकरार रखा है। फरवरी 2018 में जैश से संबद्ध आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के सुंजवान स्थित भारतीय सेना के ठिकाने पर हमला किया जिसमें सात लोग मारे गए। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान सरकार लश्कर एवं जैश को धन जुटाने, आतंकवादियों की भर्ती करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने से रोकने में नाकाम रही। यहां तक कि जुलाई में हुए आम चुनाव में लश्कर के मुखौटा संगठनों के प्रत्याशियों को चुनाव की इजाजत दी। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान सरकार अफगान सरकार और अफगान तालिबान के बीच राजनीतिक सुलह का समर्थन करती है लेकिन अपनी सरजमीं पर मौजूद पनाहगाहों से अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क को अफगानिस्तान में कार्रवाई से नहीं रोकती जिससे अफगानिस्तान में अमेरिकी और अफगान बलों को खतरा है।




## यात्रा हमेशा देश विदेश के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही

# चारधाम यात्रा में पहुंचे रिकॉर्ड 32 लाख श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड में गढ़वाल के उच्च हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष होने वाली विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के पूर्ण समापन से करीब एक पखवाडे पहले तक ही यहां 32 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का नया रिकॉर्ड बन चुका है। गढ़वाल हिमालय के चार धाम में से तीन धाम-गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद किए जा चुके हैं और बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद होने वाले हैं।

चारधाम यात्रा हमेशा देश विदेश के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के अनुसार, अब तक 34 लाख 10 हजार 380 श्रद्धालु इन चार धाम तथा प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन कर चुके हैं। चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब को प्रदेश का पांचवां धाम कहा जाता है। श्रद्धालुओं की यह संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले 22.6 प्रतिशत ज्यादा है। इस वर्ष चारधाम यात्रा का आरम्भ सात मई को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साथ हुआ था। मई एवं जून में हिमालयी क्षेत्रों में खुशगवार मौसम के चलते श्रद्धालु भारी संख्या में इन धामों के दर्शन के लिए पहुंचे जबकि जुलाई में बरसात के चलते यात्रियों की संख्या में कुछ कमी आई। हालांकि सितंबर से यात्रा ने फिर तेजी पकड़ ली। इस वर्ष चार धाम तथा हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए अब तक कुल 34.10 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि पिछले वर्ष 2018 में 27.81 लाख तीर्थयात्री इन धामों के दर्शन के लिए पहुंचे। हर धाम में इस बार पिछले वर्षों से अधिक यात्री दर्शन के लिए पहुंचे।



सर्वाधिक आश्चर्यजनक आंकडे. केदारनाथ धाम पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों के रहे। पिछले वर्ष यहां आये 7.32 लाख श्रद्धालुओं के मुकाबले इस वर्ष लगभग 10 लाख यात्रियों ने बाबा केदार के दर पर दस्तक दी, जो एक कीर्तिमान है। वर्ष 2013 में आई भयावह आपदा के बाद इतनी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का केदारनाथ पहुंचना राज्य सरकार के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। केदारनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए 18 किलोमीटर के पैदल रास्ते को देखते हुए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने हेलीकाप्टरों का सहारा लिया।

राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड आगमन पर खुशी जाहिर की तथा केदारनाथ पुनः निर्माण के लिए युद्ध स्तर पर किए गए अवस्थापना कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार प्रकट किया।

ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री स्वयं समय-समय पर केदारनाथ पहुंचकर वहां चल रहे पुनः निर्माण कार्यों का जायजा लेते रहे हैं। इस वर्ष भी लोकसभा चुनावों के समाप्त होने और उनका परिणाम आने से पहले वह केदारनाथ आये थे तथा उन्होंने वहां रूद्र गुफा में ध्यान साधना की थी जिसके बाद यह गुफा श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केन्द्र बन गई।

राज्य के पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की निरंतर बढ़ती संख्या स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109